CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 1 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करणः वर्ष 23 अंक 107 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :24°C
न्यूनतमः 10°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में आज से शुरू होगी बिजली बिल राहत योजना, ब्याज माफी में मिलेगी छूट पेज 2



आफरीदी को पीछे छोड़ वनडे के नए सिक्सर किंग बने रोहित शर्मा खेल टाइम्स



सुरक्षा, जागरूकता और संवदेनशीलता ही है एड्स से बचाव की कुंजी सम्पादकीय



नेतन्याहू ने की राष्ट्रपति से माफी की अपील, भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### चक्रवात दितवाः कोलंबो से 177 तमिल सुरक्षित वापस लाए गए

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को चक्रवात 'दितवा' से प्रभावित पड़ोसी देश श्रीलंका को हर संभव सहायता देने का वादा किया। इसके कारण उड़ानें रद्द होने के कारण कोलंबो हवाई अड्डे पर फंसे 177 तमिलों को पहले चरण में सुरक्षित रूप से राज्य वापस लाया जा चुका है। यहां जारी एक बयान में श्री स्टालिन ने कहा कि इन 177 तमिलों में 133 पुरुष, 60 महिलाएं और चार बच्चे शामिल थे। अनिवासी तमिल कल्याण और पुनर्वास विभाग के अधिकारियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए, कोलंबो में भारतीय दूतावास से संपर्क स्थापित किया और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये सभी रविवार सुबह 11:05 बजे चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। इस बीच मुख्यमंत्री ने पड़ोसी श्रीलंका में चक्रवात के कारण हुई व्यापक तबाही पर दुख व्यक्त करते हुए तमिलनाडु सरकार की ओर से हर संभव मदद का वादा किया।

### ट्रक की टक्कर से टेम्पो सवार छह लोगों की मौत

**मुरादाबाद -ब्यूरो।** उप्र के मुरादाबाद जिले के कटघर क्षेत्र में ट्रक की रोडवेज बस की चपेट में आने से टेम्पो चालक समेत एक परिवार के छह लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि कटघर थाना क्षेत्र स्थित ज़ीरो प्वाइंट पर अनियंत्रित रोड़वेज बस ने सवारियों से भरे टेम्पो में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि टेम्पो के परखच्चे उड़ गए तथा सवारियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में टेम्पो चालक माटी उर्फ़ संजू पुत्र मुन्ना सिंह (30), सुमन (30), सीमा (35), आरती (20), अमन (15) तथा अनन्या (12) समेत एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई जबकि करनसिंह, रानी, झलक, अंशू तथा अनुष्का समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत नाज़ुक होने से सभी को गहन चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। हादसे की चपेट में आए चालक समेत उक्त सभी लोग कुंदरकी थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर निवासी बताए गए हैं।

### दो बसों की आमने-सामने से टक्कर, 11 की मौत

**शिवगंगा।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले के तिरुपत्तूर के पास दो बसों के रविवार दोपहर आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में 8 महिलाएं, 2 बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। 20 से ज्यादा घायल हैं। शिवगंगा एसपी शिवा प्रसाद के मुताबिक घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। घटना के जो फोटो-वीडियो सामने आए हैं, उनमें नजर आ रहा है कि स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बसें ड्राइवर साइड टकराईं। टक्कर के कारण बसों का मलबा सड़क पर फैल गया। लोगों की लाशें सीटों में फंसी हुई थीं। लोगों ने शवों को बाहर निकालने की कोशिश की। वहीं, स्थानीय लोगों ने बस के कांच तोड़कर घायल यात्रियों को बाहर निकाला।

# सर्वदलीय बैठक में गूंजा एसआईआर का मुद्दा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें विपक्षी दलों ने एसआईआर, देश की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, प्रदूषण से सुरक्षा जैसे कई मुद्दे उठाए और कहा कि इन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

सर्वदलीय बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक गौरव गोगोई ने कहा कि यह पहला मौका है जब संसद सत्र केवल 19 दिनों का है और इसमें सिर्फ 15 दिन ही चर्चा होनी है। उनका कहना था कि बैठक में उनकी पार्टी ने दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया और कहा कि इस पर चर्चा होनी चाहिए। इसके साथ ही दिल्ली में वायु प्रदूषण के संकट को भी रखा, लोकतंत्र की सुरक्षा का मामला उठाया और कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण- एसआईआर का गंभीर मामला है और इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का व्यवहार संसद चलने को लेकर उत्साहजनक नहीं है। इतना छोटा सत्र बुलाकर सरकार खुद ही सन्देश दे रही है कि वह संसद चलने को लेकर बहुत गंभीर नहीं है। डीएमके के तिरुचि शिवा ने कहा कि एसआईआर और देश की सुरक्षा इस समय महत्वपूर्ण मुद्दा है। मनरेगा को लगातार कमजोर किया जा रहा है और सरकार हर काम में मनमानी कर रही है। संसद का अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र बुलाया जा रहा है। इसमें बड़ी बात यह है कि 15 दिन का सत्र है और इसमें 14 विधेयक पारित होने हैं। तमिलनाडु की सरकार अनदेखी कर रही है।



■ विपक्ष ने कहाः SIR, देश की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, प्रदूषण जैसे कई मुद्दों पर संसद में चर्चा हो

### सर्वदलीय बैठक महज औपचारिकताः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार द्वारा रविवार को बुलाई सर्वदलीय बैठक को महज एक औपचारिकता करार दिया और कहा कि सरकार को मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं। बैठक में शामिल होने के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के एजेंडे पर चर्चा के लिए मोदी सरकार की रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक महज एक औपचारिकता है। यह सत्र 15 दिनों का है और यह संसदीय इतिहास का सबसे छोटा सत्र होगा। मोदी सरकार ने पारित होने के लिए 13 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं।

### अत्यंत उपयोगी रही सर्वदलीय बैठक : रिजिजू

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि बुलाई गई सर्व दलीय बैठक सौहार्दपूर्ण रही है और भरोसा है कि शीतकालीन सत्र के सुचारू संचालन में सरकार को सभी दलों का सहयोग मिलेगा संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सभी दलों के सदन के नेताओं के साथ हुई बैठक बहुत अच्छी, अत्यंत उपयोगी और सौहार्दपूर्ण रही।

### संसद में सरकार को घेरने की रणनीति पर कांग्रेस की बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की अध्यक्षता में पार्टी की संसदीय रणनीतिक समूह की बैठक हुई जिसमें एसआईआर, दिल्ली विस्फोट, दिल्ली में वायु प्रदूषण जैसे कई मुद्दों पर पूरे विपक्ष के साथ लेकर सरकार को घेरने की रणनीति पर विचार किया गया। श्रीमती गांधी के आवास पर हुई इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पी. चिदंबरम, गौरव गोगोई, के सुरेश, मनीष तिवारी, मणिकम टैगोर, प्रमोद तिवारी सहित कई प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

# SIR की डेडलाइन सात दिन बढ़ी

## 12 राज्यों में वोटर वेरिफिकेशन 11 दिसम्बर तक चलेगा, फाइनल लिस्ट 14 फरवरी को होगी जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ा दी है। अब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया 11 दिसम्बर तक चलेगी। पुनरीक्षण की समयसीमा बढ़ाने का ऐलान करते हुए आयोग ने जो नोटिस जारी किया है, इसके मुताबिक पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 16 दिसम्बर को होगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदाताओं के नाम दर्ज करने के लिए फॉर्म भरे जाने यानी इन्युमरेशन की अवधि 11 दिसम्बर तक बढ़ाई गई है।

आयोग ने मतदान केंद्र यानी पोलिंग बूथों के आवंटन की प्रक्रिया भी 11 दिसम्बर तक पूरे कर लिए जाने की बात कही है। 30 नवम्बर को जारी शेड्यूल के मुताबिक आयोग ने 12 से 15 दिसम्बर के बीच कंट्रोल टेबल तैयार किए जाने की बात कही है। इसी अवधि में सभी 12 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं की मसौदा सूची यानी ड्राफ्ट रोल भी तैयार कर लिए जाएंगे। मतदाता अपनी आपत्तियां 16 दिसम्बर से 15 जनवरी के बीच दर्ज करा सकेंगे। चुनाव आयोग ने कहा है कि 16 दिसम्बर से सात फरवरी के बीच सभी राज्यों के इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) मतदाताओं की आपत्तियों पर सुनवाई करेंगे। इसी अवधि में चुनाव आयोग नोटिस जारी कर मतदाताओं से जवाब भी तलब करेगा। 10 फरवरी को सभी पैमानों पर मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल को परखा -शेष पृष्ठ दो पर



### मुरादाबाद में बीएलओ ने फांसी लगाई

**मुरादाबाद-ब्यूरो।** एसआईआर ड्यूटी में लगे (शिक्षक) बीएलओ ने सुसाइड नोट लिख कर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव बहेड़ी ब्राह्मन निवासी सर्वेश कुमार (40) मुरादाबाद जिले के गांव जाहिदपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। एसआईआर के काम के लिए उन्हें बूथ नंबर 406 का बीएलओ बनाया गया था। परिजनों द्वारा पुलिस को पूछताछ में बताया गया है कि शनिवार की रात वह अपने कमरे में जाकर सो गए। रविवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे शिक्षक का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला है। सूचना मिलने पर थाना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे लेकर मौका मुआयना करने के दौरान वहां एक सुसाइड नोट मिला। मृतक के भाई प्रमोद की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

■ 15 जनवरी तक आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे मतदाता, मतदाता सूची की जांच 10 फरवरी को होगी

### बीएसओ को मिलेगी डबल सैलरीः चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बूथ लेवल ऑफिसर्स की सैलरी 6000 से बढ़ाकर 12000 रुपये सालाना कर दी है। इसके अलावा वोटर रोल तैयार करने और उनमें बदलाव करने वाले बीएसओ सुपरवाइजर की सैलरी भी 12000 से बढ़ाकर 18000 रुपये कर दी गई है। जिस सरकारी कर्मचारी को बीएसओ का काम दिया गया है उसे यह पैसा उसकी सैलरी के अलावा अलग से दिया जाता है। आयोग ने कहा कि पिछला ऐसा बदलाव 2015 में किया गया था। पहली बार इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (ईआरओ) और असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (एईआरओ) को भी मानदेय दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया में कुल 5.32 लाख बीएसओ काम कर रहे हैं। हर एक बीएसओ के पास करीब 956 वोटर्स के लिस्ट रिवीजन का काम है। चुनाव आयोग ने लिखा है कि प्योर इलेक्टोरल रोल डेमोक्रेसी की नींव हैं।

# नेशनल हेराल्ड केसः सोनिया गांधी व राहुल पर नई FIR

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नया आपराधिक मुकदमा दर्ज किया है। तीन अक्टूबर को दर्ज की गई एक एफआईआर में छह अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं।

उन पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) पर धोखाधड़ी से कब्जा करने की आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया है। मुकदमे के विवरण के अनुसार गांधी परिवार ने अपनी 76 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली कंपनी यंग इंडियन के जरिए एजेएल का अधिग्रहण कराया। एजेएल कांग्रेस से जुड़ी कंपनी है और इसकी अनुमानित संपत्ति 2,000 करोड़ रुपये है। पुलिस की यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच इकाई की शिकायत पर हुई है। ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में काफी समय से जारी धन शोधन जांच के निष्कर्ष दिल्ली पुलिस को सौंपे थे। ईडी ने पीएमएलए की धारा 66(2) का इस्तेमाल किया, जिसके तहत वह किसी अन्य एजेंसी को अनुसूचित अपराध की जांच करने का निर्देश दे सकता है। यही अपराध बाद में ईडी के धन शोधन मामले का आधार बन सकता है। एफआईआर में गांधी परिवार के अलावा सैम पित्रोदा, तीन कंपनियां-एजेएल, यंग इंडियन और कोलकाता की डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड का नाम शामिल हैं।



■ पुलिस ने ईडी की शिकायत पर दर्ज की, एजीएल कंपनी को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप

### सोनिया व राहुल गांधी के खिलाफ नई प्राथमिकी पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की ओर से दर्ज नई प्राथमिकी को लेकर कांग्रेस ने कहा है कि मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न और बदले की राजनीति जारी रखे हुए है तथा नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह फर्जी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न, धमकी और बदले की अपनी शरारती राजनीति जारी रखे हुए हैं।

# चांद से नमूने लाएगा इसरो का चंद्रयान-4: डा. नारायणन

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2028 तक भारी लैंडर और रोवर के साथ चंद्रयान-4 लूनर मिशन लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जो प्रयोग के लिए चांद से नमूने लेकर धरती पर वापस आएगा।

इसरो चेयरमैन डा. वी. नारायणन ने शनिवार शाम यहां एक निजी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में कहा कि इस मिशन में उनके खास पेलोड, लैंडर और रोवर का वज़न अधिक होगा। ये चांद की सतह से नमूने लेंगे। यह क्षमता अभी सिर्फ़ अमेरिका, रूस और चीन ने दिखाई है। डा. नारायणन ने बताया कि जहां चंद्रयान-3 के लैंडर का वज़न सिर्फ 1600 किलो था, वहीं चंद्रयान-4 के लैंडर का वज़न 6,800 किलोग्राम होगा।

■ इसरो चंद्रयान-4 लूनर मिशन लॉन्च करने की बना रहा योजना



रांचीः विराट कोहली के शतक लगाने के बाद उनका फेन मैदान पर पहुंच गया।

# ए320 परिवार के विमानों पर अनिवार्य सॉफ्वेयर अपडेट




**नई दिल्ली।** ए320 परिवार के विमानों पर फ्लाइट कंट्रोल की समस्या से संबंधित सॉफ्टवेयर अपडेट का काम सभी एयरलाइंस ने पूरा कर लिया है।

जेटब्लू की उड़ान 1230 में 30 अक्टूबर को हुई घटना के बाद एयरबस ने दुनिया भर में ए320 परिवार (ए319, ए320 और ए321) के कई संस्करणों के लिए अनिवार्य अपडेट संबंधी मशविरा जारी किया है। यह समस्या विमान के फ्लाइट कंट्रोल से संबंधित है। इसके बाद पहले यूरोपीय संघ की विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) और फिर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइंस के लिए निर्देश जारी किए थे। भारत में तीन विमान सेवा कंपनियों इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास ए320 परिवार के विमान हैं। इनमें जिन 338 विमानों पर अपडेट की जरूरत थी। उनमें 200 विमान इंडिगो के पास, 113 एयर इंडिया के पास और 25 एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास हैं। डीजीसीए के अपडेट में बताया गया है कि इंडिगो ने सभी 200 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया है। एयर इंडिया ने 100 विमानों पर अपडेट पूरा कर लिया है, जबकि उसके चार विमान बेस मेंटेनेंस के लिए गए हुए हैं और नौ अन्य पर यह अपडेट लागू नहीं होता है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 25 में से 23 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया है, जबकि दो अन्य मरम्मत के लिए गए हुए हैं।

■ सभी 200 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया गयाः डीजीसीए

# नवम्बर भारतीय खेलों के लिए रहा शानदार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 128वें एपिसोड में रविवार को भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि भारतीय खेलों के लिए यह महीना शानदार रहा।

शुरुआत महिला टीम की आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीत से हुई। भारत को कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी का भी ऐलान हुआ। टोक्यो में हुए डेफ ओलंपिक्स में भारत ने रिकॉर्ड 20 मेडल जीते। महिला कबड्डी टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा और बॉक्सिंग कप में भी भारत ने 20 मेडल हासिल किए। पीएम मोदी ने बताया कि 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर सेंट्रल हाल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई। 25 नवम्बर को अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण हुआ द्य इसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण हुआ। पीएम ने कहा कि वे हमेशा वोकल फार लोकल की बात करते हैं। जी-20 में भी उन्होंने यही भावना रखकर विदेशी नेताओं को भारतीय शिल्प के उपहार दिए। दक्षिण अफीका को नटराज प्रतिमा, कनाडा को चांदी का अश्व, जापान को चांदी के बुद्ध, इटली को सिल्वर मिरर और आस्ट्रेलिया को ब्रास उरली। उन्होंने कहा कि देश अब स्वदेशी उत्पादों को अपना रहा है, दुकानदारों और युवाओं ने भी इसे अपनाया है। उन्होंने त्योहार और नए साल की खरीदारी में भी वोकल फार लोकल अपनाने की अपील की। पीएम ने कहा कि भारत की सुरक्षा मजबूत होने पर हर नागरिक गर्व महसूस करता है। हाल ही में ष्छै माहे को नौसेना में शामिल किया गया। इसका स्वदेशी डिज़ाइन चर्चा में रहा और पुड्डुचेरी- मालाबार के लोग इसके नाम से खुश हुए।



■ मन की बात में पीएम ने महिला-ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को वर्ल्ड कप जीतने की बधाई दी

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा केंद्रों की सूची संशोधन चार दिसम्बर तक: भगवती सिंह

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने कहा है कि वर्ष 2026 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के लिए चयनित परीक्षा केंद्रों की सूची परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। यह सूची एक नवम्बर 2025 तक जिलों से प्राप्त तहसील स्तर की समितियों द्वारा प्रमाणित/अपडेट की गई विद्यालयों की सूचनाओं के आधार पर तैयार की गई है। रविवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी आदेश के अनुसार, यदि किसी विद्यालय, प्रधानाचार्य, प्रबंधक, छात्र या अभिभावक को प्रस्तावित परीक्षा केंद्र को लेकर कोई आपत्ति या शिकायत है, तो वे इसे उचित कारण एवं प्रमाण सहित चार दिसम्बर तक ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त आपत्तियों की समीक्षा जिला विद्यालय निरीक्षक करेंगे और आवश्यकतानुसार उन्हें केंद्रीकृत केंद्र निर्धारण समिति को भेजेंगे।

### यूपीएफसी की ईपीएफओ परीक्षा संपन्न

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ईपीएफओ भर्ती परीक्षा 30 नवम्बर को प्रयागराज के 58 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हो गई। एनफोर्समेंट ऑफिसर (ईओ), एकाउंट ऑफिसर्स (एओ) और असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर (एपीएफसी) पदों के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई। प्रयागराज में कुल 22831 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा ने बताया, 24 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 58 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी।

## उप्र में आज से शुरू होगी 'बिजली बिल राहत योजना

# विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगी ब्याज माफी व छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पहली बार 100 प्रतिशत सरचार्ज/ब्याज माफी के साथ मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 1 दिसम्बर से 'बिजली बिल राहत योजना' लागू होने जा रही है। यह योजना घरेलू (अधिकतम 2 किलोवाट) और वाणिज्यिक (अधिकतम 1 किलोवाट) उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

योजना में पहली बार उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सरचार्ज/ब्याज माफी के साथ मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। योजना के तहत बकाया बिजली बिल आसान किस्तों में जमा करने की सुविधा होगी। बिजली चोरी से संबंधित प्रकरणों में भी मुकदमों और एफआईआर के निस्तारण का मार्ग खुल जाएगा। उपभोक्ता जितनी जल्दी पंजीकरण और भुगतान करेंगे, उन्हें उतना अधिक लाभ मिलेगा। बढ़े हुए बिलों को सिस्टम द्वारा औसत खपत के अनुसार स्वत: कम करने की सुविधा भी दी जाएगी। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक उपभोक्ता से व्यक्तिगत रूप से संपर्क सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि यह योजना नेवर पेड, लॉन्ग अनपेड और बिजली चोरी मामलों के समाधान के लिए अत्यंत लाभकारी है। पहली बार सरचार्ज पूरी तरह माफ है और मूलधन में भी बड़ा लाभ मिल रहा है। इसलिए हर उपभोक्ता को योजना के लिए प्रेरित किया जाए। डा. गोयल ने निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं को फोन कॉल, व्यक्तिगत मुलाकात और मुनादी के माध्यम से बताया जाए। हर पात्र उपभोक्ता तक नोटिस, योजना-पम्पलेट और बकाया विवरण के तीन दस्तावेज पहुंचाए जाएं। माइक्रो प्लान बनाकर कर्मचारी एवं फिनटेक एजेंसियों को घर-घर संपर्क हेतु लगाया जाए। वही जिन क्षेत्रों या गांवों में बकाएदारों की संख्या अधिक है, वहां विशेष कैंप लगाया जाए और पूरे गांव को कवर किया जाए। बिजली चोरी मामलों में लोगों को बताया जाए कि यह योजना मुकदमे व एफआईआर समाप्त करने में मददगार है। योजना में शामिल होने के लिए उपभोक्ता ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं या सम्बंधित खंड/उपखंड कार्यालय में जाकर भी आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण 2000 रुपये जमा करना होगा।योजना के अंतर्गत बिजली विवादों और विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का भी पंजीकरण कराकर समाधान कराया जा सकेगा। साथ ही कार्मिकों और कलेक्शन एजेंसियों के लिए प्रोत्साहन योजना भी लागू की गई है।

### सरकार ने 154 शिक्षकों को दिया पुरानी पेंशन योजना का लाभ

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उच्च शिक्षा विभाग के 154 शिक्षकों एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने पर सहमति प्रदान की है। इन कार्मिकों में प्रवक्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर तथा कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हैं। सरकार ने यह निर्णय राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से ओपीएस में सम्मिलित किए जाने संबंधी प्रस्तावों के गहन परीक्षण के बाद लिया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार शिक्षकों के हितों, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। शिक्षक समाज की बौद्धिक नींव हैं, और उनके भविष्य को सुरक्षित करना सरकार का दायित्व है, जिसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाया जा रहा है। इस संबंध में विशेष सचिव, उच्च शिक्षा गिरिजेश त्यागी द्वारा जारी आदेश में निद. शक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को निर्देश दिया गया है कि आदेश निर्गत करने से पहले सभी 154 प्रकरणों के अभिलेखों की सत्यता और प्रमाणिकता का पुनर्परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए।

# एसआईआर लोगों के लिए बनी मुसीबत का सबब: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: उप्र जैसे बड़े राज्य में एक महीने के अंदर लगभग 16 करोड़ मतदाताओं की गणना और सत्यापन संभव नहीं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि एसआईआर लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश में एक महीने के अंदर लगभग 16 करोड़ मतदाताओं की गणना और सत्यापन संभव नहीं है।

बीएलओ पर काम का अतिरिक्त दबाव है, जिसका असर उनकी शारीरिक-मान. सिक स्थिति पर पड़ता दिखाई दे रहा है। यादव ने कहा कि ऐसे में निर्वाचन आयोग ने चार दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक एसआईआर का समय बढ़ाकर कोई अपेक्षित काम नहीं किया है। समाजवादी पार्टी ने एसआईआर की समयावधि तीन महीने बढ़ाने की मांग की थी। इस व्यवहारिक और उचित मांग पर निर्वाचन आयोग ने कोई ध्यान नहीं दिया। लगता है निर्वाचन आयोग संवेदनाशून्य हो गया है। निर्वाचन आयोग को मतदाताओं की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि इन स्थितियों में यह आशंका होती है कि निर्वाचन आयोग को अपनी साख, चुनाव की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता की परवाह नहीं रह गई है। वह भाजपा सरकार के इशारे पर काम करने वाली सस्था बन गई है। बिहार में एसआईआर के दौर में लाखों लोग मताधिकार से वंचित रह गए। शक यही होता है कि कहीं उत्तर प्रदेश में भी होने वलो चुनावों के मद्देनजर विपक्षियों के वोट काटने की साजिश तो नहीं हो रही है। लो. कतांत्रिक प्रक्रिया के साथ यह खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता है। एसआईआर में कम समय में ज्यादा काम का बोझ और ऊपर से नौकरी की धमकियों से बीएलओ की एक बड़ी जमात बहुत परेशान, हताश है और कुछ तो अवसाद में आत्महत्या तक कर चुके है। अभी तक उत्तर प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा बीएलओ की मौत हो चुकी है।

# धर्मांतरण, लव जिहाद और नशा कर रहा समाज को कमजोर, सजग रहने की जरूरत: योगी

लखनऊ/झज्जर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत जब-जब स्वर्णयुग की ओर बढ़ा है, तब-तब विदेशियों ने विभिन्न माध्यमों से प्रहार करने की को. शिश की है। आज भी धर्मांतरण, लव जिहाद और नशे के जरिए समाज को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं, जिनसे सजग रहने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरियाणा के झज्जर जनपद के कबलाना गांव स्थित बाबा पालनाथ आश्रम में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और आठ मान के भव्य भंडारे में शामिल होकर समाज और संत समुदाय को सतर्क रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत, विश्व मानवता और चराचर जगत की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा अनिवार्य है। जब हम बंटे, तब-तब हमें नुकसान हुआ।

इसलिए न जाति के नाम पर बंटना है, न क्षेत्र और न ही भाषा के आधार पर। उन्होंने अयोध्या में रामजन्मभूमि मंदिर परिसर में फहराए गए भगवा धर्मध्वज का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे वहां सनातन की विजई ध्वजा लहरा रही है, वैसे ही हर सनातनी के घर पर धर्मध्वजा दिखनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हरियाणा भी डबल इंजन सरकार की बदौलत विकास के नए प्रतिमान गढ़ रहा है।

### घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान:सीएम



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि घबराइए मत हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। मुख्यमंत्री रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए।

### कफ सिरप तस्करी का मास्टरमाइंड जायसवाल गिरफ्तार

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले की पुलिस ने कोलक. ाता से कफ सिरप तस्करी के मास्टरमाइंड भोला प्रसाद जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया, जब वह विदेश भागने की तैयारी में था। गिरफ्तारी के उपरांत पुलिस ने कोलकाता में ट्रांजिट रिमांड के लिए स्थानीय न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके क्रम में अभियुक्त को ट्रांजिट रिमांड पर सोनभद्र लाया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने रविवार को बताया कि 18 अक्टूबर को सोनभद्र में चेकिंग के दौरान दो कंटेनरों से कुल 1,19,675 कफ सीरप की शीशियां बरामद की गई थीं। इसके अतिरिक्त, आरोपी बृज मोहन व शिवहरि की सूचना के आधार पर सोनभद्र पुलिस ने गाजयिाबाद में संयुक्त कार्यवाही कर चार ट्रकों से भारी मात्रा में कफ सीरप तथा 20 लाख रुपये फंडिग की नकदी बरामद की थी। जांच से स्पष्ट हुआ कि भोला प्रसाद जायसवाल द्वारा मेसर्स शैली ट्रेडर्स, रांची झारखंड के माध्यम से बड़े पैमाने पर कफ सीरप की नकली बिलिग कर विभिन्न जनपदों में अवैध वितरण किया जा रहा था।

### लखनऊ के 'हरित-हृदय' को नष्ट करने पर तुली भाजपा सरकार

**लखनऊ।** लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में बड़े पैमाने पर इवेंट आयोजित करने और उसके लिए पार्किंग जैसी व्यवस्था करने की चर्चाओं के बीच राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस बीच ससपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ की जनता से आगे आने की अपील की है। उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार 'पैसे के लालच में' लखनऊ के 'हरित-हृदय' को नष्ट करने पर तुली हुई है। यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र पार्क केवल एक मनोरंजन स्थल नहीं, बल्कि लखनऊ की स्वच्छ हवा, हरियाली और पर्यावरण संतुलन का प्रमुख आधार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी इवेंटबाजी के लिए पार्कों को विशाल मंच और पार्किंग स्थल में बदलना चाहती है, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसी एक व्यक्ति या दल द्वारा विरोध करने पर सरकार उसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश करेगी, इसलिए यह आंदोलन नागरिकों द्वारा मिलकर चलाया जाना चाहिए।



सेंसेक्स 85720.38
निफ्टी 26215.55



सोना रु. 127800
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 160800
प्रति किलो



# शेयर बाजारों पर दिखेगा घरेलू कारकों का असर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में घरेलू कारकों का असर हावी रहेगा। सप्ताह की शुरुआत बढ़त के साथ हो सकती है और बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 86 हजार अंक के पार बंद हो सकता है।

पिछले सप्ताह बीच कारोबार में इसने 86 हजार अंक का आंकड़ा छुआ था, लेकिन वहां टिक नहीं सका था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े शुक्रवार को जारी किए गए जिसमें वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत दर्ज की गई। पहली तिमाही में जीडीपी 7.8 प्रतिशत बढ़ा था। इसका असर सोमवार को बाजार खुलने पर दिखेगा। इसके अलावा अगले सप्ताह अक्टूबर के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, विनिर्माण क्षेत्र के लिए नवम्बर के पीएमआई और नवम्बर के वाहनों की बिक्री के आंकड़े जारी होने वाले हैं। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक समीक्षा बैठक भी 03.05 दिसम्बर तक होने वाली है। इन सभी कारकों पर निवेशकों की नजर बनी हुई है। बीते सप्ताह 30 शेयरों वाला संवेदी सेंसेक्स 474.75 अंक (0.56 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को 85,706.67 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान पहली बार यह 86 हजार अंक के पार पहुंचने में कामयाब रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 26,300 अंक के पार गया था। शुक्रवार को यह 26,202.95 अंक पर बंद हुआ, जो 134.80 अंक यानी 0. 52 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त दिखाता है। सप्ताह के दौरान मझौली कंपनियों में जहां लिवाली का जोर रहा, वहीं छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक 1.27 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.10 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर हरे निशान में रहे, जबकि अन्य 30 लाल निशान में बंद हुए। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 3.83 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.25 प्रतिशत, सनफार्मा का 2. 89, अडानी पोर्ट्स का 2. 51, बजाज फिनसर्व का 1.96 और कोटक महिंद्रा बैंक का 1.80 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर सप्ताह के दौरान 1.38 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.35, हिदुस्तान यूनीलिवर का 1.34, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.21 और एलएंडटी का 1.12 प्रतिशत मजबूत हुआ। इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयरों में भी तेजी रही। भारती एयरटेल में 2.86 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही।

### रेपो दर में कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगले सप्ताह होने वाली बैठक में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। रेपो दर वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालिक ऋण देता है। एमपीसी की बैठक 03 से 05 दिसम्बर को होने वाली है। इससे पहले अक्टूबर को हुई बैठक में रेपो तथा अन्य नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछली बार आरबीआई गवर्नर ने कहा था कि मुद्रास्फीति की कम दरों को देखते हुए रेपो दरों में कटौती की गुंजाइश है, लेकिन केंद्रीय बैंक और आंकड़ों का इंतजार करेगा। वह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में की गई कटौती तथा अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर उच्च आयात के प्रभाव को देखना चाहेगा। इन दोनों ही मोर्चों पर आंकड़े काफी अच्छे आए हैं। अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है जिसने विशेषज्ञों को भी चौंका दिया है।

# चावल, चीनी मजबूत, गेहूं नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चीनी में भी तेजी रही, जबकि गेहूं की कीमतों में गिरावट देखी गई। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़ी और सप्ताहांत पर यह 3,822.15 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। गेहूं 10 रुपये टूटकर 2,838.46 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत 3,302.14 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। बीते सप्ताह सरसों तेल 59 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल में 46 रुपये और सोया तेल में 36 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। वनस्पति नौ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल की कीमत 22 रुपये और सूरजमुखी तेल की पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मूंग दाल की कीमत 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 27 रुपये और उड़द दाल 21 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल और मसूर दाल की कीमतें पांच-पांच रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गईं। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 20 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7831.94 रुपये, मसूर काली 8108.01 रुपये, मूंग दाल 10103.30 रुपये, उड़द दाल 10359.29 रुपये, तुअर दाल 10539.50 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2838.46 रुपये और चावल 3822.15 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3302.14 प्रति क्विंटल।

## प्रयागराज में माघ मेले की तैयारियां चरम पर

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला 2026 की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी विभागों ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। मेला क्षेत्र में प्रतिदिन डॉग स्क्वॉड और बम डिस्पोजल दस्ते संयुक्त रूप से चेकिग अभियान चला रहे हैं, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। सुरक्षा एजेंसियां लगातार पीपा पुल, महत्वपूर्ण मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गहन तलाशी अभियान चला रही हैं। जैसे-जैसे माघ मेले की तिथि नजदीक आ रही है, प्रशासन सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रही हैं। तीन जनवरी 2026 से शुरू होने वाले माघ मेले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही अधिकारियों को सख्त निर्देश दे चुके हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**SIR** की... जाएगा। इसके बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची के प्रकाशन की अनुमति दी जाएगी। 12 राज्यों में जारी एसआईआर के बीच चुनाव आयोग ने कोलकाता के रेड-लाइट इलाकों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान समस्याओं का भी संज्ञान लिया है। चुनाव आयोग 2 और 3 दिसम्बर को विशेष शिविर आयोजित करने का फैसला लिया है। निर्णय तीन संगठनों- सोसाइटी ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट एंड सोशल एक्शन, उषा मल्टीपर्पज को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और अमरा पदातिक की तरफ से उठाई गई चिंताओं के बाद लिया गया है। संगठनों ने बताया कि यौन कर्मियों को फार्म भरने में कठिनाई हो रही है। एसआईआर से जुड़ी चिंताओं के बीच राज्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने आश्वासन दिया है कि सोनागाछी सहित अन्य क्षेत्रों में विशेष सुनवाई का इंतजाम किया जाएगा। पात्र मतदाताओं की हरसंभव सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा है कि वे खुद भी एक शिविर में शामिल हो सकते हैं। सीईओ मनोज अग्रवाल ने चुनाव आयोग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे रेड लाइट इलाकों में जाकर समस्याओं का समाधान करें। निर्वाचन आयोग की तरफ से हर दिन शाम में बुलेटिन जारी कर एसआईआर के आंकड़े साझा किए जाते हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की डेडलाइन बढ़ाने से पहले जो अंतिम आंकड़े जारी किए गए, उसके मुताबिक 29 नवम्बर की शाम तीन बजे तक 12 राज्यों में 99.53 फीसदी इन्यूमरेशन फार्म बांटे जा चुके हैं। इनमें से 78.97 फीसदी फार्म्स को डिजिटाइज किया जा चुका है। इन आंकड़ों में राजस्थान की अंता विधानसभा सीट के आंकड़े शामिल नहीं हैं। इस विधानसभा सीट पर उपचुनाव के कारण एसआईआर टाल दिया गया था। यहां मतदाताओं की गिनती का फेज 8 दिसम्बर से शुरू होगा। 50 करोड़ से अधिक मतदाताओं से जुड़ी इस प्रक्रिया को पूरा करने में 12 राज्यों में बूथ स्तर के 5.32 लाख से अधिक कर्मचारी लगाए गए हैं। पांच लाख से अधिक बीएलओ के अलावा राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी इस प्रक्रिया से जुड़े हैं। 12.43 लाख से अधिक बीएलए 12 राज्यों में जारी एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े हैं।

# कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले में झूठा आरोप लगा रही: भाजपा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फंसाने का झूठा आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रही है। यह दावा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष किया।

प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ नेशनल हेराल्ड के भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले पर कांग्रेस पार्टी के झूठे और बेबु. नियाद बताने के दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह सीधा लूट और भ्रष्टाचार का मामला है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार आने से पहले का है। ईडी ने जो कार्रवाई की, उसमें नेशनल हेराल्ड के पूरे इतिहास को देखा गया।

प्रसाद ने कहा कि जब शिकायत की गई, तब ये लोग (कांग्रेस) मामले को समाप्त कराने के लिए गए थे, लेकिन उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय नहीं माना और ट्रायल फेस करने को कहा था। उन्होंने कहा कि इसी मामले आय कर विभाग ने भी इनके आवेदन को खारिज कर दिया था। प्रसाद ने कहा कि मामले की जांच में पाया गया कि इसमें प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला जुड़ा है।

इसी वजह से दिल्ली पुलिस से पुलिस से एफआईआर दर्ज करने को कहा गया। श्री प्रसाद ने बेहद तल्ख लहजे में कहा कि आप (कांग्रेस) लूट करेंगे, फर्जीवाड़ा करेंगे और कहेंगे कि हमें फंसाया जा रहा है। ये सीधा लूट का मामला है। प्रसाद ने कहा कि यह सभी को पता है कि 90 करोड़ की संपत्ति को कैसे 50 लाख रुपये में नई कंपनी के माध्यम से इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि जब सरकार और कानून अपना काम कर रही है तब कांग्रेस झूठे आरोप लगाकर मामले में लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पेड़ पर लटके मिले प्रेमी युगल के शव

## कहीं और तय हो गई थी युवती की शादी, दोनों परिवारों मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमालुद्दीनपुर में आज सगाई से एक दिन पहले लड़की ने प्रेमी के साथ जान दे दी। आज सुबह दोनों के शव एक ही फंदे पर लटके मिले। लड़की की सोमवार (आज) सगाई होनी थी। रिश्तेदार घर पहुंच चुके थे। दोनों के सुसाइड का पता चलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

लड़का आशु पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। मौत से 12 घंटे पहले उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट में एक गाने की रील शेयर की। इसमें चिता में प्रेमी-प्रेमिका को एक साथ लेटे दिखाया गया था। परिवार का कहना है कि दोनों रात को चुपके से कब निकल आए, किसी को पता ही नहीं चला।

आज सुबह ग्राम का एक बच्चा खेत के पास गया, तो उसने सबसे पहले दोनों के शव लटकते देखे। वह डर गया। भागता हुआ वापस आया। उनसे अपने परिवार को जानकारी दी। इसके बाद दोनों के घरवाले रोते-बिलखते पहुंचे। परिवार वालों ने शवों को नीचे उतारा और






अपने-अपने घर लेकर चले गए। एक रिश्तेदार ने बताया कि दोनों एक ही जाति के थे। लंबे समय से अफेयर था। शादी करना चाहते थे। लेकिन, परिवार को इसका पता नहीं था। दोनों के घरों के बीच 50-70 मीटर की दूरी है। जान देने से कुछ घंटे पहले आशु ने अपने सोशल मीडिया पर दो रील शेयर की हैं। जान देने से कुछ घंटे पहले आशु ने अपने सोशल मीडिया पर दो रील शेयर की हैं।

मालूम हो कि जमालुद्दीनपुर ग्राम के रहने वाले रवि कुमार किसान हैं। उनके तीन बच्चे हैं। बड़ा बेटा दिल्ली में नौकरी करता है। दूसरा बेटा आशु (21 वर्ष) परिवार के साथ रहता है। आशु ने इस बार पुलिस भर्ती में एसआई का फॉर्म डाला था। वह तैयारी कर रहा था। इसी गांव के रहने वाले रामवीर भी खेती करते हैं। उनकी बेटी शिवानी (19 वर्ष) और आशु दोनों के बीच अफेयर था।

15 दिन पहले शिवानी के घरवालों ने उसकी शादी तय कर दी थी। सोमवार को गोदभराई थी। शिवानी ने ये बात जब आशु को बताई। परिवार ने बताया कि शनिवार रात पूरा परिवार सो गया। दोनों कब निकले, किसी को पता नहीं चला। माना जा रहा है कि आशु ने उसे मिलने के लिए बुलाया था। दोनों ने घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर खेत में मुलाकात हुई। वहीं, एक शहतूत के पेड़ पर शिवानी के दुपट्टे से दोनों ने फंदा बनाकर फांसी लगा ली। एसपी ग्रामीण डॉ. प्रकाश सिंह ने बताया- चांदपुर में एक युवक-युवती का शव पेड़ से लटके हुए मिले है।

जांच में पता चला कि दोनों के बीच अफेयर था। लड़की की शादी अचानक तय हो जाने से दोनों परेशान हो गए। उन्होंने आत्महत्या कर ली।

# ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार किशोर की मौत

## बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जैतरा मार्ग पर रविवार देर शाम हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक किशोर की जान चली गई, जबकि उसके बड़ा भाई गंभीर है। तेज रफ्तार और लापरवाह वाहन चालकों के चलते आए दिन हो रहे हादसों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, लेकिन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम अब तक नजर नहीं आते।

जानकारी के अनुसार गांव सुहागपुर निवासी 18 वर्षीय अबुजर अपने छोटे भाई अब्दुल्ला के साथ किसी कार्य से जैतरा गया हुआ था। दोनों शाम करीब साढ़े सात बजे स्कूटी से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे जैतरा के पास सड़क पार कर रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छोटा भाई अब्दुल्ला सड़क पर दूर जाकर गिरा और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं अबुजर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और घायल को तत्काल सीएचसी धामपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक बताते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। ट्रक चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस चालक की तलाश में जुट गई है।

## एक नजर

### चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**नगीना।** पिछले कुछ महीनों में कस्बे में रेस्टोरेंट्स के हब के रूप में तेजी से डेवलप हुए स्थानीय रायपुर रोड स्थित अकबराबाद चौक पर रविवार को एक और नॉन वेज रेस्टोरेंट का शुभारंभ हुआ। चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील द्वारा फीता काटकर 'अल इकरा चिकन प्वाइंट' रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इसका संचालन मौहम्मद रिजवान की देखरेख में होगा। रेस्टोरेंट मालिक मौहम्मद रिजवान ने बताया कि यहां साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा और लगभग सभी ट्रेडिंग चिकन आइटम किफायती दरों पर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर शेख शाहनवाज खलील ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि काष्ठ कला के लिए प्रसिद्ध नगीना में देश के नामचीन ब्रांड अपने होटल व रेस्टोरेंट खोल रहे हैं और सफलतापूर्वक संचालन भी कर रहे हैं। जोकि नगर में हो रहे विकास का परिचायक है। हम अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ब्रांड के रेस्टोरेंट की शाखाएं शुरू होने की उम्मीद कर रहे हैं। वर्तमान में कई बड़े होटल व रेस्टोरेंट हाईवे पर निर्माणाधीन है। इससे यहां रोजगार के अवसरों में इजाफा हो रहा है और नगर के विकास में चार चांद लग रहे हैं। इस मौके पर धीरज राय वर्मा, सोनू, रोहित सिंह, बिट्टू, अफजल मेंबर, शमसुद्दीन, फुरकान अहमद, इस्लाम अहमद, जहीर अहमद, रईस अहमद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मधुमक्खियों के हमले में पंडित की मौत



**धामपुर।** नगीना मार्ग पर अलादीनपुर भोगी में उस समय एक घटना सामने आई, जब एक पंडित जी पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। हमले में 58 वर्षीय दयाराम शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। सूत्रों के अनुसार दयाराम शर्मा गांव में आई बारात के फेरे संपन्न करवाकर वापस अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में आम के बाग के पास अचानक मधुमक्खियों का झुंड उन पर टूट पड़ा। तेज हमले के कारण पंडित जी खुद को बचा नहीं सके और वहीं उनकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवारजन मौके पर पहुँचे। अचानक हुए इस हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शोक में डूबे परिवार ने किसी भी कानूनी प्रक्रिया के बिना ही दयाराम शर्मा का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि दयाराम शर्मा धार्मिक कार्यों में सक्रिय रहते थे और सामाजिक रूप से भी सभी के प्रिय थे। उनके निधन से गांव में शोक और दहशत का माहौल है।

### गर्भवती महिलाओं का खाद्य सामग्री वितरित



**नजीबाबाद।** स्व. रमेश चंद माहेश्वरी एवं श्रीमती पुष्पलता माहेश्वरी की स्मृति में राधे-राधे वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में संस्था द्वारा गोद लिए गए ग्राम में 85 गर्भवती महिलाओं को खाने की सामग्री और प्रोटीन के डिब्बे बांटे गए। ग्राम पंचायत खैरुल्लापुर स्थित सचिवालय में कुपोषण के खिलाफ एक जंग जच्चा-बच्चा रक्षा विषय पर हुए कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण लता नय्यर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से जरूरतमंद महिलाओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो जाती है। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों की जांच भी की गई और उनसे ठंड के मौसम में सावधानी बरतने का आह्वान किया गया। अंत में राधे-राधे वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष नीलम माहेश्वरी ने कहा कि आगे भी समय-समय पर कार्यक्रम होते रहेंगे। कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। वहीं कार्यक्रम संयोजक विवेक माहेश्वरी और निशा माहेश्वरी ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रीना और संचालन वरिष्ठ कवि तथा साहित्यकार प्रदीप डेजी ने किया। इस अवसर पर विजय माहेश्वरी, निशा महेश्वरी, देवेंद्र कुमार, आरती वर्मा, संदीप महेश्वरी, ममता देवी, सावित्री देवी, रिशु अग्रवाल, नीलम हांडा, रजनी तागरा, अंजु अग्रवाल, सुलेखा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# युवक गंभीर रूप से घायल

**कोतवाली देहात।** ओवर ब्रिज पर खड़ी मशीन से टकराकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गंभीर हालत ने हायर सेंटर रैफर किया गया है। थाना कोतवाली शहर के ग्राम दोदूवाला निवासी नकुल कुमार नगीना की ओर से बिजनौर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह ओम इंटरनेशनल स्कूल से आगे ग्राम महेश्वरी जट में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास पहुंचा वह सर्विस रोड पर न जाकर ओवर ब्रिज के ऊपर बाइक ले गया। ओवर ब्रिज अभी चालू नहीं है। ओवर ब्रिज पर निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके चलते बैरियर के स्थान पर मशीन खड़ी कर दी गई थी। नकुल ने बाइक ओवर ब्रिज पर चढ़ा दी और मशीन से टकराकर वह गिर गया। नकुल गंभीर रूप से घायल हो गया। निकट ही स्थित महेश्वरी जट पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी तुरंत पहुंचे तथा घायल को हायर सेंटर भेजा। नकुल की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।

# ड्यूटी से लौट रहे बीएलओ की हादसे में मौत

## गुनियापुर-भनेड़ा के बीच हुआ हादसा, सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर/किरतपुर।** किरतपुर थाना क्षेत्र के गांव भरैकी से एसआईआर के फार्म लेकर ग्राम पंचायत कार्यालय गुनियापुर जमा करने जा रहे बीएलओ की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। नगीना विधायक मनोज पारस ने पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचकर कर घटना की जानकारी ली और परिजनों को सांत्वना दी।

किरतपुर थाना क्षेत्र के गांव भरैकी निवासी राजवीर सिंह (52 वर्ष) पुत्र दलीप सिंह गांव नसरुल्लापुर उर्फ छोटा पेमार में शिक्षामित्र के रूप में तैनात थे। उनकी ड्यूटी एसआईआर में बीएलओ के कार्य में लगी थी। शनिवार रात करीब आठ बजे बीएलओ राजवीर सिंह एसआईआर के फार्म लेकर ग्राम पंचायत गुनियापुर जमा करने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह गांव अमाननगर के समीप पहुंचे, अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने गंभीर हालत में उन्हें तत्काल नजीबाबाद स्थित अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान राजवीर सिंह की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

राजवीर दो बेटियों व एक बेटे के पिता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। रविवार को नगीना विधायक मनोज पारस ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर घटना की जानकारी ली और परिजनों को सांत्वना दी।

सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# शायर अजीज नहटौरी की किताब का विमोचन

## पब्लिक लिटरली एंड कल्चर सोसाइटी ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** पब्लिक लिटरली एंड कल्चर सोसाइटी ने काव्य गोष्ठी आयोजित की । बैंकट हॉल में मशहूर बुजुर्ग शायर अजीज नहटौरी की किताब का विमोचन किया गया। इस अवसर पर पब्लिक लिटरली एंड कल्चर सोसाइटी द्वारा एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई नामचीन शायरों ने शिरकत की।

कार्यक्रम का संचालन फाकिर ने किया। बिजनौर शहर की गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. निरुपमा चौधरी ने शमा रोशन कर नशिस्त का आगाज किया। शहर नसीम ने अल्लामा इकबाल की मशहूर नज्म 'लब पे आती है दुआ बनके तमन्ना मेरी' प्रस्तुत की।

इसके बाद विभिन्न शहरों से आए मशहूर शायरों ने अपने कलाम पेश किए। इनमें हसन काजमी (लखनऊ), खुर्शीद हैदर (मुजफ्फरनगर), नदीम शाद



देवबंदी, सुधीर तन्हा, जमाल फहमी, डॉ. निरुपमा चौधरी, निकहत अमरोहवी, बदरुद्दीन जिया और नफीस अंजुम शामिल थे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मौहम्मद हाशिम एड., काजी अकील अहमद, मंडावर नगर पंचायत अध्यक्ष आसिफ शान, गिजाल मेंहदी, हाजी अब्दुल कादिर, काजी जमाल नासिर, हाजी आदिल इंजीनियर जुहैब, डॉ. शोएब, एड., शादाब जमन, नसीम अहमद, खुर्रम अहमद, एड., फराज हैदर जैदी, कमल खान और शाहनवाज, आरिफ हुसैन, आसिफ उस्मान सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजद रहे।

# कोर्ट के आदेश पर विहिप जिलाध्यक्ष सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के मौहल्ला बाड़वान में पैतृक संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद ने कानूनी रूप ले लिया है। अदालत के आदेश पर धामपुर पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष सहित पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है।

पीड़ित सुधीर कुमार शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पूर्वजों की छोड़ी गई पैतृक भूमि का अभी तक अधिकारिक रूप से विभाजन नहीं हुआ है। इसी का फायदा उठाते हुए उनके रिश्ते के भाई अरुण कुमार शर्मा ने पंकज वर्मा, कशिश गौड़, आकाश वर्मा और दिव्या रानी के साथ सांठगांठ कर उनके हिस्से की जमीन को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया।

पीड़ित के अनुसार आरोपी पक्ष ने जानबूझकर भूमि पर अवैध कब्जा करने की नीयत से न सिर्फ उसमें छेड़छाड़ की, बल्कि आपत्ति करने पर मुकदमेबाजी की धमकियां भी दीं। सुधीर शर्मा ने पूरी घटना की शिकायत न्यायालय में की, जिसके आधार पर कोर्ट ने थाना पुलिस को कार्रवाई के आदेश जारी किए।

आदेश प्राप्त होने पर धामपुर थाने में उक्त पांचों के विरुद्ध संगीन धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना की गहन जांच की जा रही है और भूमि से जुड़े दस्तावेजों व सीमांकन से संबंधित तथ्यों की भी जाँच की जाएगी।

यह भी बताया जा रहा है कि परिवार में जमीन बंटवारे की बात लंबे समय से अटकी हुई थी, जिसके चलते दोनों पक्षों के बीच समय-समय पर तनाव की स्थिति बनी रहती थी। अदालत के हस्तक्षेप के बाद अब मामला पुलिस की निगरानी में पहुँच गया है।

धामपुर पुलिस का कहना है कि तफ्तीश के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पंकज वर्मा विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष पद पर कार्यरत है।

# बंद मकान से आभूषण चोरी

**किरतपुर।** मौहल्ला मुफ्तियान में बंद पड़े एक मकान से लाखों के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित आजम पुत्र यामीन ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और घटना का खुलासा कराने की मांग की है। पुलिस फिलहाल प्रकरण को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। आजम का कहना है कि वह देहरादून में रहकर कार चलाने का काम करता है और समय-समय पर अपने घर किरतपुर आता-जाता रहता है। शनिवार को उसका पुत्र घर आया तो कमरे के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सेफ का ताला भी टूटा हुआ था। सूचना मिलने पर आजम तुरंत देहरादून से किरतपुर पहुंचा। उसके अनुसार सेफ में रखे लगभग 20 लाख रुपये के आभूषण गायब थे, जबकि पास में रखे करीब दो लाख रुपये के आभूषण चोरी नहीं हुए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा देवी ने बताया कि जांच की जा रही है और तथ्य सामने आने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# स्योहारा ब्लॉक प्रमुख सहित चार पर मुकदमा दर्ज

## कृष्णा हॉस्पिटल में हंगामा, ब्लॉक प्रमुख ने कहा स्टाफ की लापरवाही बनी विवाद का कारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में शनिवार देर रात एक महिला के उपचार को लेकर भारी हंगामा खड़ा हो गया। महिला के साथ आए लोगों तथा अस्पताल स्टाफ के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई और तोड़फोड़ तक पहुंच गई। घटना के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के चिकित्सकों में कड़ा रोष है। अस्पताल प्रबंधन की तहरीर पर पुलिस ने ब्लॉक प्रमुख सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार देर रात करीब एक बजे घायल अवस्था में एक महिला को कृष्णा हॉस्पिटल लाया गया। अस्पताल कर्मियों का कहना है कि उपचार से पूर्व निर्धारित शुल्क की मांग की गई, जिस पर महिला के साथ आए लोग एक भाजपा नेता का नाम लेकर दबाव बनाते दिखे। दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ने पर विवाद ने उग्र रूप ले लिया और अस्पताल स्टाफ से मारपीट एवं गाली-गलौज की गई। इसी दौरान अस्पताल में कुछ सामान टूटने की भी जानकारी मिली है।

हंगामे के दौरान स्योहारा ब्लॉक प्रमुख एवं भाजपा नेता उज्जवल चौहान भी मौके पर पहुंच गए। अस्पताल स्टाफ का आरोप है कि चौहान की मौजूदगी में ही स्टाफ पर हमला किया गया। प्रबंधन का दावा है कि पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है, जिसकी फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराई जा रही है।

घटना के बाद धामपुर के चिकित्सकों में नाराजगी फैल गई। डॉ. बी.के. सिंह के प्रतिष्ठान पर डॉक्टरों ने बैठक कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। बाद में अस्पताल की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई, जिसमें ब्लॉक प्रमुख सहित चार लोगों को नामजद किया गया।

कोतवाल मृदुल कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान सहित चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### स्टाफ ने अपनी गलती छुपाने के लिए आरोप गढ़े

**धामपुर।** ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि जब उन्होंने केवल इतना पूछा कि पैसे लेने के बाद इलाज क्यों नहीं किया, तभी स्टाफ ने विवाद खड़ा कर दिया। बाद में अपनी लापरवाही छिपाने के लिए अस्पताल स्टाफ ने फर्जी आरोप लगाकर पुलिस में शिकायत कर दी। उन्होंने कहा कि पूरे मामले का सच जल्द सामने आएगा और फुटेज से भी स्पष्ट हो जाएगा। उज्जवल चौहान ने कहा कि वह चिकित्सकों का सम्मान करते हैं, परंतु अस्पताल स्टाफ द्वारा घायल महिला को अनदेखा कर देना अमानवीय कृत्य है। पीड़ित महिला को बाद में एक अन्य अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया गया, तब जाकर उसे राहत मिली।

### आरोप झूठे, पूरी घटना का करूंगा पर्दाफाश: उज्जवल चौहान

**धामपुर।** नगर स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में शनिवार देर रात हुए विवाद को लेकर स्योहारा ब्लॉक प्रमुख एवं भाजपा नेता उज्जवल चौहान ने पूरे मामले पर अपना पक्ष मजबूती से रखा है। श्री चौहान का कहना है कि यह पूरा विवाद केवल अस्पताल कर्मियों की लापरवाही और दुर्व्यवहार की वजह से हुआ। उनके खिलाफ लगाए जा रहे मारपीट व तोड़फोड़ के आरोप पूरी तरह झूठे और भ्रामक हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को उनकी बहन की शादी थी। समारोह के दौरान एक महिला का पैर फिसल गया, जिसमें महिला का कंधा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे घबराए परिजन तुरंत उपचार की उम्मीद में उसे कृष्णा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। अस्पताल स्टाफ ने 500 रुपये इमरजेंसी व 1000 रुपये एक्स-रे शुल्क भी उनसे ले लिए। पैसे लेने के बाद भी इलाज शुरू नहीं किया गया। उज्जवल चौहान ने आरोप लगाया कि रकम जमा होने के बावजूद स्टाफ ने महिला को सही उपचार नहीं दिया। उल्टे उसे अस्पताल से बाहर निकाल दिया गया। घायल महिला को दर्द से कराहता देखकर आक्रोश बढ़ना स्वाभाविक था।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# भाकपा का कार्यकर्ता सम्मेलन

## नई कार्यकारिणी का गठन, का. फारूख हानी बने जिला मंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला नायक सराय में स्थित कामरेड फारूख हानी के तालाब आवास पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद जिला स्तर पर संगठन की वर्तमान स्थिति, विस्तार और आगामी रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सम्मेलन में वक्ताओं ने संगठन को मजबूत आधार प्रदान करने पर जोर देते हुए कहा कि जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा।

जिले में संगठन की पकड़ को मजबूत बनाने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा प्रत्येक ब्लॉक और नगर स्तर पर सक्रिय इकाइयों को सशक्त करने के प्रस्ताव भी पारित किए गए। कामरेड फारूख हानी को सर्वसम्मति से जिला मंत्री बिजनौर चुना गया। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण जिला पदाधिकारियों का चयन रहा। सर्वसम्मति से कामरेड फारूख हानी को जिला मंत्री बिजनौर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके चयन की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई और उपस्थित सदस्यों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनका स्वागत किया। वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि कामरेड फारूख हानी अपने अनुभव और सक्रियता से संगठन को नई दिशा देंगे।

कार्यक्रम में नई जिला कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें विभिन्न पदों पर सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। पदाधिकारियों ने कहा कि नई टीम जिले के सभी हिस्सों में संगठन की उपस्थिति को सुदृढ़ करेगी और जनहित के मुद्दों पर मुखरता से कार्य करेगी। सम्मेलन के अंतिम सत्र में नव-निर्वाचित जिला मंत्री और पदाधिकारियों ने संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी अभियानों को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्थानीय इकाई की सराहना की गई। इस अवसर पर आदि उपस्थित रहे।

# फीलगुड के चक्कर में विकलांग की पेंशन लटकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** सिंचाई विभाग अधिकारियों ने फीलगुड के चक्कर में विकलांग पेंशन बनाने का कार्य महीनों से लटका रखा है। विकलांग को विकलांग पेंशन पाने के लिए शिविर प्रबंध खंड कालागढ़ सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश के कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहें है। विकलांग पेंशनर कुंवर पाल सिंह का

कहना है कि पिताजी शिविर प्रबंधन कालागढ़ में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे, जिनका स्वर्गवास होने के पश्चात पेंशन उनकी माताजी को मिल रही थी। शासनादेश अनुसार विकलांग को विकलांग पेंशन पाने का अधिकार है, उसके पश्चात भी शिविर प्रबन खंड कालागढ़ के अधिशासी अभियंता बृजेश कुमार किसी फील गुड के बिना पेंशन स्वीकृत करने को तैयार नहीं। इस संबंध में शिविर प्रबंध खंड कालागढ़ के अधिशासी अभियंता से पूछे जाने पर उनका कहना है कि हम अपनी मर्जी से अपने अनुसार कार्य को करते हैं। अन्य किसी का व्यक्ति की दखल अंदाजी बर्दाश्त नहीं करते, चाहे कोई कितना बड़ा अधिकारी व समाजसेवी हो या कोई सूचना का अधिकार पाने का सामाजिक कार्यकर्ता ही हो। वहीं विकलांग व्यक्ति कुवंर पाल सिंह गरीब परिवार का व्यक्ति है, वह किसी भी प्रकार का सुविधा शुल्क देने में असमर्थ है उसके पश्चात भी उसके कार्य को कार्यालय में लटका रखा है। शासन प्रशासन में शिकायत करने के बावजूद भी ऐसे अधिकारियों के खिलाफ उच्च अधिकारी मामले का संज्ञान नहीं लेते और कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाते जिससे ऐसे अधिकारियों के फर्जी वाले हौसले बुलंद रहते हैं। पूर्व में इस संबंध में रामगंगा बांध मण्डल कालागढ़ अधीक्षण अभियंता संजीव झा को भी पत्र लिख चुके हैं, लेकिन वह अपने कार्यालय में उपस्थित न होने के कारण कार्यालय के कार्य समय पर नहीं निपटा पाए हैं।

इसी को लेकर कुंवर पाल सिंह ने मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी को पत्र लिखकर ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर प्रार्थी की पेंशन स्वीकृत करने का अनुरोध किया है।

## एक नजर

### पांच बच्चों के कुरान पूरा करने पर जलसा



**कासमपुर गढ़ी।** मदरसा जिया उल कुरान मौहल्ला बच्चा बाग सीरवासुचंद में पांच बच्चों के कुरान पूरा होने पर जलसे का प्रोग्राम किया गया। जिसकी सदारत मदरसे के मौलाना नाजिम, मौलाना मौहम्मद सरताज कासमी ने की। वहीं कुरान का आखिरी हिस्सा पूरा होने पर निजामत कारी मौहम्मद आरिफ कासमी ने की। मेहमानों का इस्तकबाल एवं खुसुसी मौलाना मुख्तार अहमद कासमी इमाम खतीब मरकज वाली मस्जिद अफजलगढ़ ने की। उन्होंने अपने बयान में कहा कि जो बच्चे अपने सीने में कुरान को महफूज रखते हैं, वह कयामत के दिन अपने साथ दस आदमियों को जन्नत में लेकर जाएंगे और हाफिज ए कुरान का अल्लाह के यहां बहुत ऊंचा मकाम है। अगर कोई शख्स कुरान को हिफज करने के बाद उस पर अमल करता है, तो अल्लाह ताला उसको बहुत ऊंचा मकाम अता फरमाते हैं। बच्चों को अपने मां एवं बाप और उस्ताद का अदब निहायत जरूरी है। आखिर में मेहमाने खुसुसी की दुआ पर प्रोग्राम का इखतताम हुआ। प्रोग्राम में कारी शमशेर अहमद, कारी जावेद इकबाल, कारी हलीमी, कारी अंसारउल हक, कारी मौहम्मद फैसल, हाजी मौहम्मद शफी, मौहतमीम मदरसा, कारी मौहम्मद शाकिर, इकरार अहमद, मौहम्मद असलम अल्वी, मास्टर नसीम अहमद अंसारी, डॉ. गुफरान आदि ने शिरकत की। हाफिजे ए कुरान होने वाले हाफिज अब्दुल मतीन अंसारी, हाफिज मौहम्मद, अयान हाफिज, मौहम्मद अदनान, हाफिज मौहम्मद मुस्तफा, हाफिज मौहम्मद जैद वगैरा ने कुरान मुक्कमल किया। वहीं जलसे के आखिर में महमाने खुसुसी ने कौम की अमनो सलामती के लिए तवील दुआ कराई।

### डीएम ने किया बूथों का निरीक्षण



**नूरपुर।** डीएम जसजीत कौर एवं उप जिलाधिकारी विजय शंकर ने अशरफ जकरिया इस्लामिया इण्टर कालेज, खालसा इण्टर कालेज के बूथों का निरिक्षण किया। बीएलओ के साथ मिलकर एसआईआर गणना फार्म भरवाए तथा बीएलओ को जल्द से जल्द एसआईआर सम्बन्धित कार्य पूर्ण करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसी को भी परेशान होने की जरूरत नहीं है। किसी को कोई परेशानी है, तुरंत अपने बीएलओ से संपर्क करें। अगर कोई बीएलओ लापरवाही करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। क्षेत्र के सभी सम्मानित व्यक्तियों से अपील कि की बीएलओ का एसआईआर फार्म भरवाने में अपना पुरा सहयोग करें। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह शेखावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, संतोष मिश्रा, मंडल महामंत्री वीर प्रकाश भुईयार, उपाध्यक्ष प्रमोहन चौहान, जीतू भुईयार, प्रदीप राणा, मंडल मंत्री राहुल यादव, मुकेश भुईयार, वरुण त्यागी, आलिशा हुसैन सिद्दीकी, सुमित विश्वकर्मा, अंकित जोशी, डॉ. नफीस, गुलरेज अंसारी, तकदीस अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### प्रचार वाहनों को किया रवाना




**बिजनौर।** जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप चौधरी एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत विशेष अभियान के द्वारा फार्मर रजिस्ट्री को त्वरित गति से पूर्ण कराये जाने के साथ-साथ पराली प्रबन्धन, सोलर पम्प स्थापना एवं कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं व रबी सीजन की तकनीकी गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 11 प्रचार वाहनों को जनपद के समस्त विकास खण्डों की समस्त न्याय पंचायतों, ग्राम पंचायतों एवं राजस्व ग्रामों के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से हरि झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा फार्मर रजिस्ट्री से होने वाले लाभों को बताते हुए सभी कृषकों से अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए अपील की गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की मंशा अनुरूप फार्मर रजिस्ट्री का प्रचार प्रसार जनपद में दूर-दराज तक के ग्रामों में करते हुए कृषकों को जागरूक किया जाए ताकि सभी कृषक अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराकर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर डॉ. घनश्याम वर्मा, उप कृषि निदेशक, जसवीर सिंह तेवतिया, जिला कृषि अधिकारी, संजीव मलिक, सदस्य जिला पंचायत एवं कृषि विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फुटबॉल टूर्नामेंट में कोटद्वार गढ़वाल जीता



**नगीना।** नगर में चल रहे ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट 'याद ए खलील' के तीसरे दिन एक मैच गढ़वाल व सिरसी की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें कोटद्वार गढ़वाल ने ट्राई ब्रेकर में चार के मुकाबले दो गोल से सिरसी की टीम को पराजित किया। इस मैच में रेफ्री गोहर निसार, लाइनमैन शमशाद मुल्तानी रहे। इस मौके पर नगीना फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल, सचिव नौशाद अप्पा, कुंवर अमरजीत सिंह, नासिर मुल्तानी, शेख जमशेद, लाला विनोद कुमार अग्रवाल, शाकिर उस्मानी, गफ्फार मुल्तानी, जहांगीर खलीफा, हाशिम इस्लाम अल्वी, आरिफ मुल्तानी, बहार आलम, शमशुद्दीन मुल्तानी, अरविन्द, शेख जमशेद आदि लोग मौजूद रहे।

### बीएलओ का करें सहयोग : डीएम

**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम में अपेक्षित प्रगति लाने और जमा हुए फार्मों को डिजिटाइज बिना विलम्ब कराने के लिए विधानसभा बिजनौर क्षेत्र अंतर्गत छह मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मतदाताओं से प्राप्त होने वाले गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज करते रहें और फार्म कलेक्शन कार्य में लगे विभिन्न विभाग के कर्मचारियों को मतदाताओं का सहयोग करने और भरे हुए फॉर्म मतदान केंद्र पर जमा करने के लिए प्रेरित करते रहें ताकि कोई भी मतदाता अपना गणना प्रपत्र जमा करने से न छूटे। जिलाधिकारी श्रीमती कौर विधानसभा क्षेत्र बिजनौर के अंतर्गत ग्राम तिमरपुर, सैंट जोसफ स्कूल, लूईस ली पार्कर इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन तथा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में स्थापित मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थीं।

## महापंचायत की तैयारियां जोरो पर



**बिजनौर।** नजीबाबाद ग्रामीण क्षेत्र से आठ दिसंबर को होने वाली बड़ी महापंचायत को लेकर भारतीय किसान यूनियन प्रधान की तैयारियां चरम पर हैं। मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़ने में जुटे हुए हैं। इसी महापंचायत की पहली कड़ी में संगठन ने स्पष्ट किया है कि बिजनौर एसपी ग्रामीण की कार्यशैली, किसानों का रात्रि में टेंट उखाड़ना, किसानों से बदसलूकी करना तथा बेटी कनक को अभी तक बरामद न कर पाना यह सभी गंभीर मुद्दे महापंचायत में प्रमुख रूप से उठाए जाएंगे। इसी के साथ रामोद कुमार ने महापंचायत को ऐतिहासिक बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। वे लगातार गांव-गांव चौपाल कर रहे हैं, जिसमें किसानों के साथ संगठन की रणनीति साझा की जा रही है और अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बार की महापंचायत प्रशासन को वास्तविकता का आईना दिखाने वाली होगी। किसानों में भारी आक्रोश है और गांवों में व्यापक समर्थन देखने को मिल रहा है। संगठन का दावा है कि यह महापंचायत पूरे जिले और मंडल में नई दिशा तय करेगी।

# डॉ. मंजू चौधरी का भव्य स्वागत

## गोत्र परंपरा व सामाजिक मेल-मिलाप पर बैठक

**नरेश कुमार**

**झालू।** बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर आबाद में गोत्र परंपरा के महत्व और सामाजिक मेल-मिलाप को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्रामीणों ने मुख्य वक्ता डॉ. मंजू चौधरी का गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में बड़ी संख्या में गालियान गोत्र के लोग उपस्थित रहे।



प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम रसूलपुर आबाद में घसीटा सिंह के आवास पर शनिवार शाम चार बजे यह बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम का संचालन रण सिंह आर्य ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. मंजू चौधरी ने गोत्र परंपरा, सामाजिक एकता और पारस्परिक सहयोग पर विस्तृत रूप से विचार व्यक्त किए। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि गोत्र व्यवस्था समाज को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साथ ही उन्होंने गालियान गोत्र की खाप और उसकी सामाजिक संरचना के बारे में भी उपस्थित लोगों को जानकारी दी। बैठक में रण सिंह आर्य सहित कई ग्रामीणों ने भी अपने विचार साझा किए और आपसी एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मंगल सिंह, विनेश कुमार, घसीटा सिंह, राकेश अमीन, राजीव कुमार, सतेंद्र, जैवेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, महावीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुभम चौधरी, पंकज कुमार, हिमांशु, आशु, ब्रजवीर सिंह, हर्ष, निखिल, पुनीत, निकित, नवनीत, स्पर्श, आदित्य, अभिषेक, शिखर सहित बड़ी संख्या में गालियान गोत्र के लोग मौजूद रहे।

# मीरी पीरी खालसा अकेडमी में प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में मीरी पीरी खालसा अकेडमी अगवानपुर में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल के अंतर्गत सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की बहुप्रतीक्षित खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया।



## विजेताओं को किया सम्मानित

रविवार को आयोजित प्रतियोगिता में सेंट मैरी, सनशाइन कॉन्वेंट स्कूल, लांबा कॉन्वेंट स्कूल, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल, बी.एस.ए. इंटर कॉलेज कादराबाद आदि क्षेत्र के अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने मैदान में ऊर्जा, जोश और खेल भावना का परिचय देते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया।

बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने बैडमिंटन, वॉलीबॉल, 100 मी., 200 मी., 400 मी., 800 मी. 1500 मी. दौड़, शॉट पुट, कबड्डी तथा लंबी कूद में दमदार प्रतिस्पर्धा प्रस्तुत की। विजयी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व प्रमाण पत्र के साथ के 300 नकद की धनराशि, रजत पदक विजेताओं को प्रमाण पत्र के साथ 200 नकद की धनराशि और कांस्य पदक विजेताओं को प्रमाण पत्र के साथ 100 नकद की धनराशि मीरी पीरी खालसा अकेडमी की ओर से दी गई। खिलाड़ियों के उत्साह, अनुशासन और समर्पण को देख दर्शकों ने तालियों से मैदान गूंजा दिया। आयोजन समिति ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के सुनहरे अवसर प्रदान करती हैं।

मीरी पीरी खालसा अकेडमी द्वारा आयोजित यह खेल महोत्सव नि:संदेह क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई दिशा देने वाला सिद्ध हुआ। कार्यक्रम की गरिमा उस समय और बढ़ गई जब मुख्य अतिथि मलकीत सिंह अध्यक्ष (सहकारी गन्ना समिति अफजलगढ़), बीडीओ. मनवीर सिंह, विद्यालय के संस्थापक बाबा अनूप सिंह वीर जी रहे। इसके अलावा सरदार दलजीत सिंह डायरेक्टर, सहकारी गन्ना समिति, अफजलगढ़, राजेंद्र सिंह प्रधान, सुरेंद्र सिंह, सरदार सुच्चा सिंह, सरदार किशन सिंह, सरदार कुलविंदर सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य मनप्रीत सिंह संधू, अभिभावकगण और शिक्षक गण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# पर्वतीय जन विकास समिति की वार्षिक समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम जामुनवाला स्थित खेल के मैदान में पर्वतीय जन विकास समिति की वार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान समिति द्वारा कराए गए सामाजिक कार्यों के बारे में बताया गया।

समिति के अध्यक्ष विनोद काला ने बताया कि समिति रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र का नवीनीकरण करा दिया गया, जो कई वर्षों से नहीं हुआ था। समिति के बैंक अकाउंट को पुन: संचालित कराया गया जो कि कई वर्षों से जरूरी कागजों के अभाव में बंद पड़ा हुआ था।

वहीं भिक्कावाला स्थित रामगंगा घाट पर लगाये गए पेड़ों की सुरक्षा हेतु लगाई गई जालियों व अन्य खर्चो का ब्यौरा दिया गया, देख रेख हेतु कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा श्मशान घाट के मार्ग को बनवाने हेतु उच्चाधिकारियों से सम्पर्क कर शीघ्र बनवाने का निर्णय लिया गया। क्षेत्र में गुरुरामराय विद्यालय की स्थापना हेतु संबंधित अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के लिये कमेटी बनाने पर विचार विमर्श किया गया। वहीं एसआईआर फार्म भरकर शीघ्र जमा जराने हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। नव युवकों में फैल रही नशे की लत से उन्हें दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाने हेतु विचार विमर्श किये गए।

बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष विनोद काला ने व संचालन उपाध्यक्ष बालम सिंह ने किया। इस मौके पर उपेंद्र डोबरियाल, जयदीप सिंह, विक्रम सिंह, गुसाई गुरु आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीली बांध से निकली नहरों की सफाई पूरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** स्थानीय पीली बांध जलाशय से प्रवाहित होने वाली 58 किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली का इस वर्ष का सिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। इनमें 50 किलोमीटर नहरें उत्तर प्रदेश और आठ किलोमीटर नहरें उत्तराखंड क्षेत्र में आती हैं। सिंचाई विभाग ने 15 अक्टूबर से बड़े पैमाने पर यह अभियान शुरू किया था।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस कार्य को पूर्ण गंभीरता, तकनीकी अनुशासन और पारदर्शिता के साथ संपादित किया गया। लखनऊ मुख्यालय ने भी अपनी उपस्थिति से कार्य की गंभीरता स्थापित की। इस वर्ष सफाई कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सिंचाई विभाग ने केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि लखनऊ मुख्यालय से भी एक विशेष जांच टीम भेजकर गुणवत्ता नियंत्रण का मजबूत संदेश दिया। शनिवार को लखनऊ से एसपी सिंह अधीक्षण अभियंता, अष्टदशम मंडल, सिंचाई कार्य प्रयागराज, मनोज कुमार, अधिशासी अभियंता, मुख्यमंत्री

## लखनऊ से आई टीम ने कार्य का निरीक्षण किया

संदर्भ प्रकोष्ठ, का.प्र.अ. लखनऊ ने रेहड़ के पीलीबांध जलाशय से संबंधित नहरों का व्यावहारिक निरीक्षण, जल प्रवाह क्षमता, तटबंधों की स्थिति तथा ग्रामीण संतुष्टि सहित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत मूल्यांकन किया। निरीक्षण उपरांत टीम लखनऊ लौट गई है।

इस दौरान सहायक अभियंता पीके जैन, जेई गजेंद्र सिंह, नवीन शर्मा, गौरव कुमार, नरेश कुमार, महावीर सिंह, नासिर आदि अधिकारी मौजूद रहे।

अधिशासी अभियन्ता अफजलगढ़ सिंचाई खंड, धामपुर अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि खंड के अंतर्गत सभी नहरों में सिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। सभी नहरों में जल प्रवाह नियमित रूप से संचालित कर दिया गया है। विभागीय सत्यापन अभी जारी है।

# डॉ. मनोज वर्मा ने एसआईआर में बढ़ती लापरवाही पर जताई गहरी चिंता



**स्योहारा।** प्रसिद्ध समाजसेवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने एसआईआर सर्वे में लोगों की लापरवाही पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे इस महत्वपूर्ण अभियान में जनता का सहयोग बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा लगभग हर घर में फॉर्म वितरित कर दिए गए हैं, जिन्हें जल्द भरकर बीएलओ को लौटाना जनता की जिम्मेदारी है ताकि समय से ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होकर किसी भी नागरिक को आगे कोई समस्या न हो। डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि यह दुख की बात है कि कई लोग फॉर्म लेकर रख लेते हैं, लेकिन उन्हें भरकर वापस जमा नहीं कर रहे। जिससे बीएलओ को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति लापरवाही बताया और कहा कि जो व्यक्ति ऐसा कर रहा है वह अपने ही वोट के अधिकार से खिलवाड़ कर रहा है। समाजसेवी चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने अपील की कि हर नागरिक अपने मतदान के अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए समय से फॉर्म भरकर जमा करे। ताकि आगे किसी भी तरह की दिक्कत नाम कटने या त्रुटि की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि यह सर्वे जनता के हित में है और चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया को सफल बनाना स्वयं जनता की बड़ी जिम्मेदारी है। डॉ. मनोज वर्मा ने नगरवासियों से आग्रह किया कि वह बीएलओ के कार्य में पूरा सहयोग दें। क्योंकि बीएलओ घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का कठिन दायित्व निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय पर फॉर्म जमा कर देना ही समाज और नगरहित में सबसे बड़ा सहयोग है। डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि स्योहारा नगर के लोग जागरूक हैं और उम्मीद है कि सभी नागरिक जल्द से जल्द अपने फॉर्म जमा कर चुनाव प्रक्रिया को सुचारु बनाने में योगदान देंगे।

# शेरी नशिस्त में पड़ोसियों का ख्याल रखने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** इदारा-ए-अदब इस्लामी हिंद की जानिब से जिला स्तरीय शेरी नशिस्त का आयोजन काजी सराय स्थित परवेज आदिल माही के निवास गुल्सितान-ए- शाहिद पर किया गया। जिस की अध्यक्षता वरिष्ठ काष्ठ उद्यमी इरशाद अली मुल्तानी ने व संचालन प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अहतशाम तिश्ना ने किया।



इस मौके पर जमाते इस्लामी हिंद के जिला संयोजक मोहताशिम नौमानी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। नशिस्त की शुरूआत हाफिज नगीनवी की तिलावते कुरान मजीद से हुई। इस अवसर पर जमाते इस्लामी हिंद द्वारा चलाए जा रहे अभियान आदर्श पड़ोसी विषय पर मोहताशिम नोमानी ने कहा कि हम उस वक्त तक सच्चे मुसलमान नहीं हो सकते जब तक हमारा पड़ोसी भूखा और परेशान है। एक सच्चे मुसलमान से उसके पड़ोसी को शिकायत नहीं हो सकती। उन्होंने कहा पड़ोंसी का मतलब केवल मुसलमान पड़ोसी नहीं बल्कि वह हिंदू, मुसलमान, सिक्ख, इसाई कोई भी हो सकता है। इस अवसर पर उन्होंने समय की पाबंदी तथा सदुपयोग पर भी विचार व्यक्त किए।

गजलियात के दौर की शुरूआत तसलीम अहमद तसलीम के कलाम से हुई। उन्होंने कहा - ख्यालों फिक्र पे छाया हुआ है, तिरा गम जां है मेरी शायरी की। हाफिज नगीनवीं ने कहा - मेरे पड़ोस में फाके से मर गई बेवा मैं घूमता रहा हाथों में रोटियां लेकर। बहार शम्सी नगीनवी ने कहा -मेरे हमसाये की आंखें सवाली हैं। कई दिन से खुदा मेरे मेरी रोजी जरूरत से सिवा कर दे। विसाल अहमद विसाल ने कहा - महसूस सी हुई है तेरे लम्स की महक झोका हवा का जब मुझे छूकर निकल गया। शाहिद अंजुम ने कहा उनसे मिले हुए भी बहुत दिन गुजर गये। खुद से मिले हुए भी जमाना गुजर गया। अनसर बिजनौरी ने कहा- इधर-उधर भटकने से फायदा क्या है हमारे दिल की हवेली में तुम कयाम करो। डॉ. अहतशाम तिश्ना ने कहा - यह अलग बात कि तू गैर हुआ तेरा गम राहते जां है अब भी। अशरफ शेरकोटी ने कहा - नफरतों को तमाम करती है ये मुहब्बत वो काम करती है। एक पड़ौसी की भूख भी अशरफ मेरा खाना हराम करती है। साकिब धामपुरी ने कहा - नबी की सुन्नतों में से, अहम एक ये भी सुन्नत है। पड़ोसी के मसाइल हल हों, पैहम जुस्तुजू करना।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता मास्टर अली हसन, आसपा नेता शेख परवेज पाशी, सभासद तथा आसपा नगर अध्यक्ष मौहम्मद असलम, सपा नेता शेख राशिद, जुबैर इकबाल जनजानी, अजीम मुल्तानी, तसलीम मुल्तानी, मौहम्मद शारिक नौमानी, मुनीर आलम, मौहम्मद यासीन सोनी, राशिद उस्मानी, नूर अहमद, मुन्नू भाई, शहजाद हुसैन, मौहम्मद साकिब आदि भी मौजूद रहे।

# कार-बाइक भिड़ंत, क्लर्क की मौत

## पिता-पुत्र गंभीर घायल, उपचार के लिए बाहर भेजा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** शादी समारोह से अपनी बाइक पर सवार होकर लौट रहे एक क्लर्क की कार से जोरदार टक्कर में मौत हो गई, जबकि उनके साथ बाइक पर सवार पिता व पुत्र बुरी तरह जख्मी हो गये, जिन्हें उपचार के लिये सीएचसी स्याऊ से बिजनौर के लिये रैफर कर दिया।

अखिलेष कुमार (45 वर्ष) निवासी जनपद मेनपुरी अपने एक अन्य साथी अभिषेक और अभिषेक के पुत्र निवासी श्रीराम कोलोनी के साथ थाना शिवाला कला के गांव ईस्माईलपुर में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। चांदपुर में बिजनौर बदायूं हाईवे पर कफील नर्सिंग होम के पास उनकी बाइक को एक कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार अखिलेश कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने रात्रि में ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कें लिये भेज दिया। पुलिस ने घायल दोनों पिता-पुत्र को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें बाहर के लिए रैफर कर दिया। घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। कार पर भारतीय गौरक्षा वाहिनी बिजनौर लिखा हुआ है। मृतक ग्राम हीमपुर दीपा स्थित दयानंद इंटर कॉलेज मे क्लर्क के पद पर कार्यरत थे। वे अपने परिवार सहित स्याऊ में रहते थे। इस हादसे से उनके परिवार मे कोहराम सा मच गया। देर रात्रि कड़ाके की सर्दी में बड़ी संख्यां में हाईवे पर भीड़ एकत्र हो गई, जिसे पुलिस ने बड़ी मुश्किल से नियंत्रित किया।

## विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा संपन्न कराई गई।

विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा 2025 के प्रथम पाली बालिका प्रात: 9:30 से 12:30 तक कुल पंजीकृत 361, जिसमें उपस्थित 116, अनुपस्थित 245 रहे। द्वितीय पाली बालक दोपहर 1:30 बजे से 4:30 बजे तक द्वितीय पाली में कुल पंजीकृत 194, जिसमें उपस्थित 69, अनुपस्थित 125 रहे। परीक्षा प्रतिनिधि विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा के श्री अब्दुल्लाह रहे। परीक्षा

### परीक्षा दो पालियों में हुई आयोजित

प्रभारी डॉ. श्रीमती प्रीति रानी रही एवं शिक्षिकाएं श्रीमती नीना वर्मा, श्रीमती नीरज, श्रीमती डॉ. अमृता चौहान, श्रीमती उषा रानी, श्रीमती पुष्पा वर्मा, श्रीमती सपना चौहान, श्रीमती प्रभुता रानी, श्रीमती विनोद शर्मा, श्रीमती सुषमा शर्मा, श्रीमती पूनम राजपूत, श्रीमती सारिका भटनागर, श्रीमती रजनीश, लिपिक लाल सिंह आदि रहे। दोनों पालियों की परिक्षायें शांति पूर्ण रूप से संपन्न हुई।

## एक नजर

### मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**बिजनौर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने और जमा हुए फार्मों को डिजिटाइज करने के लिए आज तीन विधानसभा क्षेत्र बिजनौर, नहटौर तथा चांदपुर स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करते हुए बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मतदाताओं को यथासंभव सुविधा प्रदान करें और उनको सहयोग भी उपलब्ध कराएं ताकि सभी मतदाता अपने आवेदन पत्रों को भर कर जल्द से जल्द जमा कर सकें। उन्होंने सभी मतदाताओं का आह्वान करते हुए कहा कि 4 दिसंबर की प्रतीक्षा न करें यथासंभव तत्काल अपने गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं ताकि वह उनको ऑनलाइन फीड कर सकें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं द्वारा अपने गणना प्रपत्रों को जमा नहीं किया जाएगा, उनके नाम नई वोटर लिस्ट में शामिल नहीं होंगे और जिसके फलस्वरुप वे अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाताओं से प्राप्त होने वाले गणना प्रपत्रों को प्राथमिकता के आधार पर डिजिटाइज करना सुनिश्चित करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा अपने फार्म भरकर तत्काल बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध कराएं ताकि उनको जल्द से जल्द डिजिटाइज्ड किया जा सके।

### तत्काल बीएलओ को जमा कराएं फार्म



**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के दृष्टिगत विधानसभा क्षेत्र नूरपुर स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों सहित कम प्रगति वाले मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए उपस्थित बीएलओ एवं सहयोगी कार्मिकों को कड़े निर्देश दिए कि आज शाम तक कम से कम 70 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को ऑनलाइन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि इस प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही संज्ञानित होने पर संबंधित कार्मिक के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बिजनौर के सभी आमजन का आह्वान करते हुए कहा कि बीएलओ द्वारा वितरित अपना और अपने परिवार के गणना प्रपत्र को तत्काल भरकर बीएलओ को उपलब्ध करा दें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि यदि उनके द्वारा गणना प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराए गए तो मतदाता सूची में उनके नाम शामिल नहीं होंगे और वे अपने मताधिकार से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उन्हीं नाम आगामी नौ दिसंबर 2025 को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित किए जाएंगे। अत: कोई भी मतदाता गणना प्रपत्र भरने से वंचित न रहने पाए।

### सेंट मैरी में वार्षिक उत्सव मनाया



**अफजलगढ़।** सेंट मैरी भिक्कावाला का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार बबली बिशप विंनसेंट द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा संयुक्त परिवार की झलकिया प्रस्तुत की गई थी। झलकियों के माध्यम से बताया गया कि किस तरह आज लोग संयुक्त परिवार से दूर होते जा रहे हैं। आज का समाज मोबाइल के चक्कर में खत्म होता जा रहा है। इसमें दिखाया गया है कि मोबाइल द्वारा समाज समय दोस्ती को खत्म कर दिया गया है। आधुनिक युग में लोग अपने रिश्ते को भूलते जा रहे हैं। लोग ग्रामीण क्षेत्र से पढ़ने के चक्कर शहरों की और पलायन कर रहे हैं। स्कूल के छात्र आयुष कुमार नवजोत कैथरीन ऐजम जसप्रीत कोर दिगपाल हर्षिता आदि छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर करुणा, मैनेजर फादर पिलिप्स, गन्ना समिति के अध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह, ग्राम प्रधान चौधरी गितेंद्र सिंह, एसएसआई श्रीपाल सिंह पुंडीर तथा सभी फादर सिस्टर लोग अभिभावकगण व भारी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### बीएलओ ने निभाई जिम्मेदारी



**चांदपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी बिजनौर के दिशा निर्देश पर आज चांदपुर में समस्त बूथों पर बीएलओ, पदाभिहित अधिकारी, सुपरवाइजर ने अपनी ड्यूटी निभाई। इस दौरान नगर के एमएम इंटर कॉलेज में बीएलओ उपस्थित रहे, जिन्होंने नागरिकों द्वारा भरे गए एसआईआर फॉर्म भरे और जमा कराने का कार्य किया। इस अवसर पर मौहम्मद यूसुफ भाग संख्या 173 कटकुई, शोएब कुरैशी भाग संख्या 170 काजीजादगान (आ), शाहिद हुसैन भाग संख्या 169 काजीजादगान, इसरार हुसैन भाग संख्या 171 काजीजादगान, मौहम्मद शारिक भाग संख्या 167 काजी जादगान, मौहम्मद आसिम भाग संख्या 166 मौहल्ला काजीजादगान-आ. सहित समस्त बीएलओ मौके पर उपस्थित रहे। जिन्होंने अपने-अपने बूथ स्थलों पर बैठकर नागरिकों के एसआईआर फॉर्म भरे और जमा कराये।

### महिला-पुरुष के बीच विवाद

**स्योहारा।** नगर निवासी अजीम चौधरी और एक महिला के बीच पुराने विवाद फिर उभर आए। पहले दोनों पक्ष एक-दूसरे पर मुकदमे दर्ज करा चुके हैं। रविवार को मुरादाबाद मार्ग स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर दोनों में कहा. सुनी और मारपीट का मामला सामने आया। महिला ने अजीम चौधरी पर मारपीट का आरोप लगाया, जबकि अजीम का कहना है कि महिला और उसके भाई ने उनकी बाइक से गुजरते समय उनका कपड़ा खींचा, जिससे वे गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई और मामले की जांच शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्ष तहरीर देने की तैयारी कर रहे थे।

## ओवरलोड पांच ट्रकों के पुलिस ने काटे चालान

**स्योहारा।** नगर में लगातार लग रहे जाम की समस्या को देखते हुए पुलिस सक्रिय हो गई है। मुख्य बाजार और भीड़भाड़ वाले मार्गों पर ओवरलोड ट्रकों द्वारा उत्पन्न अव्यवस्था के चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

पुलिस ने रविवार को विशेष अभियान चलाकर ओवरलोड चल रहे गन्ने के ट्रकों की जांच की। इस दौरान पांच ओवरलोड गन्ने के ट्रकों का चालान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि ओवरलोडिंग न केवल जाम का कारण बनती है बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ाती है। इसलिए ट्रक चालक निर्धारित क्षमता के अनुसार ही वाहन चलाएं।

# डा. अम्बेडकर की प्रतिमा व बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त

### दलित समाज में आक्रोश, ट्रक चालक गिरफ्तार






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बीती रात्रि धामपुर शुगर मिल में गन्ना ढो रहे एक ट्रक चालक से अंबेडकर चौक की दीवार में टक्कर लगने से प्रतिमा स्थल की दीवार व प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद दलित समाज में रोष फैल गया। आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर अम्बेडकर चौक पहुंचे और आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग और अम्बेडकर चौक की टूटी बाउंड्री वाल व क्षतिग्रस्त प्रतिमा के पुन:निर्माण की मांग की।

मौहल्ला पतियापाड़ा निवासी कमल पुत्र स्वर्गीय चंद्रपाल सिंह का कहना है कि ट्रक नंबर यूपी21आरएन 4592 के चालक ने गन्ने से लदे ट्रक को तेजी से लापरवाही से चला कर अंबेडकर चौराहे पर स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा वाले बाउंड्री वॉल को क्षतिग्रस्त कर गिरा दिया। दलित समाज के लोगों में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं दीवार के क्षतिग्रस्त होने पर भारी रोष है। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल की टूटी बाउंड्री वॉल व बाबा साहब की प्रतिमा का पुनर्निर्माण हो तथा आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई भी होनी चाहिए। इस दौरान बड़ी संख्या में दलित समाज के लोग आजाद समाज पार्टी जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर के नेतृत्व में थाना पहुंचे। उन्होंने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से मिलकर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई करने एवं डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थल की बाउंड्री वॉल एवं प्रतिमा की पुन: निर्माण कराये जाने की मांग की। हालांकि पुलिस ने समय रहते सब कुछ शांत करते हुए मिल अधिकारियों से इस मामले में बात कर अगली कार्रवाई की बात कही है। मौके पर ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया था। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर, कृष्ण कुमार, सुरेंद्र खन्ना, विजय कुमार, जावेद अहमद आदि सहित बड़ी संख्या में दलित समाज के लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 120 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण



**धामपुर।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल में नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनुभवी डॉक्टर की टीम ने 120 रोगियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर की नि:शुल्क जांच की गई एवं दवाइयां भी नि:शुल्क वितरित की गई। चेयरमैन डॉ. एनपी सिंह ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। यही मानकर हमारी टीम इलाज करती है। शिविर में डा. पल्लवी सिंह, डा. रवेन्द्र सिंह, डा. आकाश कुमार, डा. रेनू सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल स्टाफ त्रिवेंद्र राणा, अंकुर कौशिक, कुलदीप कुमार, वर्षा चौहान, लक्ष्मी, निशु रानी, कुलदीप कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सात बार हनुमान चालीसा का पाठ



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। शक्ति नगर कॉलोनी में विजेंद्र गोयल के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। आयोजक परिवार को श्रीराम दरबार भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में नीरज गोयल, वंदना गोयल, अमन गोयल, शिवांगी गोयल, विजेंद्र गोयल, महंत राहुल अग्रवाल आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, जगदीश अरोड़ा, मनोज रस्तौगी, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, नंदकिशोर रस्तौगी, निखिल अरोड़ा आदि शामिल रहे।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

## छात्रों ने दिखाई उम्दा खेल भावना, विजेताओं को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। अंतिम दिवस पर विद्यार्थियों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबलों में भाग लिया।

समापन दिवस पर क्रिकेट, खो-खो और बास्केटबॉल के फाइनल मुकाबले आकर्षण का केंद्र रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री आर.के. यादव ने क्रिकेट मैच में बैटिंग कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल नियमों की जानकारी देते हुए प्रतियोगिता शुरू कराई। विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे।

क्रिकेट में ग्रीन हाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय और येलो हाउस तृतीय स्थान पर रहा। खो-खो में रेड हाउस प्रथम, ग्रीन हाउस द्वितीय और येलो हाउस तृतीय स्थान पर रहा। बास्केटबॉल में येलो हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में विजेता टीमों व प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य आर.के. यादव द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीमवर्क व आत्मविश्वास बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

## आपदा मित्र प्रशिक्षण के लिए रवाना




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से आपदा मित्र योजना के तहत प्रथम चरण में 50 स्वयंसेवकों को आपदा प्रशिक्षण के लिए हरी झंडी दिखाकर एसडीआरएफ लखनऊ के लिए रवाना किया गया।

उन्होंने बताया कि आपदा मित्र प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले में आपदा का सामना करने में सक्षम बनेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आपदा मित्र जिले में फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग ने एनसीसी, एनएसएस व एनजीओ में से इन स्वयंसेवकों का चयन किया है। इन सभी को 12 दिन के प्रशिक्षण के लिए एसडीआरएफ लखनऊ भेजा जा रहा है। केंद्र सरकार की तरफ से सामुदायिक जागरूकता से आपदाओं के समय होने वाले नुकसान को कम करने लिए इस योजना को लागू किया जा रहा है। आपदा मोचक निधि से आपदा मित्र परियोजना संचालित की जाएगी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निर्देशों पर इन स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन, आपदा पूर्व तैयारी, भूकंप सुरक्षा, खोज एवं बचाव, अग्नि सुरक्षा, बरसात के मौसम में बाढ़, आकाशीय बिजली, सीपीआर आदि का निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन्हें आपातकालीन किट उपलब्ध कराई जाएगी। जिनका उपयोग आपदा के समय किया जा सके। जिसमें फर्स्ट एड किट, लाइफ जैकेट, टार्च, सुरक्षा हेलमेट, लाइटर, बहु उपयोगी रस्सी, कटर, सीटी आदि दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव तथा आपदा मित्र मौजूद थे।

# डॉ. अंजू बंसल 'अवध रत्न सम्मान' से विभूषित

### कैफे आजमी अकादमी सभागार लखनऊ में कार्यक्रम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** संगम फाउंडेशन द्वारा कैफे आजमी अकादमी सभागार, निशातगंज (लखनऊ) में कल आयोजित 'अवध रत्न अवॉर्ड' समारोह में वर्धमान डिग्री कॉलेज के हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजू बंसल को 'अवध रत्न सम्मान' से विभूषित किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नौ चुनिंदा व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। जिन्हें संस्था द्वारा 'नवरत्न' की उपाधि दी गई। सभी सम्मानित अतिथियों को प्रशस्ति-पत्र, पुरस्कार और शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व कार्यकारी मुख्यमंत्री अम्मार रिजवी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में दानिश आजाद अंसारी (राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ-हज), प्रो. अजय तनेजा (कुलपति, ख्वाजा मो. इनुद्दीन चिश्ती लैंग्वेज यूनिवर्सिटी) तथा सैयद जफर इकबाल (फाउंडर, शम्स नेशनल स्कूल गाजीपुर) शामिल रहे। इन्हीं के कर-कमलों से डॉ. अंजू बंसल को हिंदी साहित्य में उत्कृष्ट समर्पण हेतु 'मलिक मौहम्मद जायसी अवध रत्न अवॉर्ड' प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर सैयद शफीक अहमद अशरफी ने सम्मानित व्यक्तियों का परिचय कराते हुए कहा कि डॉ. अंजू बंसल ने शिक्षा, अध्यापन, शोध और लेखन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनकी शोध-लेखन यात्रा और कविताएं हिंदी भाषा की गरिमा बढ़ाने के साथ मानवता की आवाज को नई दिशा दे रही हैं। ऑल इंडिया रेडियो पर उनकी वार्ताओं ने साहित्य एवं सामाजिक विषयों को आम लोगों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उनके शोध-पत्र राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोधार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। अंत में कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर सैयद शफीक अहमद अशरफी ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैसर्स सिंह ट्रांसपोर्ट, ग्राम फरीदपुर उददा, चांदपुर रोड, जिला-बिजनौर (यू0पी0) पंजीकरण सं0-BIJ/0006839 में दो पार्टनर, श्रीमती सुमित्रा पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह एवं अनुज चौधरी पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह थे। पार्टनर श्रीमती सुमित्रा ने दिनांक 29.11.2025 को रिटायरमेन्ट लेकर अपनी साझीदार समाप्त कर ली है। फर्म में दिनांक 29.11.2025 को श्रीमती अनुनमा पत्नी श्री नीरज एवं श्रीमती शैली आर्य पत्नी श्री अनुज चौधरी शामिल हो गयी हैं। रिटायरमेंट लेने वाले पार्टनर की उक्त फर्म पर अब कोई लेनदारी/देनदारी नहीं है। फर्म में अब तीन पार्टनर श्री अनुज चौधरी, श्रीमती अनुनमा एवं श्रीमती शैली आर्य हैं।

**भवदीय-( अनुज चौधरी ) पार्टनर**
**मैसर्स सिंह ट्रांसपोर्ट, ग्राम फरीदपुर उददा, चांदपुर रोड,**
**जिला- बिजनौर ( यू०पी० )**

# गिरफ्तार किसान नेताओं को रिहा करे उड़ीसा सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** किसान खेत मजदूर संगठन संगठन की बैठक में किसानों पर दमनात्मक कार्रवाई के विरुद्ध आन्दोलन कर रहे किसान नेताओं की गिरफ्तारी पर रोष जताया और उड़ीसा सरकार से जिंदल पास्को की जमीन देने के फैसले को निरस्त करन नेताओं की रिहाई की मांग की।

ग्राम सिंहपुर सानी में ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की बैठक में ओडिशा के क्योंझर जिले के पटाना ब्लॉक के गांवों की लगभग 11000 एकड़ जमीन जिंदल- पोस्को को दिये जाने का वहां के किसान लगातार विरोध कर रहे हैं। उड़ीसा सरकार ने किसानों पर दमनात्मक कार्रवाई करते हुए दिनांक 26-27 नवंबर की रात को आंदोलन की अगुवाई कर रहे 6 किसान नेताओं को जनता के भारी विरोध के बावजूद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दमन की इस कार्यवाही और पूंजीपतियों के पक्ष में किसानों की जमीन छीनने की सरकार की कार्रवाई के खिलाफ उड़ीसा के किसान लगातार आंदोलन के रास्ते पर हैं। बैठक में संगठन के सम्भल जिला इकाई की ओर से उड़ीसा के आंदोलनरत किसानों के साथ अपनी हमदर्दी जतायी और उड़ीसा सरकार से जिंदल पास्को को किसानों की जमीन देने का फैसला निरस्त कर गिरफ्तार किए गए किसानों को तुरंत रिहा करने की मांग की। इस मौके पर चौधरी नवकेश सिंह आदि मौजूद रहे।



सम्भल- बॉडी-बिल्डिंग प्रतियोगिता में शरीर की बनावट पर प्रर्दशन करते प्रतिभागी।



विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही।

# मुनाजिर मिस्टर सम्भल व देवेन्द्रपाल बने मिस्टर रूहेलखंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में स्थानीय और दूर दराज से पहुंचे प्रतिभागियों ने अपने शरीर का प्रर्दशन कर बाजी मारी।देर रात तक चली प्रतिभागियों ने अपने शरीर का बेहतरीन प्रर्दशन कियी। विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

चन्दौसी मार्ग स्थित दून मॉडर्न पब्लिक स्कूल मे आयोजित प्रतियोगिता में स्थानीय और दूर दराज से पहुंचे प्रतिभागियों ने एक दूसरे से आगे रहने को बढ़-चढ़कर अपने शरीर का प्रर्दशन कर निर्णायक मंडल का ध्यान अपनी और आकृषित किया जबकि दश्रकों का भी मन मोह लिया। प्रतिभागियों की ओर ऐ एक दूसरे को टक्कर देने के लिए कड़ी मेहनत से तैयारी करके प्रतियोगिता में मंच पर प्रर्दशन करने पहुंचे। निर्णायक मंडल ने प्रथम चरण में जिला सम्भल की घोषणा की जबकि बाद मे रूहलेखण्ड स्तर की प्रतियोगिता करायी। निर्णयक मंडल के अनुसार पहले सत्र में मिस्टर संभल मुनाजिर चौम्पियन जिम), मिस्टर मसल्समेन सम्भल फुरकान (वैलनेस जिम) के रहे। मिस्टर बेस्ट पोजर सम्भल राजेंद्र (वैलनेस जिम), बेस्ट इम्प्रूवमेंट ऑफ संभल आयुष (न्यू इंडियन जिम), मिस्टर रूहेलखंड देवेंद्र पाल (बरेली), मिस्टर मसल्समैन ऑफ रूहेहलखंड नईम (रामपुर), मिस्टर इम्प्रूवमेंट ऑफ रोहिलखंड राहत (मेरठ) घोषित किए गये। जज-अल्ताफ अहमद नजमुन्नबी ने सभी की घोषणा की। सभी घोषणाओं से तालियों की गड़गड़ाहट और हिप्प-हिप्प, हुर्रे-हुर्रे की आवाज गूंज उठी। हर कोई अपने शरीर सौष्ठव की प्रतिभा का प्रर्दशन करता हुआ नजर आया। 150 बॉडी बिल्डर्स सम्भल और दूसरे जनपदों से कम्पटीशन मे शामिल होने के लिए पहंचे। कार्यक्रम मे विशेष सहयोग डा. सचिन सक्सैना चैरिटेबल ब्लड की ऑनर डा. रितु सक्सैना का रहा। जबकि कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व चैयरमेन नगर पालिका परिषद सम्भल हाजी नुसरत इलाही तथा हाफिज तंजीम आलम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौ. कैश ने की तथा संचालन फराज एडवोकेट अर्शी ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम मे चेयरमैन फराज खान एडवोकेट, सीक्रेटरी आसिफ, जनरल सेक्रेटरी हाजी नाजिश, वाईस प्रेसिडेंट अजहर, आलम, समीर वाहिद, मौ. युसूफ, रहबर, मौ. सुहैल, आसिम खान आदि रहे।

# बबराला में बाईपास बनने से मिल सकेगी अतिक्रमण से राहत

शाह टाइम्स, संवाददाता






**बबराला।** नगर में अतिक्रमण से बचाव के लिए बाईपास बनाए जाने की आवश्यकता है। नगर का इंदिरा चौक अतिक्रमण का शिकार हैं। यहां से ओवरलोड वाहनों पर भी निकलना होता है क्योंकि यह आगरा मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है । इंदिरा चौक पर वाहनों का जमावड़ा रहता है। बड़े वाहन दिल्ली,गाजियाबाद आदि को नगर से होकर गुजरते हैं। जिनसे हादसा होने और जाम की स्थिति बनती है। इस जाम से बचने को बाईपास निकाले जाने की आवश्यकता है।नगर के अमित यादव ने कहा कि बबराला में बाईपास बनना चाहिए जिससे दिल्ली को जाने वाले भारी वाहन नगर से होकर न गुजर सकें। डा. राहुल यादव ने कहा कि अनूपशहर का पुल बनने से दिल्ली जाने वाले वाहन दूरी कम होने की वजह से नगर के अंदर से गुजरते हैं।ट्रक भी लोड लेकर यहीं से गुजर रहे हैं। रवि शर्मा ने कहा कि अगर बाईपास बन जाता है तो अतिक्रमण से राहत मिल सकेगी।इंदिरा चौक भी जाम के झाम से बच जायेगा।यंहा वाहन भी नही फसेंगे। अनिल अग्रवाल ने कहा कि नगर के व्यवसाइयों ने इसकी मांग काफी समय से की है।लेकिन अभी तक अमल नहीं हो सका है।मुख्यमंत्री बाईपास को मंजूरी दें।

# रंगदारी मांग रहा फर्जी पुलिस कर्मी धरा

**0 तीस हज़ार न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की दे रहा था धमकी, शिकायत पर पुलिस ने दबोचा**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस कर्मी बनकर धन ऐंठ रहे फर्जी पुलिस कर्मी को पुलिस ने धर दबौच लिया। पकड़ा गया फर्जी पुलिस कर्मी पहले भी पकड़ा जा चुका है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम शाहबाजपुर कला निवासी भोलू की सूझबूझ और समय पर दी गई सूचना ने पुलिस को एक बड़े रंगदारी के खेल का पदार्फाश करने में मदद की। जानकारी के मुताबिक आरोपी सलमान उर्फ मुबारिक, निवासी ग्राम नहरोला थाना एचोड़ा कम्बोह का खुद को पुलिसकर्मी बताकर लोगों से पैसे ऐंठने की कोशिश कर रहा था। भोलू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपी उससे 30 हजार रुपये की मांग कर रहा है। रकम न देने पर उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही थी। भोलू को इस पूरे मामले में कुछ गड़बड़ की आशंका हुई, जिसके बाद उसने तुरंत पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सलमान उर्फ मुबारिक को पकड़ लिया गया। पूछताछ में यह बात भी सामने आई कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी वह इसी तरह के अपराध में सम्भल कोतवाली से जेल जा चुका है। पुलिस का कहना है कि आरोपी खुद को पुलिस कर्मी बताकर भोले-भाले लोगों को धमकाता था और पैसों की मांग करता था। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब आगे की वैधानिक कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे फर्जीवाड़े करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और लोगों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है। इस वारदात ने एक बार फिर साबित किया कि फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय है, लेकिन सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने इस मामले में आरोपी को ज्यादा देर तक खुला नहीं छोड़ने दिया।



सम्भल-फर्जी पुलिस वाला बनकर अवैध उगाही करने के आरोप में गिरफ्तार युवक।

## कल्कि महोत्सव में हिंदू जागृति मंच करेगा सहयोग

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्री कल्कि महोत्सव में 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक होने वाली श्रीकल्कि कथा कार्यक्रम में हिंदू जागृति मंच तन मन धन से पूर्ण सहयोग करने का निर्णय लिया गया। तिरंगा मार्केट में हिंदू जागृति मंच की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कहा गया कि सामूहिक रूप से श्रीकल्कि धाम में 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक होने वाली श्री कल्कि कथा जिसका वाचन परम पूज्य स्वामी रामभद्राचार्य करेंगे। कार्यक्रम में पूरी तरह से तन मन धन समय और हर ऊर्जा के साथ सहयोग किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि संभल के नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से आमंत्रण पत्र दिए जा चुके हैं। प्रतिदिन राम भक्तों, कल्कि भक्तों को एकत्र करके कल्कि महोत्सव में ले जाना और जिम्मेदारी से उन सभी भक्तों को वापस उनके घर तक पहुंचाने की योजना हिंदू जागृति मंच द्वारा बनाई गई है। बैठक में मीनू रस्तोगी, शालिनी रस्तोगी, अमित शुक्ला, सुभाष चंद्र शर्मा, दुर्वेश सैनी, अमित वार्ष्णेय, वैभव गुप्ता, पंकज सांख्यधर, साहिल गां, सुभाष चंद्र मोंगिया, रानी मोंगिया आदि मौजूद रहे।

# संस्था के प्रयासों से वैवाहिक बंधन में बंधने से बची बालिका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बाल विवाह मुक्त अभियान संस्था के प्रयासों से बाल विवाह रोकने में सफलता मिल गइ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी का बाल विवाह होने से रुकवाया।

**0पुलिन से पहुंचकर रूकवाया**

भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने पत्र जारी कर बाल विवाह रोकने को चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये थे कि कहीं भी बाल विवाह न होने पाए। रविवार को थाना बनियाठेर अंतर्गत एक गाँव में एक किशोरी का बाल विवाह होना था जिसकी सूचना जिले में बाल विवाह के लिए काम करने वाली जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था को मिली जिस पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने किशोरी के होने बाले बाल विवाह को तुरंत प्रभाव से रोकने के लिए थाना ए एच टी एवं थाना बनियाठेर को आदेशित किया जिसके अनुक्रम में कर्यवाहक प्रभारी उप निरीक्षक बाबू राम सैनी के निर्देशन में एक टीम गठित की जिसने गाँव पहुंचकर किशोरी के आयु संबंधित दस्तावेजों की जांच की जिसमें किशोरी के नाबालिग होने की पुष्टि हुई जिस पर टीम ने परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेधा अधिनियम 2006 के विषय में समझाया और कहा कि बाल विवाह के आयोजन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागी जिसमें शादी कराने वाले पंडित से लेकर नाई हलवाई टेंट वाला और सभी सेवा प्रदाताओं के साथ जो भी बाल विवाह के आयोजन में सम्मिलित होगा उन सभी पर कानूनी कार्यवाही कि जाएगी जिसके बाद किशोरी का बाल विवाह रुकवा दिया गया और किशोरी को वन स्टॉप सेंटर ले जाया गया जहां चाइल्डलाइन टीम द्वारा किशोरी कि काउंसलिंग कि गई और कल बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा इस अवसर पर एनजीओ प्रभारी गौरीशंकर चौधरी, थानाध्यक्ष बनियाठेर मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।



सम्भल-जनेटा शरीफ में उर्स में कुल रस्म अदायगी में कलाम सुनाते कव्वाल।

# जनेटा शरीफ में कुल रस्म अदायगी के साथ सम्पन्न हुआ उर्स मेला

**0सज्जादानशींन मुतवल्ली शाहिद मियां ने कराई अमन की दुआ**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आस्ताना ए आलिया कादरिया चिश्तिया मौअज्जिमीया नौशाहिया का नवम्बर से चले उर्स का समापन रविवार 30 नवम्बर को बड़े कुल की रस्म के साथ हो गया।

जनेटा शरीफ स्थित दरगाह पर आयोजित उर्स कार्यक्रम के तीसरे दिन नमाजे फजर खत्म मुकददस किताब की तिलावत से हुआ। जबकि 10 बजे नात ख्वानी हुई। दोपहर एक बजे परम्परागत रूप से ग्राम बैटला की चादर देश पेश की गई। मुख्य उर्सगाह मे नातो मनकबत व कव्वालियों का सिलसिला चलता रहा। दोपहर तीन बजे उर्स की अंतिम व सबसे अहम रस्म अदा करायी गयी। इसमे बड़े कुल शरीफ मे सभी बुजुर्गो के कुल साथ विशेषकर हजरत मौअज्जम मियां शाह रह. कुल शरीफ आयोजित किया गया। अंत मे सज्जादानशींन हजरत सैयद डा. शाहिद मियां कादरी नौशाही ने दुआ कराई। मुल्क क्षेत्र मे अमन शांति की दुआ के लिए सैकड़ों हाथ उठे। शाहिद मियां ने कहा कि खानकाहों और दरगाहों से इंसानियत और मौहब्बत का पैगाम जारी होता है। मकसद लोगों की खिदमत करना और कमजोरो व गरीबों की मदद करना। उर्स मे महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तराखण्ड, दिल्ली से जायरीन आये। उर्स हजरत सैयद शाहिद मियां सज्जादानशींन व मुतवल्ली की सरपरस्ती मे आयोजित किया गया। उर्स की रस्मों की देखरेख व प्रबंध साहिबे सज्जादगाान डा. सैयद अकरम मियां, सैयद अफजल मियां, सैयद आमिर मियां व सैयद अजमल मियां ने किया।

# यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनाने वाले पुलिसकर्मी किए पुरस्कृत

**0नवम्बर यातयात माह के समापन पर हुआ कार्यक्रम**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** माह नवम्बर में चले यातायात माह का समापन हो गया। कार्यक्रम में सर्वाधिक चालान करने वाले पुलिस कमियों को सम्मनित किया।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में पुलिस लाइन, स्थित सभागार में यातायात जागरूकता माह नवम्बर (2025)के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात, होमगार्ड कमांडेंट तथा प्रभारी यातायात की गरिमामयी उपस्थिति रही। यातायात माह के दौरान विभिन्न विद्यालयों में आयोजित निबंध, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सर्वाधिक चालान करने वाले यातायात कर्मियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। जनपद में यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं लोगों को जागरूक करने हेतु हेलमेट वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत जरूरतमंद व्यक्तयों को हेलमेट प्रदान किए गए।

## राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के संगठन का विस्तार कर सौंपी जिलामंत्री की कमान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रविवार को राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार को लेकर ग्राम पंचायत चकूनी में एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकान्त त्यागी के दिशा निर्देशन में जिला अध्यक्ष डा. बिषांक त्यागी द्वारा प्रदीप त्यागी को जिला मंत्री मनोनीत किया गया। डा. बिषांक त्यागी ने कहा कि पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुँचाने व पार्टी को शक्तिशाली, प्रभावशाली एवं संगठित करने में सहायता प्रदान करेंगे। इस अवसर पर मनोज त्यागी सतीश त्यागी शूरवीर त्यागी आयुष्मान भारद्वाज रोहित प्रदीप त्यागी अनिल त्यागी कुमारपाल त्यागी विपिन नितिन आयुष्मान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बसपा की बैठक में एसआईआर पर ध्यान देने के निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बहुजन समाज पाटी की समीक्षा बैठक में एसआइआर की विस्तार से जानकारी दी और प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ पर जाकर वोटों पर ध्यान देने व कोई भी वोट छूट न पाने के निर्देश दिए।

गवां सम्भल रोड स्थित हाजी रफतुल्ला उर्फ नेता छिददा के आवास पर आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि मंडल व पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी पूर्व सांसद गिरीश चन्द्र जाटव ने एसआईआर की विस्तार से जानकारी दी। उन्होने कोई भी वोट छूटने नहीं पाये इसलिए बूथों पर जाकर ध्यान देने के निर्देश दिये। मुख्य मंड प्रभारी, देवेन्द्र भारती ने कहा कि पार्टी मुख्यिाया के निर्देश पर संविधान निर्माता बाबा सहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के परिनिवाण दिवस पर छह दिसम्बर को प्रेरणा केन्द्र नोएडा में श्रृद्वा सुमन अर्पित करने भारी संख्या में पहुंचकर बीएसपी की ताकत का अहसास कराकर 2027 में मुख्यमंत्री बनाना है। इस मौके पर संसार सिंह एड., हरद्वारी लाल गौतम, ओम प्रकाश राव, अजब सिंह, डा. अर्जुन सिंह प्रजापति, उमेश सागर, फिरोज मलिक, मदनपाल सिंह, सुभाष त्यागी, किशोरी लाल सागर, डा. जगरूप गौतम, सोमपाल बाबू जी, शौकीन अहमद, परेवज खान, रवि शंकर भारती, नरेन्द्र सिंह, दिनेश यादव, आरिफ मलिक, मोन्टी सागर, दिलीप भारती,प्रेमपाल भारती, इब्राहीम आदि मौजूद रहे। बैठक के आयोजक रफतउल्लाह उर्फ नेता छिददा ने सभी का आभार जताया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह एड. ने व संचालन जिला सचिव राम बहादुर सिंह ने किया।



सम्भल- बसपा की बैठक में बोलते पूर्व सांसद गिरीश चन्द्र।

## एक नज़र इधर भी



बबराला- मौत बनकर नीचे लटकते बिजली के तार।

## बिजली के तार बने हादसे का सबब

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर बबराला की मुनीम कलोनी में बिजली विभाग अपनी मनमानी कर रहा है।खंभा लगा हुआ है लेकिन तारों को खंभे पर नहीं जोड़ा गया।मोहल्ले के लालू यादव ने कहा कि विद्युत अधिकारियों को फोन के माध्यम से कई बार शिकायत करने पर सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। मोहल्ले में जमीन से मात्र चार-पांच फीट ऊपर लटके बिजली के तारो से कभी भी हादसा हो सकता है। इससे जान माल की हानि के साथ कोई भी घटना घटित हो सकती है। अगर कोई भी घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार स्वयं बिजली विभाग होगा। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय जाकर लिखित में जिलाधिकारी से शिकायत की जायेगी।

# 650 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शासन की महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 650 जोड़ों का धार्मिक रिति रिवाज के अनुसार सम्पन्न कराया गया।

बहजोई के बड़ा मैदान पर आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत पंजीकरण एवं विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि शासन की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, उन्होंने शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन की सराहना की। प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि यह एक बहुत ही बड़ा समारोह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अब बेटियों के विवाह पर 51 हजार रुपये के स्थान पर एक लाख रुपये खर्च किये जा रहे हैं। उन्होने कहा कि शासन की सोच को दिखाता है कि सरकार गरीब परिवारों के हित के लिए कितना सोच रही है। शासन आम व्यक्ति के सभी हितों का ध्यान रखती है तथा योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवारों को हर चिंता से मुक्त करने का कार्य करती है। शासन द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ यह कार्य किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत 650 जोड़ों का सामूहिक विवाह उनके सामाजिक/धार्मिक मान्यता परम्परा रीति रिवाज के अनुरूप आज सम्पन्न हुआ तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकासखंड तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायत स्तर पर हिन्दू एवं मुस्लिम आवेदन प्राप्त हुई तथा कार्यक्रम में बायोमैट्रिक्स के आधार पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत आयोजन में सम्मिलित होने वाले जोड़ों की उपस्थिति



सम्भल- मुख्यमंत्री सामूहिक वैवाहिक बंधन में जोड़ो को आशीर्वाद देते।

# झूठा मुकदमा लिखाकर रंगदारी मांगने का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**बबराला।** झूठे मुकदमें लिखाकर एंव मृत्यु का भय दिखाकर व्यापारी से 30 लाख रुपये की रंगदारी मागंने क आरोपी को पुलिस ने धर दबौच लिया। विगत 26 नवंबर 2025 को व्यापारी विनोद आर्य आदि द्वारा स्वंय के विरुद्ध झूठे मुकदमे लिखाकर 02 लाख रुपये वसूलने व दोबारा से झूठे मुकदमे फंसाने की धमकी और मृत्यु का भय दिखाकर 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगने की तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 308(5) बीएनएस पंजीकृत किया। जांच के दौरान प्रकाश में आया कि गिरफ्तार आरोपी द्वारा अपने साथी के मिलकर व्यापारी पर झूठे मुकदमे लिखवाकर एंव मृत्यु का भय दिखाकर पैसे की मांग की गयी। जिसमें पूर्व में 02 लाख रुपये की रंगदारी ली गयी तथा 30 लाख रुपये की और मांग की जा रही थी। आरोपी आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है। जिसके विरुद्व थाना धनारी जिला सम्भल पर पूर्व में झूठे साक्ष्य गढ़ने के मामले में अभियोग दर्ज है। अन्य अपराधकी भी जानकारी की जा रही है। रविवार को थाना प्रभारी बबराला नरेन्द्र कुमार ने बताया कि गठित टीम में उपनिरीक्षक ब्रजपाल सिंह मय कांस्टेबल उम्मेद अली केशव कुमार द्वारा मु.अ.सं. 079/25 धारा 308(5) बीएनएस में वांछित चल रहे आरोपी विनोद आर्य पुत्र कृष्ण आर्य निवासी वार्ड नं0 04 मौ. साहूकारा कस्बा व थाना बबराला जिला को मीरमपुर बंधा तिराहा से गिरफ्तार कर लिया गया।

## जन आरोग्य मेले में 117 को दवा का वितरण

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के महिला चिकित्सालय में जन आरोग्य मेले में 117 मरीजों को देखकर दवा का वितरण किया गया। डा. विनय गंगवार ने अस्पताल में जन आरोग्य मेले आए मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया। जिसमें शुगर, दर्द, खुजली, खांसी जुखाम, बुखार के मरीज आये। शुगर के मरीजों की जांच कर दवा दी गई। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 117 मरीज आये।उनको देखकर व जांच कराकर दवा का वितरण किया गया।इस दौरान डा. कृति वार्ष्णेय, फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा, मानवेन्द्र शर्मा, विशेष कुमार, मंजू, नन्दकिशोर, रामबाबू आदि मौजूद रहे।

# थाना बनियाठेर क्षेत्र में संभावित बाल विवाह पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, विवाह रुकवाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र में संभावित बाल विवाह की सूचना पर पुलिस, प्रशासन और बाल संरक्षण इकाई ने त्वरित कार्रवाई की। सीडब्ल्यूसी द्वारा थाना एएचटीयू को सूचना मिलने पर एएचटीयू टीमकृउपनिरीक्षक बाबूराम सैनी, सिपाही नवीन कुमार, अमित कुमार, मयंक तथा थाना बनियाठेर थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक संदीप शर्मा, पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल रवि, सिपाही अरुण, मोर्ि. हत कुमार, महिला हेड कांस्टेबल डोली रानी एवं एनजीओ जस्ट राइट प्रभारी गौरी शंकर चौधरी मौके पर पहुँचे। सत्यापन में पाया गया कि विवाह हेतु निर्धारित लड़की की आयु कानूनी सीमा 18 वर्ष से कम है। इस पर अधिकारियों ने बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत परिवारजनों को जागरूक किया और समझाइश देकर विवाह को तत्काल रोक दिया। नाबालिग लड़की की काउंसलिंग कराई गई तथा सीडब्ल्यूसी के निर्देशानुसार महिला हेड कांस्टेबल डोली रानी द्वारा उसे वन स्टॉप सेंटर,



बहजोई में सुरक्षित संरक्षण हेतु दाखिल कराया गया।प्रशासन ने कहा कि बाल विवाह कानूनन दंडनीय अपराध है तथा जिले में ऐसे किसी भी प्रयास पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जनता से अपील की कि बाल विवाह संबंधी किसी भी सूचना को 112, 1076, 181, 1090, 1098, 108 या स्थानीय पुलिस व चाइल्डलाइन पर तुरंत उपलब्ध कराएँ, ताकि समय रहते हस्तक्षेप कर बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके।

# एसएस इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ सेवानिवृत्त शिक्षकों का भव्य सम्मान समारोह कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** एसएस इंटर कॉलेज में अशासकीय माध्यमिक सेवा निवृत्त शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारी कल्याण समिति की ओर से सेवानिवृत्त शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से वरिष्ठ शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, समिति के सदस्य और शिक्षा विभाग के अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने मिलकर लंबे समय तक शिक्षा क्षेत्र में अपनी विशिष्ट सेवाएं देने वाले शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को ससम्मान नमन किया।समारोह में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षकों को राष्ट्र और समाज निर्माण की आधारशिला बताते हुए कहा कि एक शिक्षक मात्र पाठ्य पुस्तकों का ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि वह विद्यार्थियों के भविष्य को संस्कार, अनुशासन और मूल्य प्रदान कर संवारता है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मान-पत्र भेंट कर उनके उज्ज्वल स्वास्थ्य एवं सुखद भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने तथा नई पीढ़ी को मजबूत आधार देने का आह्वान भी किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएस इंटर कॉलेज के उप प्रबंधक इंद्र बहादुर सक्सेना और समिति अध्यक्ष डॉ. आर.पी. शर्मा ने संयुक्त रूप से की। दोनों ही पदाधिकारियों ने कहा कि सेवा. निवृत्त शिक्षकों का अनुभव, समर्पण




और त्याग शिक्षा जगत की अमूल्य धरोहर है, जिसे सदैव सम्मान के साथ याद रखा जाएगा। उन्होंने समिति द्वारा समय-समय पर शिक्षकों के हित में किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों की भी जानक. ारी दी।इस अवसर पर जय नारायण शास्त्री, वाचस्पति मिश्र, सुशील चंद्र रस्तोगी, प्रदीप कुमार सहित कई वरिष्ठ शिक्षाविद और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का संचालन डॉ. सतीश चौहान ने किया। कार्यक्रम के अंत में समिति की ओर से सेवानिवृत्त शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और कहा गया कि उनका जीवन अनुभव आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

# आईएफटीएम में 'साइबर अपराध जागरूकता' विषय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस, साइबर क्लब एवं इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) के संयुक्त तत्वावधान में ''साइबर क्राइम जागरूकता'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को साइबर के बढते खतरों, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल सुरक्षा उपायों तथा सुरक्षित इंटरनेट उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान करना इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस के निदेशक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने व्यक्तिगत डेटा, पासवर्ड, बैंकिंग जानकारी और सोशल मीडिया अकाउंट्स को सुरक्षित रखने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां अवश्य अपनाएं।

इस मौके पर साइबर क्लब के संयोजक डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में निरन्तर बढती साइबर घटनाओं के बीच युवाओं



को साइबर सुरक्षा से संबंधित बुनियादी जानकारी एवं व्यावहारिक उपायों को समझना बेहद आवश्यक हो गया है।

उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों-जैसे कि फिशिंग, मालवेयर अटैक, पहचान की चोरी, ऑनलाइन फ्रॉड आदि से बचाव के तकनीकी तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस के शिक्षक डॉ. ललित जौहरी ने किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल स्वच्छता से जुडे अनेक प्रश्न भी पूछ गए, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। कार्यशाला के दौरान साइबर क्लब, कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग के संकाय सदस्य तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए नहीं भटकना पड़ेगा बुजुर्गों को, गांव में ही मिलेगी सुविधा

**कांठ (शाह टाइम्स)।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना के तहत अब 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों को गांव में आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। उन्हें सीएचसी या अन्य अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। स्वास्थ्य विभाग इसके लिए जिले की सभी 643 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित कर रहा है।शिविर की शुरुआत मंगलवार से हो चुकी है, जो 25 दिसंबर तक चलेगी। इन शि. विरों में पंचायत सहायकों, आशा और एएनएम को जिम्मेदारी दी गई है, जबकि सीएचसी प्रबंधन भी सहयोग करेगा। ग्राम प्रधानों को नोडल नामित किया गया है। जिले में 75 हजार बुजुर्ग हैं, जिन्हें अभियान से जोड़ा जाना है।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि पहले आयुष्मान कार्ड केवल उन्हींम परिवारों को मिल रहा था जिनके राशन कार्ड में सदस्यों की आयु 60 वर्ष व उससे अधिक होती थी।

संशोधित नियम लागू होने के बाद हर बुजुर्ग (70 वर्ष से ऊपर) को योजना से जोड़ा गया है।

# अतिक्रमण फिर बढ़ा, सड़कों पर वापसी से जाम की स्थिति गंभीर

■ मालवीय चौक से स्टेशन तक अतिक्रमण की गहन समस्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**चन्दौसी।** एक ऐसे अधिकारी, जिन्होंने अपने कार्यकाल में पूरी पारदर्शिता के साथ अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मुहिम चलाकर मिसाल कायम की थी। चाहे हाईवे हो, शहर की आंतरिक सड़कें हों या प्रमुख चौराहे, उन्होंने बिना किसी पक्षपात के अतिक्रमण हटवाए। उनका सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य था 35बी रेलवे लाइन के आसपास फैले स्थायी अतिक्रमण को हटवाना। उन्होंने राजस्व टीम गठित कर पूरे क्षेत्र से वर्षों पुराने कब्जे हटाकर रास्ता साफ कराया। उनकी मेहनत का ही परिणाम है कि शक्तिनगर जैसी पहले तंग मानी जाने वाली सड़क आज हाईवे स्वरूप में दिखाई देती है परंतु वर्तमान स्थिति चिंता. जनक है। लोग फिर से सड़कों पर स्थायी और अस्थायी निर्माण कर



अतिक्रमण फैलाने में जुट गए हैं। धीरे-धीरे सड़कों पर अतिक्रमण का स्वरूप स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है और जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। फव्वारा चौक से रेलवे स्टेशन तक अधिकतर दुकानदारों ने सड़क पर कब्जा कर रखा है। मालवीय चौक के सामने भी अतिक्रमण खुलेआम जारी है। दुक. ानदारों के आगे ग्राहकों द्वारा खड़े किए गए वाहनों से स्थिति और बदतर हो जाती है। अगर जाम लग जाए तो भी दुकानदारों को कोई फर्क नहीं पड़ता, मानो सड़क भी उनकी निजी संपत्ति हो। इसी तरह का हाल जनपद न्यायालय परिसर के बाहर भी नजर आता है। कुछ समय पूर्व यहाँ से अतिक्रमण हटाया गया था, जिससे स्थिति सुधरी थी, लेकिन अब फिर से हालात पहले जैसे हो गए हैं। पिछले वर्ष की सख्ती का असर अब समाप्त होता दिख रहा है और अतिक्रमण ने दोबारा पैर पसार लिए हैं।

# यातायात जागरूकता माह का समापन

## उत्कृष्ट विद्यार्थियों व कर्मियों को किया सम्मानित, जरूरतमंदों को मिले हेलमेट

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** रविवार को पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित सभागार में यातायात जागरूकता माह (नवंबर 2025) का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात, होमगार्ड कमांडेंट संभल तथा प्रभारी यातायात की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान यातायात माह में जनपदभर के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित निबंध, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं अनुशासन कायम रखने में उत्कृष्ट योगदान देने




वाले तथा सर्वाधिक चालान करने वाले यातायात कर्मियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। जनपद में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से हेलमेट वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत जरूरतमंद व्यक्तियों को हेलमेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित यात्रा के लिए जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना रहा।

# गुमथल चामुण्डा मंदिर में चोरों का धावा

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** सर्दी का मौसम बढ़ते ही चोरी की घटनाओं में अचानक वृद्धि देखने को मिल रही है। चोर पहले रैकी करते हैं और मौका पाकर घटनाओं को अंजाम दे देते हैं। लगभग सात दिन पूर्व गुमथल में दीपक सर्राफ के साथ दिन ढलते ही लूट की घटना सामने आई थी, लेकिन बाद में मामले को अन्य दिशा में मोड़ दिया गया। शनिवार की रात्रि चोरों ने गुमथल के मंदिर को भी नहीं छोड़ा। शातिर चोर चामुंडा देवी मंदिर में प्रवेश कर मुख्य द्वार का ताला तोड़कर गुल्लक में रखी नकदी समेट ले गए।

सुबह जब मंदिर परिसर में साफ-सफाई के लिए सेवक पहुँचा, तो उसने देखा कि पीतल का घंटा गायब है और दानपात्र का ताला टूटा हुआ है। यह देखते ही उसने ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में



एकत्र हो गए और आक्रोश व्यक्त करने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि शिव मंदिर रामलीला मैदान के समीप स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर में इससे पहले भी चोरी हो चुकी है।

लेकिन पुलिस आज तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई। ग्रामीणों का कहना है कि जहाँ एक ओर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति की बात कर रहे हैं, वहीं संभल जनपद के थाना बनियाठेर क्षेत्र में लूट और चोरी की घटनाओं में अचानक बढ़ोतरी चिंताजनक है। चामुंडा मंदिर में हुई चोरी की लिखित शिकायत थाना बनियाठेर में दे दी गई है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि मंदिर में चोरी करने वाले आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए।

# इस्लाहे आमाल कार्यक्रम में नेक अमल करने पर दिया जोर



शाह टाइम्स संवाददाता

**कुंदरकी।** क्षेत्र के रतनपुरा कलां गांव की जामा मस्जिद में दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट इसलाहे आमाल के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नोजवनों को नेक अमल करने पर जोर दिया कार्यक्रम का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से इमाम साहब ने किया इसके बाद मुबल्लिगे दावते इस्लामी इन्डिया इस्लाहे आमाल डिपार्टमेंट के यूपी वेस्ट अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा अत्तारी ने अपने बयान में कहा जिन्दगी बहुत थोड़ी है हमे जल्द ही मरना है और अपने रब को मुंह दिखाना है एक दिन मरना है आखघ्रि मौत है करले जो करना है आखिर मौत है लिहाजा हम मरने से पहले पहले मौत की तय्यारी में लग जाना चाहिए और अपना यह जेहन बनाएं मुझे अपनी ओर सारी दुनिया के लौगो की इस्लाह की कौशिश करनी है आखिर में मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई इस मौके पर शैखघ् अमीर अत्तारी इरशाद अत्तारी अब्दुल रहमान अत्तारी सय्यद उवेस मियां मोइन रजा जीशान अत्तारी सलीम अत्तारी आदि मौजूद रहे।

# कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में नहीं थम रहीं चोरी की वारदातें

## लच्छमपुर में एक और बंद घर में ताला तोड़कर हुई चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में सूने घरों को निशाना बनाने वाले चोर लगातार सक्रिय हैं, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पिछले कुछ दिनों से विभिन्न गांवों में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं और स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस इन्हें रोकने में नाकाम साबित हो रही है। शनिवार देर रात चोरों ने गांव लच्छमपुर में वीरपाल पुत्र भारत सिंह के बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर घर में रखे पीतल व स्टील के बर्तन चोरी कर लिए। रविवार सुबह जब उनके भाई जगपाल सिंह घर पहुंचे तो ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। इस पर उन्होंने तत्काल कुढ़फतेहगढ़ पुलिस को चोरी की तहरीर सौंप दी।



इसके एक दिन पहले शुक्रवार रात को भी भगतपुर मिर्जा और बाबेपुर गांव में चोरी की घटनाएं हुई थीं। पुलिस ने इन मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन लगातार हो रही वारदातों को देखते हुए ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है।

# चन्दौसी में बीएलओ घर-घर जाकर कर रहे एसआईआर फार्म संग्रह

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** राष्ट्र के महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'एसआईआर' की प्रक्रिया जनपद में तेजी से संचा. लित की जा रही है। सभी प्रशासनिक अधिकारी और बीएलओ निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने में जुटे हैं। चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर फार्म जमा करने की तिथि बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी गई है, लेकिन सहयोग की कमी के कारण कई क्षेत्रों में कार्य अभी भी पीछे चल रहा है। जिन बीएलओ ने अपना कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया है, उन्हें जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया है। जिलाधिकारी ने पूर्ण लक्ष्य हासिल करने वाले बीएलओ को 2100 रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं ब्लॉक बनियाखेड़ा के दो बीएलओ को उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने शॉल ओढ़ाकर और नकद राशि देकर सम्मानित किया। उपजिलाधिकारी ने सभी बीएलओ से अपेक्षा व्यक्त की कि वे निर्धारित समयावधि में अपना कार्य हर हाल में पूरा करें। इस बीच नगरपालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में बीएलओ घर-घर जाकर फार्म वितरण और संग्रहण का कार्य लगातार कर



रहे हैं। कुछ बीएलओ का कहना है कि उन्होंने फार्म तो वितरित कर दिए हैं, परंतु कई लोग उन्हें वापस नहीं कर रहे, जिससे कार्य में विलंब हो रहा है। आवास विकास में बीएलओ ज्योति द्विवेदी, डॉ. डी.के. अग्निहोत्री, प्रशांत कुमार, नवीन कुमार और सिद्धार्थ पाराशर को एसआईआर फार्म भरवाते हुए देखा गया। इसी तरह रघुनाथ आश्रम, पक्का कटरा, कच्चा कटरा सहित विभिन्न स्थानों पर भी बीएलओ डोर-टू-डोर जाकर फार्म कलेक्शन करते नजर आए।

# शिव पार्वती रसोई परिवार ने किया नि:शुल्क भोजन सेवा का आयोजन

**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई परिवार द्वारा प्रत्येक रविवार को नि:शुल्क भोजन सेवा का आयोजन किया जाता है, जिसमें जरूरतमंदों को छोले-चावल और जल वितरित किया जाता है। आज भी इस सेवा का आयोजन किया गया,



जिसमें संस्था के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्थापक एवं अध्यक्ष पुष्प यादव जी ने बताया कि रसोई का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मानपूर्वक भोजन पहुँचाना है, और यह सेवा निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सेवा ही सच्ची मानवता है और इस सेवा के माध्यम से हम समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहे हैं। आज की रसोई सेवा में प्रत्यूष यादव, अर्जुन सिंह, अंकुर यादव, डॉ. सतवीर चौहान, राहुल शर्मा, सुनीत अग्रवाल, योगेश भारती आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

# बीएलओ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** गांव जाहिदपुर सीकमपुर में स्थित कंपोजिट स्कूल में सहायक अध्यापक पद पर तैनात बीएलओ ने काम का दबाव बढ़ने पर शनिवार की रात को अपने आवास गांव बहेड़ी ब्रहमान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने सुसाइड नोट में आत्महत्या का जिम्मेदार स्वयं को मानते हुए परिवार को तंग नही करने की बात कहते हुए विभागीय धनराशि को पत्नी को देने को कहा है। थाना क्षेत्र के गांव बहेड़ी ब्रहमान निवासी सर्वेश सिंह (43) पुत्र राजेन्द्र सिंह ने वर्ष 2009में शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक के पद पर कंपोजिट स्कूल जाहिदपुर सीकमपुर में ज्वाइन की थी। मृतक के परिवार में पत्नी बबली, चार बेटियां तनिष्का(11),माही (8),नाईयू(5)और रूही(2)हैं। शनिवार की रात को शिक्षक दूसरी मंजिल पर सो रहा था। नीचे कमरे में पत्नी और बेटियां सो रहीं थीं। रविवार की सुबह को पत्नी बबली पति को जगाने दो मंजिल पर बने कमरे में पहुंचीं तो कमरे के अंदर का दृष्य देखकर उसकी चींख निकल गई। पति फांसी के फंदे पर मृतावस्था में लटके हुए थे। मेज पर तीन पन्ने का सुसाइड नोट रखा मिला। जिसमें शिक्षक सर्वेश सिंह ने लिखा है कि 14-15वर्ष में पहली बार बूथ संख्या 406पर बीएलओ की ड्यूटी लगी है। रात दिन काम करने के बाद भी लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाने की वजह से मानसिक तनाव में रह रहा था। टेंशन में रातें मुश्किल से कटती और दिन में चौन नही मिल रहा था। शिक्षक ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को मेहनत से पड़ा रहा था। अनुभव की कमी और एसआईआर में पहली बार बीएलओ की ड्यूटी लग जाने से वोट बनाने में आ रहीं परेशानियों का दबाव सहन नही कर पा रहा था। मानसिक तनाव के चलते रात को दो तीन घंटे भी नींद नही आ रही थी। कड़ी मेहनत करने के बाद भी लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाने का डर दिल दिमाग में रहता था। इसलिए आत्महत्या कर रहा हूं। शिक्षक ने पत्नी, बेटियों और स्कूल के छात्रों से क्षमा मांगते हुए जीवन लीला समाप्त कर ली।

मृतक की बहन ने प्रशासन को भाई की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए विधवा भाभी बबली को सरक. ारी नौकरी देने और बेटियों की परवरिश एवं विवाह के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग जिला प्रशासन से की हैष

खंड शिक्षा अधिकारी ब्लाक भगतपुर टांडा मोहित कुमार ने बताया कि एसआईआर का साठ-पैंसठ पर्सेंट काम पूरा हो चुका है फिरभी बीएलओ सर्वेश सिंह ने आत्महत्या क्यों की समझ में नहीं आ रहा है। इसकी विभागीय स्तर पर जांच की जा रही है।

# हिंदू समाज पार्टी का नव नियुक्ति कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, नए पदाधिकारियों का हुआ सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में हिंदू समाज पार्टी का नव नियुक्ति कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को मिलन बैंक्विट हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता हिंदू समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रांशु जोशी ने की। उन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारियों को पगड़ी, पटका और हार पहनाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर जिन पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई उनमें दिवेश ठाकुर को जिला अध्यक्ष, तरुण पाल को जिला प्रभारी, सीमा अग्रवाल को महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, नई सैनी को महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, भूरी सैनी को महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष (अनुमानित विभाग अनुसार), अजय ठाकुर को युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष तथा महेश चंद्र को युवा मोर्चा राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया गया। सम्मेलन में सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों ने यह संकल्प लिया कि हिंदू समाज पार्टी हिंदुओं के लिए निरंतर कार्य करेगी और उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा सम्मान की रक्षा हेतु हमेशा तत्पर रहेगी। कार्यक्रम में पार्टी की नीतियों, भविष्य की रणनीतियों और संगठन विस्तार पर भी विस्तृत चर्चा हुई।कार्यक्रम में वैभव शर्मा, अंकुर भारद्वाज, अजय सैनी, विशाल शर्मा, नितेश ठाकुर, विक्की, हरीश सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सम्मेलन का माहौल उत्साहपूर्ण और ऊर्जा से भरपूर रहा, जहां सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आयोजित हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्स की ओर से विद्यार्थियों के प्रति जागरूकता बढाने के उद्देश्य से "डिजिटल सेंसिटाइजेशन-2 (टेक विज- 15)" विषय पर एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दौर में डिजिटल सेंसिटाइजेशन के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि डिजिटल सेंसिटाइजेशन केवल तकनीकी ज्ञान नहीं, बल्कि सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल जीवनशैली की नींव है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है कि वे ऑनलाइन जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए डिजिटल दुनिया के लाभों के साथ-साथ उससे जुडे जोखिमों और सुरक्षा उपायों को भी अच्छी तरह समझ सकें। वहीं स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्स के निदेशक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने डिजिटल सेंसिटाइजेशन के विभिन्न पहलुओं तथा -जैसे कि साइबर सुरक्षा, डिजिटल व्यवहार, साइबर हाइजीन, डेटा प्राइवेसी, फेक न्यूज की पहचान, पासवर्ड सुरक्षा, पासवर्ड प्रबंधन, डिजिटल फुटप्रिंट, सोशल मीडिया ऑनलाइन जोखिमों को प्रति सजगता आदि के बारे में ऑनलाइन व्यवहार की महत्ता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि इन विषयों की सही समझ विद्यार्थियों को न केवल डिजिटल वातावरण में सुरक्षित रहने में मदद करेगी, बल्कि डिजिटल दुनिया में एक जिम्मेदार नागरिक बनने में उनका मार्ग भी प्रशस्त करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए उनके तकनीकी, शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास के लिए भी अत्यंत उपयोगी साबित होगा।

इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक एवं कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला ने कहा कि डिजिटल सेंसिटाइजेशन से जुडे ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में डिजिटल सुरक्षा के प्रति समझ एवं जागरूकता और जिम्मेदारी को बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को साइबर खतरों की पहचान, सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार और डिजिटल एथिक्स को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. शुक्ला और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार का विशेष योगदान रहा। इस प्रतियोगिता में स्कूल के फैकल्टी मेंबर्स डॉ. अभिषेक कुमार मिश्रा, डॉ. मनीष रंजन पाण्डेय, डॉ. ललित जौहरी, डॉ. राजदीप सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमित भटनागर, डॉ. शैली भारद्वाज, डॉ. ऋतू नागिला, श्रीमती मेघा गुप्ता एवं श्रीमती सुगंध अहलावत तथा स्कूल के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 226 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# स्प्रिंग फील्ड्स कॉलेज में धूमधाम के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रविवार को दिल्ली रोड स्थित स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और हर्ष के साथ किया गया। जिसमें कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वार्षिकोत्सव का विषय 'अराउंड द वर्ल्ड इन 80 मिनट विश्वभ्रमणष रहा। जिसमें विध्यार्थियों द्वारा अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को एक खूबसूरत रोमांचक और अध्द्भुत यात्रा पर ले जाया गया। जिसमें दुनिया के अलग-अलग देश की परंपराओं और संस्कृति की 80 मिनट में झलक प्रस्तुत की गई।

विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों द्वारा विश्व की समृद्ध और शानदार सांस्कृतिक धरोहर को प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित करके व दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य विपिन जेटली, विशिष्ट अतिथि अध्यक्षा नीरू जेटली, अन्य मुख्यातिथियों मे सीता जेटली, स्प्रिंगफील्ड्स न्यू मुरादाबाद की प्रधानाचार्या डॉ. प्रतीक्षा दीक्षित, विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा, उप-प्रधानाचार्या पूनम अरोड़ा, दीपा जैन, कोमल जेटली समस्त अध्यापक गण और अभिभावक गण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्या दद्वारा पौधा तथा प्रतीक चिन्ह देकर किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ष्बच्चों, आज का मंच आपकी प्रतिभा का उत्सव है। पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़िए-आपका हर कदम आपको सफलता की ओर ले जाएगा। बस हिम्मत और मेहनत को साथ लेकर प्रस्तुति दीजिए-आपकी चमक से यह मंच रोशन हो उठेगा।ष प्रबंधन समिति की अध्यक्षा श्रीमती नीरू जेटली ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज आपके द्वारा प्रस्तुत मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां ने विश्व की शानदार संस्कृति और परंपराओं को अपनी 80 मिनट की प्रस्तुतियां द्वारा जीवंत रूप दिया है तथा मानवता की शाश्वत भावना का उत्सव मनाने का अवसर दिया है। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान द्वारा किया तत्पश्चात विद्यार्थियों ने मिश्र, चीन, कोरिया,भारत स्पेन, अमेरिका ब्राजील आदि देशों की संस्कृतियों को अपनी मन मोह देने वाली व उत्कृष्ट प्रस्तुतियों द्वारा सभी के समक्ष प्रस्तुत किया।विद्यार्थियों द्वारा प्रयुक्त विभिन्न प्रकार के प्रॉप ने प्रस्तुतियों को सुंदर और कलात्मक रूप प्रदान किया। अंत में ग्रैंड फिनाले के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों में बैठे अभिभावकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।कार्यक्रम का संचालन सायमा फैसल तथा कक्षा 8वीं की छात्राओं परिधि सिंह तथा श्रेया चौधरी दवारा कुशलता सौम्यता से किया गया। कार्यक्रम की सफलता में विध्यालय परिसर के सभी सदों व शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

# धान की फसल कटाई को लेकर विवाद

## बुजुर्ग किसान और बहू से मारपीट, जान से मारने की भी दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर केशो में धान की फसल कटाई को लेकर बड़ा विवाद हो गया। आरोप है कि छह लोगों ने खेत में कार्यरत किसान और उसकी बहू पर अचानक हमला कर दिया, गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जसविन्दर सिंह पुत्र स्व. बस्ता सिंह, निवासी ग्राम महमूदपुर केशो, अपनी धान की फसल 28 नवम्बर की शाम लगभग 5 बजे कटवा रहे थे। इसी दौरान केसर सिंह, रमनद. ीप, रजविन्दर कौर उर्फ नीतू, निवासी केहरीपुर थाना रेहड़ (बिजनौर), तथा टिंकू (निवासी लालपुर गौसांई) और बिन्दर पुत्र दीदार सिंह मौके पर आ पहुंचे। जसविन्दर सिंह का आरोप है कि उक्त लोग बिना किसी संबंध या हकदारी के खेत पर आए और उन्हें मां-बहन की गालियां देते हुए धमकाने लगे कि वे फसल नहीं कटने देंगे। विरोध करने पर आरो. पियों ने किसान के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर किसान की पुत्रवधू गुरप्रीत कौर बचाव के लिए पहुंची, तो हमलावरों ने उसके साथ भी लाठी-डंडों से प्रहार किए। मारपीट में गुरप्रीत कौर के सिर में चोट लगी और खून निकल आया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों को हमलावरों से बचाया। पीड़ित के अनुसार, जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और खड़ी धान की फसल में आग लगाने की कोशिश भी की, लेकिन ठंडा मौसम होने के कारण आग नहीं पकड़ सकी। घटना की लिखित शिकायत पुलिस को सौंप दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बीएलओ की मौत के बाद पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचकर अधिकारियों ने परिजनों से की मुलाकात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र में बीएलओ के रूप में तैनात एक शिक्षक की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस पर शिक्षा विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर मृतक शिक्षक के परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें ढांढस बंधाया। अधिकारियों ने परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।जानकारी के अनुसार, भोजपुर क्षेत्र के बहेड़ी गांव निवासी सर्वेश सिंह, जो कि भगतपुर थाना क्षेत्र के जाहिदपुर सिकंदरपुर कंपोजिट स्कूल में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे, ने फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। हाल के दिनों में उनकी ड्यूटी बीएलओ के रूप में लगाई गई थी। उनकी अचानक हुई मौत से शिक्षा जगत में दुख और आक्रोश दोनों की स्थिति है।सूत्रों के मुताबिक, सर्वेश सिंह ने आत्महत्या से पहले दो पेज का एक सुसाइड नोट लिखा। यह पत्र बेसिक शिक्षा अधिकारी के नाम संबोधित था, जिसमें उन्होंने एसआईआर से जुड़े दबाव, अत्यधिक कार्यभार और मानसिक तनाव का उल्लेख किया। सुसाइड नोट में उन्होंने कार्य से संबंधित इन परिस्थितियों को अपनी परेशानी का मुख्य कारण बताया, जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया।पोस्टमार्टम हाउस पर अधिकारी मृतक के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी लेते रहे और परिवार को सांत्वना देते रहे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। अधिकारियों ने आश्वा. सन दिया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की भावना व्याप्त है। शिक्षक समुदाय ने भी कार्यभार और दबाव के मुद्दे पर चिंता व्यक्त की और ऐसे हालात दोबारा न पैदा हों, इसके लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के शिक्षक डा. मनोज कुमार ने सिंगापुर में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत किया शोध पत्र




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व विद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने सिंगापुर में ''मैटीरियल साइंस एंड नैनो टेक्नोलॉजी'' विषय पर आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. कुमार द्वारा ''माइक्रोवेव असिस्टेड फेब्रिकेशन ऑफ पॉली ब्यूटाइल मेथाएक्रीलेट रेनफोर्स्ड बायोकंपोजिट्स विद इंप्रूव्ड मैकेनिकल प्रॉपर्टीज सॉल्वेंट एंड केमिकल रेजिस्टेंस'' विषय पर प्रस्तुत किए गए शोध पत्र की कॉन्फ्रेंस के दौरान विशेषज्ञों ने खूब प्रशंसा की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने डॉ. कुमार द्वारा सिंगा. पुर में प्रस्तुत किए गए शोध पत्र की सराहना करते हुए कहा कि इससे आईएफटीएम विश्वविद्यालय को अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। प्रो. पाण्डेय ने यह भी कहा कि डॉ. कुमार की इस उपलब्धि से अन्य शिक्षकों के साथ ही विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे। वहीं कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने डॉ. कुमार के प्रयासों के प्रति हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है, सिर्फ जरूरत इस बात की है कि उसका सही जगह व सही समय पर प्रदर्शन किया जाए। डॉ. अग्रवाल ने कहा विश्वविद्यालय प्रबंधन शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को शिक्षण व शोध को बढ़ावा देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है, इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत करने व श्रेष्ठ शोध पत्र प्रकाशित करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है। डॉ. कुमार ने अपने इस शोध पत्र के माध्यम से बताया कि बढ़ती आबादी की वजह से मानव जगत के लिए इंजीनियरिंग वुड की आवश्यकताओं को पूरा करना एक बहुत बडी चुनौती बन गई है। इंजीनियरिंग वुड का विकल्प बताते हुए कहा कि फास्ट ग्रोइंग वुड का केमिकल ट्रीटमेंट करके उसको माइक्रोवेव द्वारा पॉलीमरायज करके उसकी यांत्रिक प्रॉपर्टी को बढाने से यह वुड एक परफेक्ट इंजीनियरिंग बन जाता है।

डॉ. कुमार ने बताया कि 20 से 22 नवंबर, 2025 तक आयोजित हुई इस अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में अमेरिका, जापान, चीन, दक्षिण अफ्रीका, रशिया, यूक्रेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, तुर्की, सिंगा. पुर समेत 20 से अधिक देशों के शिक्षाविद, वैज्ञानिक और इंजीनियरों ने अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। साथ ही डॉ. कुमार ने यह भी बताया कि इस कांफ्रेंस का प्रथम सत्र उनके द्वारा मोडरेट किया गया। डॉ. कुमार की इस उपलब्धि के लिए प्रतिकुलपति-एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा समेत विश्वविद्यालय के सभी निदेशकों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों ने भी उन्हें बधाई दी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0685081 का सह अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**कु. शिवा गौड़ पुत्री बट्टू लाल निवासी श्रीरामनगर कॉलोनी लाईनपार, जिला मुरादाबाद। मोबाईल-9456031824**

# मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी गिरफ्तार थाना नागफनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नागफनी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध चरस की तस्करी में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में चरस बरामद की है।घटना 29 नवंबर की रात्रि की है, जब उपनिरीक्षक मोहित शर्मा थाना नागफनी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने शुक्लो का कुआ निवासी समीर उर्फ शाहिल पुत्र हारून जकारिया को हिरासत में लिया। पूछताछ और तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 311.5 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। इतनी मात्रा में चरस की बरामदगी से यह स्पष्ट है कि आरोपी नशे के अवैध कारोबार में सक्रिय रूप से शामिल था।पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और उसे थाना नागफनी लेकर आई। बरामद चरस को कब्जे में लेकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुक. दमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह चरस कहां से लाता था और इसे किन लोगों तक पहुंचाता था। संभावना जताई जा रही है कि आरोपी किसी संगठित नशा तस्करी गिरोह से भी जुड़ा हो सकता है।थाना नागफनी पुलिस ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुरूप क्षेत्र में नशे के कारोबार पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस टीम का कहना है कि नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी और तेज किया जाएगा ताकि युवाओं को इस अवैध व्यापार से दूर रखा जा सके। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में राहत की भावना है और स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

# महिला सुरक्षा दल ने मिशन शक्ति के तहत चलाया जागरूकता अभियान

**मुरादाबाद।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर रविवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस की पाठशाला और चौपाल लगाकर महिलाओं, छात्राओं और अभिभावकों को विभिन्न सुरक्षा उपायों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा दल ने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख समस्याओं और मुद्दों पर विस्तार से संवाद किया। टीम ने घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध कानून, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तथा महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध होने वाले प्रमुख अपराधों के बारे में जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि कानून महिलाओं को सशक्त बनाते हैं। महिला सुरक्षा दल ने स्वयं सुरक्षा के उपाय, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, साइबर अपराध की पहचान और जरूरत पड़ने पर त्वरित मदद लेने की सलाह दी। चौपाल में उपस्थित छात्राओं ने भी सुरक्षा संबंधी कई प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरल भाषा में समाधान दिया।मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मविश्वासी बनाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

**प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापकः- निम्नांकित प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / कम्पोजिट विद्यालय विकास खण्ड बिलारी, जनपद मुरादाबाद**

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद नियंत्रणाधीन परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों के निम्नांकित जर्जर भवनों की नीलामी समिति द्वारा निम्न विवरणानुसार की जानी है।

| क्र० स० | विद्यालय का नाम | जर्जर भवन की न्यूनतम बोली की धनराशि | धरोहर की धनराशि | नीलामी हेतु तिथि | नीलामी का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PS ALLAPUR URF RAMPUR | 10000 | 1000 | 02.12.2025 | पूर्वान्ह: 09.00 बजे |
| 2 | PS ALLAPUR URF RAMPUR | 18000 | 1800 | 02.12.2025 | पूर्वान्ह: 09.30 बजे |
| 3 | PS ASALATNAGAR KALIZPUR | 43000 | 4300 | 02.12.2025 | पूर्वान्ह: 11.00 बजे |
| 4 | PS ASALATNAGAR KALIZPUR | 12000 | 1200 | 02.12.2025 | पूर्वान्ह: 11.30 बजे |
| 5 | PS SADIQPUR | 4000 | 400 | 02.12.2025 | अपराहन: 12.00 बजे |
| 6 | PS GAWARKHERA | 44000 | 4400 | 02.12.2025 | अपराहन: 01.00 बजे |
| 7 | PS RAMPUR PATTI GUJAR | 34000 | 3400 | 03.12.2025 | पूर्वान्ह: 09.00 बजे |
| 8 | PS VIJAYPUR | 45000 | 4500 | 03.12.2025 | पूर्वान्ह: 10.00 बजे |
| 9 | PS NAGLIYA JAT | 100000 | 10000 | 03.12.2025 | पूर्वान्ह: 11.00 बजे |
| 10 | PS NAGALIYA SHAHPUR | 29000 | 2900 | 03.12.2025 | अपराहन: 01.00 बजे |
| 111 | JHS PAHARPUR COMPOSITE | 126000 | 12600 | 04.12.2025 | पूर्वान्ह: 09.00 बजे |
| 2 | JHS SUJANPUR COMPOSITE | 83000 | 8300 | 04.12.2025 | पूर्वान्ह: 10.00 बजे |
| 13 | PS JATPURA JHARU | 32000 | 3200 | 04.12.2025 | पूर्वान्ह: 11.00 बजे |
| 14 | JHS KAMALPUR CHANDORA COMPOSITE | 61000 | 6100 | 04.12.2025 | अपराहन: 12.00 बजे |
| 15 | PS RAMNAGAR GANGPUR | 64421 | 6400 | 04.12.2025 | अपराहन: 01.00 बजे |

नीलामी हेतु अन्य नियम व शर्तें सम्बंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापक से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापक**
**उपरोक्त प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालय, विकास खण्ड बिलारी, जनपद मुरादाबाद।**



# कोहली का 52वां शतक

## भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 349 का विशाल स्कोर बनाया

**रांची, वार्ता।** विराट कोहली (135) की शतकीय, रोहित शर्मा (57) और केएल राहुल (60) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 349 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

विराट ने 120 गेंदों पर 11 चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 135 रन की जबर्दस्त पारी खेली जो उनका 52वां एकदिवसीय शतक था। उन्होंने रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 136 रनों की साझेदारी की। रोहित ने 51 गेंदों पर 57 रन में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाए। इन तीन छक्कों के साथ ही रोहित पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर वनडे में नए सिक्सर किंग बन गए। कार्यवाहक कप्तान राहुल ने 56 गें. दों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को चौथे ओवर में यशस्वी जायसवाल (18) के रूप में पहला झटका लगा।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रूख अख्तियार किया। इस दौरान 18वें ओवर की दूसरी गेंद पर कोहली ने छक्का लगाकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। कॉर्बिन बॉश की अगली गेंद पर उन्होंने एक और छक्का जड़ दिया। इसके बाद रोहित शर्मा ने 19वें ओवर की पांचवी गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। रोहित अर्द्धशतक पूरा करने के बाद 22वें ओवर में टीम के 161 के स्कोर पर आउट हुए। भारत का तीसरा विकेट ऋतुराज गायकवाड़ (आठ) के रूप में गिरा। वॉशिंगटन सुंदर 13 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों बल्लेबाजों को ऑटनील बार्टमैन ने आउट किया। 38वें ओवर की पांचवीं गेंद पर चौका लगाकर अपना 52वां शतक पूरा करने के बाद विराट और अधिक आक्रामक हो गए। कोहली ने102 गेंदों में सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। प्रीनेलान सुब्राएन के पारी 39वें ओवर में विराट ने दो छक्के और दो चौके और लगाते हुए 21 रन ठोक डाले। 43वें ओवर में नांद्रे बर्गर की गेंद पर रायन रिकलटन ने विराट कोहली का कैच पकड़ा। विराट कोहली ने 120 गेंदों में 11 चौकों और सात छक्कों की मदद से 135 रनों की पारी खेली। भारत छठा विकेट 49वें ओवर में कप्तान केएल राहुल के रूप में गिरा। केएल राहुल ने 56 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। आखिरी ओवर में रवींद्र जडेजा 20 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए। जडेजा ने दो चौके और एक छक्का लगाया।

# रोहित शर्मा ने वनडे में सबसे ज्यादा छक्के मारने का बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



**रांची, वार्ता।** पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने आज झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में तीन छक्के लगाकर वनडे में सबसे ज्यादा छक्का लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। रोहित शर्मा ने अब 277 वनडे मैचों में 352 छक्के जड़कर छक्का लगाने का एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी के नाम यह रिकॉर्ड था जिन्होंने 398 एक दिवसीय मैच खेलकर 351 छक्के मारे थे। वर्तमान में रोहित के नाम 503 मैचों में कुल 19,959 रन हैं और अब वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 20 हजार रन से केवल 61 रन दूर हैं। इससे पहले केवल सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहुल द्रविड़ ही 20 हजार से अधिक अंतर्राष्ट्रीय रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अब रोहित ने 56 मैचों में 61 छक्के जड़े हैं, जबकि दोनों देशों के बीच सबसे ज्यादा छक्का लगाने का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है जिन्होंने 64 छक्के मारे हैं। अगर रोहित अगले मैच में चार छक्के जड़ते हैं, तो वे इस मामले में भी नंबर एक स्थान प्राप्त कर लेंगे। रोहित ने घरेलू मैदानों पर अब तक 95 वनडे मैचों में 4924 रन बनाए हैं। अगर वे अगले वन डे मैच में 76 रन बनाते हैं घरेलू मैदानों पर वनडे मैचों में 5 हजार रन पूरे करने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। रोहित ने अपने 277वें वनडे मैच में यह उपलब्धि हासिल की। रोहित के अब इस तीसरे छक्के के साथ 352 छक्के हो गए है। अफरीदी ने 398 मैचों में 351 छक्के मारे थे। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 301 मैचों में 331 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर है। श्रीलंका के सनत जयसूर्या (270) चौथे और भारत महेंद्र सिंह धोनी (229) पांचवें नंबर पर है। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे में खेलते है। उनके नाम तीनों प्रारुपों में कुल 645 छक्कों का विश्व रिकार्ड है। उन्होंने 67 टेस्ट में 88 छक्के, 277 वनडे में 352 छक्के और 159 टी-20 में 205 छक्के मारे है। रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले वनडे मैच में रोहित शर्मा ने 51 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 57 रन की पारी खेलकर खेल प्रेमियों का दिल जीता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 33 प्लस नौजवानों ने 50 प्लस की पारियां खेलीं

**रांची, वार्ता।** वनडे इतिहास में यह सिर्फ नौवीं बार है, जब किसी पुरूष वनडे में तीन 33 प्लस उम्र के बल्लेबाज़ों ने 50 प्लस की पारियां खेली हैं- रोहित शर्मा (38), विराट कोहली (37) और केएल राहुल (33)। विराट कोहली (135) की शतकीय, रोहित शर्मा (57) और केएल राहुल (60) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले में आठ विकेट पर 349 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए ऐसा सिर्फ एक बार और हुआ है, जब 2007 के वड़ोदरा वनडे में वेस्टइंडीज के खिलाफ सौरव गांगुली (34), राहुल द्रविड़ (34) और सचिन तेंदुलकर (33) ने 50 प्लस की पारियां खेली थीं।

### ओमान पर जीत के साथ भारत क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बनाने के और करीब

**चेन्नई, वार्ता।** भारत ने शनिवार को चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में अपने दूसरे पूल बी मैच में ओमान को 17-0 से हराकर पुरुषों के हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिली को 7-0 से हराया था। अर्शदीप सिंह (4', 33', 40'), मनमीत सिंह (17', 26', 36') और दिलराज सिंह (29', 32', 58') ने हैट्रिक बनाई, जबकि अजीत यादवल (34', 47'), गुरजोत सिंह (39', 45') और लुवांग थोनाओजम इंगालेम्बा (43', 50') ने दो-दो गोल किए। अनमोल (29') और शारदा (55') ने बाकी दो गोल किए।

# केकेआर के मालिक और मैटिनी आइडल शाहरुख खान ने आंद्रे रसेल को शुभकामनाएं दीं


● **रसेल ने एक दशक से ज्यादा समय तक कोलकाता टीम के लिए ऑलराउंडर के तौर पर काम किया**

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मालिक और मैटिनी आइडल शाहरुख खान ने रविवार को वेस्ट इंडीज के महान खिलाड़ी और टी-20 के बड़े खिलाड़ी आंद्रे रसेल को आईपीएल से रिटायरमेंट पर शुभकामनाएं दीं।

रसेल ने एक दशक से ज्यादा समय तक कोलकाता टीम के लिए ऑलराउंडर के तौर पर काम किया। बॉलीवुड स्टार ने रसेल के आईपीएल से रिटायरमेंट पर कहा कि शानदार यादों के लिए धन्यवाद, आंद्रे। हमारे यो(।!!! केकेराइडर्स में आपका योगदान यादगार है। और एक खिलाड़ी के तौर पर आपके शानदार सफर का एक और चैप्टर शुरू हो रहा है। शाहरुख खान ने कहा कि पावर कोच हमारे बैंगनी और सुनहरे रंग के लड़कों को ज्ञान, ताकत और बेशक ताकत देते हुए और हां, कोई भी दूसरी जर्सी तुम पर अजीब लगेगी मेरे दोस्त ज़िंदगी भर मसल रसेल! लव यू टीम और खेल से प्यार करने वाले सभी लोगों की तरफ से!!ष सैंतीस साल के आंद्रे रसेल ने रविवार को कैश-रिच इंडियन प्रीमियर लीग से रिटायरमेंट की घोषणा करके सभी को चौंका दिया।

हेलो केकेआर फैंस। मैं आज यहां आपको यह बताने आया हूं कि मैंने आईपीएल से रिटायर होने का फैसला किया है। मैं अभी भी दुनिया भर की अलग-अलग लीगों और बाकी सभी केकेआर फ्रेंचाइजी के लिए एक्टिव रहूंगा।

# आंद्रे रसेल ने आईपीएल करियर को अलविदा कहा



**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले एक हैरान करने वाले फैसले में, आंद्रे रसेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से अपने रिटायरमेंट की घोषणा की है। 37 साल के वेस्ट इंडीज के ऑलराउंडर, जिन्हें हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज किया था, ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि वह किसी दूसरी फ्रेंचाइजी के साथ साइन नहीं करेंगे और इसके बजाय 2026 सीजन के लिए केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में उनके पावर कोचष के तौर पर शामिल होंगे। एक रिलीज में रसेल के हवाले से कहा गया कि मेरे पास (आईपीएल में) कुछ शानदार समय और शानदार यादें थीं, छक्के मारना, गेम जीतना, एमवीपी हासिल करना। जब मैंने यह फैसला किया, तो मुझे लगा कि इस समय यह सबसे अच्छा फैसला था। मैं गायब नहीं होना चाहता, मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं। जब फैन पूछें कि क्यों? तुममें अभी भी कुछ और बाकी है, तब रिटायर होना सबसे अच्छा है। हां, तुम्हें यह सालों पहले कर लेना चाहिए था के बजाय तुम अभी भी थोड़ा और खेल सकते थे। लीग में रसेल की साख जबरदस्त है। 12 सीजन के आईपीएल करियर में, उन्होंने 140 मैच खेले, जिसमें 174.18 के स्ट्राइक रेट से 2651 रन बनाए और 9.51 की इकॉनमी से 123 विकेट लिए, जिसमें 15 रन देकर 5 विकेट उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर रहा। रसेल ने 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल में डेब्यू किया, जिसके बाद 2014 की नीलामी में केकेआर ने उन्हें साइन किया। उन्होंने अपने 133 आईपीएल मैच पर्पल और गोल्ड रंग में खेले, और इस दौरान दो टाइटल (2014 और 2024) जीते। उन्होंने इस दौरान दो बार, 2015 और 2019 में आईपीएल एमवीपी अवॉर्ड जीता। उनकी ज़बरदस्त लोअर-ऑर्डर हिटिंग ने उन्हें आईपीएल इतिहास के सबसे खतरनाक फिनिशर में से एक बना दिया। अपने रिटायरमेंट के समय, उनके पास 223 आईपीएल मैच थे। छक्कों की वजह से वह ऑल-टाइम लिस्ट में सातवें नंबर पर हैं, उनसे आगे सिर्फ क्रिस गेल, रोहित शर्मा, विराट कोहली, एमएस धोनी, एबी डिविलियर्स और डेविड वॉर्नर हैं। हालांकि, हाल के सीजन में इसमें काफी गिरावट देखी गई। आईपीएल 2025 में, उन्होंने बल्ले से सिर्फ 167 रन बनाए और 11.94 की इकॉनमी से आठ विकेट लिए, जिससे उनकी फिटनेस और फॉर्म पर सवाल उठे। इस गिरावट ने शायद केकेआर को उन्हें रिलीज करने के फैसले पर असर डाला, जिससे आने वाली नीलामी के लिए 12 करोड़ रुपये बच गए। रसेल ने कहा कि जब आप सोशल मीडिया पर होते हैं, तो आप खुद को अलग-अलग जर्सी (दूसरी टीमों की) में फोटोशॉप्ड देखते रहते हैं। मुझे खुद को पर्पल और गोल्ड के अलावा किसी और रंग में देखकर अजीब लगा और ए ख्याल मेरे दिमाग में आते रहे, जिससे मैं कुछ रातों तक सो नहीं पाया।

### अफरीदी को पछाड़ वनडे के नए सिक्सर किंग बने रोहित

**रांची, वार्ता।** भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा पाकिस्तान के दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर एकदिवसीय क्रिकेट के नए 'सिक्सर किंग' बन गए है। यहां रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में अपनी 57 रनों की पारी में तीसरा छक्का मारते ही अफरीदी का वनडे में 351 छक्कों का रिकार्ड तोड़ दिया। रोहित ने अपने 277वें वनडे मैच में यह उपलब्धि हासिल की। रोहित के अब इस तीसरे छक्के के साथ 352 छक्के हो गए है। अफरीदी ने 398 मैचों में 351 छक्के मारे थे। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 301 मैचों में 331 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर है। श्रीलंका के सनत जयसूर्या (270) चौथे और भारत महेंद्र सिंह धोनी (229) पांचवें नंबर पर है। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके रोहित शर्मा।

# चयनकर्ता प्रमुख अगरकर घरेलू ड्यूटी पर अहमदाबाद में तैनात

● **अगरकर की सबसे ज्यादा आलोचना विदेशी दौरों पर अंतर्राष्ट्रीय मैचों में उनकी लगातार मौजूदगी के कारण हुई है**

**अहमदाबाद, वार्ता।** चयनकर्ता प्रमुख अजीत अगरकर 26 नवम्बर से घरेलू ड्यूटी पर अहमदाबाद में तैनात हैं, जबकि भारतीय क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से घरेलू टेस्ट हार से अभी भी जूझ रहा है।

सेलेक्टर्स के चेयरमैन, जिनकी अक्सर घरेलू सर्किट से ज्यादा इंटरनेशनल गेम को प्राथमिकता देने के लिए आला. चना की जाती है, नेशनल टी-20 चैंपियनशिप के ग्रुप डी मैचों की देखरेख कर रहे हैं जो अभी कई शहरों में फैले हुए हैं।

अगरकर की अगुवाई वाला पैनल घरेलू क्रिकेट से दूर रहने, खासकर व्हाइट-बॉल रिटर्न के आधार पर टेस्ट खिलाड़ियों को चुनने और स्पेशलिस्ट खिलाड़ियों के बजाय ऑलराउंडरों को तरजीह देने के लिए जांच के दायरे में है। साई सुदर्शन और नीतीश रेड्डी के चयन ने ध्यान खींचा है, जबकि सरफराज खान, अभिमन्यु ईश्वरन और करुण नायर को बाहर रखने पर बहस जारी है। हालांकि चयन पांच सदस्यों वाली कमेटी का सामूहिक फैसला है, लेकिन अगरकर की सबसे ज्यादा आलोचना विदेशी दौरों और इंटरनेशनल मैचों में उनकी लगातार मौजूदगी के कारण हुई है। यह साफ नहीं है कि टेस्ट हार के बाद उनका मौजूदा घरेलू कार्यकाल बीसीसीआई के किसी निर्देश से जुड़ा है या नहीं, लेकिन अगरकर को पिछले कुछ दिनों में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में देखा गया है। दूसरे चयनकर्ताओं में, प्रज्ञान ओझा रविवार (30 नवम्बर) से दक्षिण अफ्रीका में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा करने वाले हैं, जबकि एसएस दास (कोलकाता), आरपी सिंह (लखनऊ) और अजय रात्रा (हैदराबाद) सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी ड्यूटी पर हैं। टेस्ट सीरीज में हार के बाद रेड-बॉल क्रिकेट को लेकर भी बड़ी चर्चाएं शुरू हो गई हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या इस फॉर्मेट से हटने वाले सीनियर खिलाड़ियों से दोबारा सोचने के लिए कहा जा सकता है।

### अलेंदे ने इंटर मियामी को एमएलएस कप के फाइनल में पहुंचाया

**वॉशिंगटन, वार्ता।** अर्जेंटीना के स्ट्राइकर तादेओ अलेंदे की हैट्रिक की मदद से इंटर मियामी शनिवार को न्यूयॉर्क सिटी को 5-1 से हराकर अपने पहले एमएलएस कप फाइनल में पहुंच गया। अलेंदे ने गोलकीपर मैट फ्रीज़ को उनके नजदीकी पोस्ट पर छकाते हुए दाहिने पैर से एक दमदार ड्राइव मारकर ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल में अपनी टीम को आगे कर दिया।


अलेंदे ने नौ मिनट बाद फिर से गोल किया, जोर्डी अल्बा के तिरछे क्रॉस के बाद एक लूपिंग हेडर को दूर कोने में भेजा। विज़िटर्स ने जस्टिन हाक के ज़रिए एक गोल वापस किया, जिन्होंने मैक्सी मोरालेज के क्रॉस पर रोक्को रियोस नोवो के पास एक बुलेट हेडर से गोल किया।

# रूट का बल्ले से मजबूत जवाब देने का वादा



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** इंग्लैंड के मजबूत बल्लेबाज जो रूट ने एशेज की खराब शुरुआत के बावजूद ऑस्ट्रेलिया में सफल होने का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि पर्थ ओपनर में 0 और 8 रन बनाने के बाद भी, इस दौरे पर उन्हें एक बिल्कुल अलग खिलाड़ी जैसा महसूस हो रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया में रूट का रिकॉर्ड उनके शानदार टेस्ट करियर पर एक दाग है और ऑस्ट्रेलिया में अब तक एक भी सेंचुरी नहीं बना पाए हैं। वह इस फॉर्मेट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी (13,551) हैं, जो सिर्फ भारत के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर (15,921) से पीछे हैं। रूट, जो अब टेस्ट क्रिकेट में 13,551 रन के साथ दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, सिर्फ सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में अब तक एक भी सेंचुरी नहीं बना पाए हैं और ऑस्ट्रेलिया में 15 टेस्ट मैचों में उनका औसत 33.33 है, जो उनके कुल टेस्ट औसत 50.94 से काफी कम है। पर्थ में दो दिन के अंदर इंग्लैंड को भारी हार मिली, जिससे टॉप ऑर्डर की ऑस्ट्रेलियाई हालात का सामना करने की काबिलियत को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गईं। रविवार को यहां रिपोर्टर्स से बात करते हुए, रूट ने कहा कि दूसरी इनिंग्स में अपने अप्रोच से वह उत्साहित थे, भले ही मिचेल स्टार्क की गेंद पर एक बड़ा कवर ड्राइव लगाने की कोशिश में वह गिर गए थे। रूट ने कहा कि उन्हें लगा कि दूसरी इनिंग्स में उनका टेम्पो बहुत अच्छा था।

# इशान का नाबाद शतक, झारखंड ने त्रिपुरा को हराया



**अहमदाबाद, वार्ता।** कप्तान इशान किशन (नाबाद 113) की शतकीय पारी के दम पर झारखंड ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में त्रिपुरा को 15 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड ने 17.3 ओवर मे दो विकेट खोकर 185 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। झारखंड की शुरुआत अच्छी रही और उसने अपना पहला विकेट छह रन के स्कोर पर और दूसरा विकेट 32 के स्कोर पर गंवा दिया था। उत्कर्ष सिंह (पांच) और कुमार कुशाग्र (छह) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि इस दौरान इशान किशन एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। इशान किशन ने 50 गेंदों में 10 चौके और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 113 रनों की पारी खेली। विराट सिंह ने 40 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 53 रन बनाए। त्रिपुरा के लिए विकी साहा, सौरभ दास ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले झारखंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी त्रिपुरा ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 182 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। विजय शंकर ने 41 गेंदों में (59), बिक्रमकुमार दास 29 गेंदों में (42) और कप्तान मणिशंकर मूरासिंह 21 गेंदों में 42 रनों का योगदान दिया। त्रिपुरा के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। झारखंड के लिए विकास सिंह और अनुकूल रॉय ने दो-दो विकेट लिए। सौरभ शेखर, उत्कर्ष सिंह और बाल कृष्ण ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। टूर्नामेंट के अन्य मैचों में गुजरात ने हरियाणा को चार विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच सौरव चौहान ने 52 गेंदों में नाबाद 81 रनों की पारी खेली। विशाल जायसवाल ने 19 गेंदों मे 23 रन बनाए। गुजरात ने छह विकेट पर 143 रन बना कर यह मुकाबला जीता। हरियाणा के लिए अंशुल कम्बोज और सुमित कुमार ने दो-दो विकेट लिए। अमित राणा और अनुज ठकराल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। हरियाणा के लिए यशवर्धन दलाल ने सर्वाधिक (51), सामंत जाखड़ (28) और निशांत सिधु ने 19 रनों का योगदान दिया। गुजरात के लिए अरजान नागवासवाला और हर्षल पटेल ने तीन-तीन विकेट लिए। हेमांग पटेल को दो विकेट मिले। विशाल जायसवाल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। रेलवे ने कप्तान कर्ण शर्मा (दो विकेट / नाबाद 24 रन) के मैन ऑफ द मैच के शानदार प्रदर्शन के दम पर असम को दो गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हराया।

# 32 गेंदों में शतक, अभिषेक का तबाड़तोड़ शतक



**हैदराबाद, वार्ता।** अभिषेक शर्मा (148/ एक विकेट) की तूफानी बल्लेबाजी के बाद हरप्रीत बरार (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में बंगाल को 112 रनों से करारी शिकस्त दी। अभिषेक शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया।

अभिषेक शर्मा ने 52 गेंदों में 16 छक्के और आठ चौके लगाते हुए 148 रनों की रिकॉर्डतोघ विस्फोटक पारी खेली जिसकी बदौलत पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 310 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 311 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन 66 गेंदों में (नाबाद 130) रनों की तूफानी पारी के बावजूद पूरी टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 198 रन का स्कोर ही बना सकी और उसे 112 रनों से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। अभिमन्यु ईश्वरन का बंगाल के लिए यह सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड है उन्होंने रि(मान साहा (129 रनों) के रिकार्ड को तोड़ा। इसके अलावा उन्होंने एक मैच में बंगाल के लिए सर्वाधिक आठ छक्के लगाने का भी रिकार्ड कायम किया। आकाश दीप ने सात गेंदों में पांच छक्के लगाते हुए 31 रन बनाए। बंगाल के शेष बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पंजाब के लिए हरप्रीत बरार ने 23 रन देकर चार विकेट लिए। गुरनूर बरार और नेहाल वढेरा को दो-दो विकेट मिले। अभिषेक शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे पंजाब के लिए अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 12-3 ओवर में रिकार्ड 205 रन ठोक डाले। यह टी-20 में पंजाब के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। प्रदीप्त प्रमाणिक ने प्रभसिमरन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। प्रभसिमरन ने 35 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाते हुए 70 रन बनाए। अनमोलप्रीत सिंह छह गेंदों में (11), रमनदीप सिंह 15 गेंदों में (39), सनवीर सिंह नौ गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने 52 गेंदों में 16 छक्के और आठ चौके लगाते हुए 148 रनों की रिकॉर्डतोड़ विस्फोटक पारी खेली। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी है और उन्होंने शुभमन गिल के 126 रनों के रिकार्ड को तोड़ा है।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस ने छीनी छह जिंदगियां

## शादी समारोह में जा रहा परिवार हुआ हादसे का शिकार, खुशियां मातम में बदलीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद/कुंदरकी।** दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे पर रविवार दोपहर हुए दिल दहला देने वाले सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां मातम में बदल दीं। तेज रफ्तार रोडवेज बस ने एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो में सवार बच्ची सहित 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि अन्य घायलों का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

मृतक सभी थाना कुंदरकी क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गांव के रहने वाले थे। परिवार मुरादाबाद जनपद के कटघर थाना क्षेत्र के रफातपुरा गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। शादी की खुशी में निकले इस परिवार को अंदाजा भी नहीं था कि कुछ ही मिनटों में उनकी खुशियों का कारवां दर्दनाक चीखों में बदल जाएगा। बताया जा रहा है कि रविवार की दोपहर को कुंदरकी थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गांव निवासी करन सिंह मूढ़ापांडे थाना क्षेत्र के गांव रफातपुर में अपने फुफेरे भाई धर्मपाल की बेटी संध्या की शादी में परिवार के सहित जा रहा था। उसके साथ उसके बहनोई मुरारी के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। दोनों परिवार के करीब 10 लोग गांव के ही ऑटो चालक संजू पुत्र मुन्ना के टेंपो में बैठकर रफतपुर गांव की ओर चल दिए।

रफातपुर गांव से दो किलोमीटर पहले नेशनल हाईवे रामगंगा पुल के पास जैसे ही टेंपो पहुंचा मुरादाबाद की ओर से जा रही मेरठ डिपो की बस ने पीछे से टेंपो में टक्कर मार दी। तेज रफ्तार बस की टक्कर से टेंपो के परखच्चे उड़ गए।






जिससे टेंपो में बैठे 15 वर्षीय अभय पुत्र ओमवीर ,35 वर्षीय सीमा पत्नी करण सिंह, 20 वर्षीय आरती पुत्री मुरारी लाल, और टेंपो चालक संजू पुत्र मुन्ना निवासी अब्दुल्लापुर थाना कुंदरकी तथा 24 वर्षीय सुमन पत्नी हरदीप निवासी मनदोई गांव की मौके पर ही मौत हो गई। जिसमें टेंपो में बैठे करन सिंह पुत्र सुक्कन, अनन्या पुत्री करन सिंह, रानी पुत्री मुरारी लाल, झलक व अंशु पुत्री ओमवीर, अनुष्का पुत्री दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची थाना कटघर पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां गंभीर रूप से अनन्या जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल से घायलों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।कटघर पुलिस ने 6 लोगों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने पुष्टि की है कि हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 3 महिलाएं, 2 पुरुष और एक मासूम बच्ची शामिल है। एक गंभीर घायल का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

# एक्टिव प्रेस क्लब के वार्षिक चुनाव अनिल शर्मा ने 15 वोटों से जीता, फारूख अहमद को मिले कुल 19 वोट

## निर्विरोध महासचिव यामीन विकट, कोषाध्यक्ष अंसार मयूर और उपाध्यक्ष वसीम अब्बासी चुने गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** एक्टिव प्रेस क्लब का वार्षिक चुनाव भारी पुलिस की मौजूदगी में शांति पूर्ण संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अनिल शर्मा ने अपने प्रतिद्वंद्वी फारूख अहमद को 15 वोटों से पराजित कर विजयश्री प्राप्त की। चुनाव संपन्न होने के बाद ढोल नगाड़ो के साथ नगर के मुख्य मार्गो से विजयी जूलूस पुलिस सुरक्षा के बीच निकाला गया।

जूलुस का नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा का नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रविवार को गत वर्ष की भांति एक्टिव प्रेस क्लब का वाार्षिक चुनाव सुबह 9'.30 बजे ब्लॉक सभागार में चुनाव क्लब के प्रदेश अध्यक्ष सतीश चौधरी की देखरेख में शुरू हुआ। चुनाव अधिकारी दीपेश शर्मा उर्फ मोनू , पंकज चौहान, जाबिर हुसैन ने चुनाव के दौरान दो प्रत्याशियो की मौजूदगी में चुनाव प्रक्रिया शुरू की। चुनाव के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी आशिष प्रताप सिंह ने भी चुनाव कक्ष का निरीक्षण करते हुए चुनाव शांति पूर्ण संपन्न कराने की अपील करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियो को अग्रिम बधाई दी। चुनाव प्रक्रिया करीब 1.30 बजे संपन्न हुई। इसके बाद मतगणना का कार्य अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अनिल शर्मा और फारूख अहमद की मौजूदगी में शुरू हुई।

चुनाव अधिकारी दीपेश शर्मा उर्फ मोनू शर्मा ने सभी क्लब के सदस्यो और दोनो अध्यक्ष पद के प्रत्याशियो के समक्ष मतगणना की घोषणा करते हुए बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अनिल शर्मा और फारूख अहमद चुनावी मैदान में है। जिसमें अध्यक्ष के लिए अनिल शर्मा को 34 वोट मिले , जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी फारूख अहमद को मात्र 19 वोट मिले।

इस चुनाव में अनिल शर्मा ने 15 वोटो से जीत हासिल कर अध्यक्ष पद की कुर्सी पर कब्जा कर




लिया। साथ ही निर्विरोध महासचिव यामीन विकट , उपाध्यक्ष बसीम अब्बासी, व कोषाध्यक्ष अंसार मयूर को चुने जाने की घोषणा की। इसके बाद क्लब के सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर और मिठाई वितरण कर स्वागत किया। इसके बाद विजयी जुलूस ढोल नगाड़ो के साथ ब्लॉक कार्यालय से शुरू होकर नगर में सरकारी अस्पताल रोड, तहसील गेट, कोतवाली , बुधबाजार , शगुन चौराहा, पुरानी घास मंडी , कमाल. पुरी चौराहा होते हुए ब्लॉक परिसर के निकट स्थित एक्टिव प्रेस क्लब के कैंप कार्यालय पर पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में भारी पुलिस बल मौजूद रहा। जुलूस में इरशाद अंसारी, गुलजार सैफी, नवीन सक्सैना, नाजिम अली, मुकेश ठाकुर, आसिफ सैफी, ब्रिजेश, मोहम्मद अली, नजरूदीन अंसारी, ताजुल अंसारी, विवेक ओझा, इस्लाम सलमानी, डॉ0 आफताब आलम हाशमी, शमशेर मलिक, वसीम कुरशी, अतीक उर्फ बिटटू , मिर्जा, सईद कुरैशी, प्रशांत चौहान, अंनुज विश्नोई, आकाश विश्नोई, हरिओम सिंह, मनोज विश्नोई, नरेश शर्मा, वेदप्रकाश सैनी, दिलवार अहमद, संतोष मीणा, सरकार हुसैन, लोकेश कुमार, आस मौहम्मद, आशिष अरोरा, जफर अली ,अशरफ अली, वारिश अली आदि शामिल रहे।

# भक्ति-मय माहौल में निकली कलश यात्रा

## देवी दुर्गा माता की मूर्ति स्थापना से पूर्व उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** गांव निर्मलपुर स्थित प्राचीन चामुंडा मंदिर में देवी दुर्गा माता की मूर्ति स्थापना से पूर्व गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निक. ाली गई। ढोलख्रनगाड़ों की गूंज, जयकारों के स्वर और भक्ति के रंग में रंगे श्रद्धालुओं की भीड़ ने पूरे क्षेत्र का माहौल आध्यात्मिक बना दिया। पूजा-विधि की शुरुआत पंडित केशव शर्मा ने मंत्रोच्चारण और वैदिक विधि-विधान के साथ की। इसके बाद शुभ कलश यात्रा का प्रस्थान हुआ। यात्रा में 51 महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर, सिर पर पवित्र कलश रख नंगे पैर देवी मां के गुणगान करती आगे बढ़ रही थीं।



युवा भक्त धार्मिक भजनों पर नृत्य करते हुए माताजी के जयकारों से वातावरण को गगनभेदी बना रहे थे। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर कलश यात्रा का मंगल स्वागत किया। यात्रा में भगवान शिवख्रपार्वती की आकर्षक झांकी भी शामिल रही, जिसने लोगों का विशेष ध्यान खींचा।

कलश स्थापना के बाद विधि-विधानपूर्वक देवी दुर्गा माता की मूर्ति की स्थापना की गई। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अर्जुन सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, अवधेश चौहान, नवनीत चौहान, युवराज सिंह, सुनीता देवी, कमलेश देवी, ममता देवी, उषा देवी, पवन देवी, राधा देवी सहित अनेक भक्त मौजूद रहे।

# एसआईआर का समय बढ़ाने से बीएलओ को राहत

## नेता कर रहे एसआईआर के प्रति लोगों को जागरूक

**कांठ( शाह टाइम्स )** एस आई आर का समय बढ़ाए जाने से बीएलओ को राहत मिली है राजनीतिक पार्टियों के नेता गांव गांव जाकर लोगों को इस कार्य के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं। सर्व विदित है कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक एस आई आर की प्रक्रिया चुनाव आयोग ने निर्धारित की थी इस समय सीमा में बीएलओ को काम पूरा करना था लेकिन काम ज्यादा और समय कम मिलने के कारण बीएलओ काफी तनाव में जी रहे थे। प्रदेश में दर्जन से ऊपर बीएलओ अवसाद में पहुंचकर मौत को गले लगा चुके थे लेकिन आज चुनाव आयोग ने इस कार्य की अवधि 4 दिसंबर से बढाकर 11 दिसंबर कर दी। जिससे बीएलओ को राहत मिली है समाजवादी पार्टी के महासचिव फुरकान अली ने आज गांव-गांव जाकर लोगों को एस आई आर का फॉर्म भरने की अपील करते हुए बीएलओ का भी सहयोग करने का आह्वान किया और कहा कि समय रहते इस काम को पूरा कराया जाए। इस मौके पर अमजद खान अंजार चौधरी माजिद अली जुनेद भूरा आदि लोग मौजूद रहे। दूसरी और नेता कयामुद्दीन सैफी ने भी गांव में जाकर लोगों को एस आई आर के प्रति जागरुक करते हुए अपने-अपने फार्म बीएलओ के पास जमाया कराए जाने का आह्वान भी किया है।



# शिकायत पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न में किया मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** महिला की शिकायत पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है देहरी जुम्मन निवासी ममता पुत्री गोपाल की शादी 2 साल पूर्व गांव के ही अरविंद पुत्र अमर सिंह के साथ हुई थी आरोप है की शादी के बाद से पति अरविंद सास कृष्णा ससुर अमर सिंह जेठ परवीन जेठानी अंजलि ननद सीमा नंदोई मोहित व चाचा ससुर सूरज उसे तंग करने लगे आए दिन मारपीट करना उनके लिए आम बात हो गई बात बिगड़ी तो नारी उत्थान केंद्र के समझाने पर दोनों में समझौता भी हुआ।

लेकिन आज 30 नवंबर को उसके पति अरविंद एवं सास द्वारा मारपीट गाली गलौज करते हुए घर से निकाल दिया गया पीड़िता थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# जल्द ही पकड़े जा सकते हैं नगर के बंदर और कुत्ते

**कांठ ( शाह टाइम्स )** उत्पाती बंदरों और आवारा कुत्तों के द्वारा लगातार लोगों पर हमला कर उन्हें घायल किए जाने की शिकायतें बढ़ने पर एसडीएम संत दास पंवार ने नगर पंचायत कांठ के अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल को अभियान चलवाकर बंदरों और कुत्तों को पकड़वाने के निर्देश दिए हैं अधिशासी अधिकारी के मुताबिक बंदरों और कुत्तों को पकड़वाने वाले एनजीओ से बात की गई है, जल्द ही अभियान चलवाया जाएगा। नगर में बंदर लोगों का नुकसान कर रहे हैं आवारा कुत्ते भी हमला कर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को घायल कर रहे हैं। तमाम लोग प्रतिदिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर एंटी रैबीज की वैक्सीन लगवा रहे हैं। आवारा कुत्ते अब तक सैकड़ो लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं।

# भाकियू की तहसील में आयोजित बैठक में आज छाएगा बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे डम्परों पर शिकंजे का मुद्दा

**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक का आयोजन आज तहसील परिसर कांठ में किया जाएगा जिसमें विशेष कर सड़कों पर बेखौफ होकर दौड़ रहे डम्परों पर शिकंजा कसने का मुद्दा प्रमुख रहेगा उक्त जानकारी किसान यूनियन के नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि गन्ना सत्र शुरू होने के बाद कुछ मिलों ने भुगतान नहीं किया है इसके लिए आवाज उठेगी गन्ना केंद्र पर पर्ची 21 कुंतल की नहीं बनाई जा रही है इसके लिए भी अधिकारियों से आर पार बात की जाएगी गन्ना ढुलाई का किराया केंद्र की दूरी के अनुसार करने को लेकर वार्ता होगी, किसानों को कम दाम पर मैली दिए जाने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने का मुद्दा भी बैठक में अहम रहेगा खाद्य केंद्र पर



डीएपी उपलब्ध न होने और एनपीके का मूल्य 1900 होना भी किसानों के लिए परेशानी भरा है। सरकारी बीज केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में गेहूं का बीज नहीं है। तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह के मुताबिक बिजली के बिल मीटर रीडर द्वारा नियमित न निकाले जाने से बकाया बढ़ रहा है विद्युत आपूर्ति समय से न होने पर किसान गेहूं के लिए पलेवा नहीं कर पा रहे हैं। नहरो में अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया है और सरकारी बसों द्वारा सड़कों पर बसे रोककर सवारी उतारने चढाने के कारण नगर में रोजाना जाम लगता है इसके साथ-साथ सड़कों पर बेखौफ होकर दौड़ रहे मिट्टी से भरे डंपरों से एक और जहां धूल उड़ रही है वहीं दूसरी और लोगों का जीवन भी संकट में पडता जा रहा है भारतीय किसान यूनियन ने विशेष कर इन डंपरों पर रोक लगाए जाने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि डंपर की रफ्तार को नियंत्रित करते हुए मिट्टी ले जाने वाले डंपरों को तिरपाल से ढका जाए जिससे वातावरण में धूल ना उड़ने के कारण लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े उन्होंने कहा कि अधिकारियों से इस संबंध में वार्ता होगी और आगामी 9 दिसंबर की बैठक में आर पार की लड़ाई का ऐलान भी किया जाएगा।

## एक नजर

### आर्गेनम होम्योपैथिक सोसाइटी ने लगाया हेल्थ शिविर



**मुरादाबाद।** आर्गेनम होम्योपैथिक सोसाइटी, भारत विकास परिषद (शिवाजी शाखा) व अग्रवाल समिति के संयुक्त तत्वाधान में बुद्धि विहार स्थित गौतम बुद्ध पार्क में एक नि:शुल्क एक्यूप्रेशर व होम्योपैथी औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। आर्गेनम होम्योपैथिक सोसाइटी के द्वारा लगाए गए हेल्थ शिविर में 30 रोगियों का परीक्षण कर एक्यूप्रेशर व संचारी रोगों के बचाव की दवाई का वितरण किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ आरके शर्मा ने होम्योपैथी चिकित्सा के साथ एक्यूप्रेशर पद्धति का उपयोग करने पर जीर्ण व असाध्य रोगों की सफलता पूर्वक सही किया जा सकता है । उन्होंने कहा कि अब लोगों में होम्योपैथिक के प्रति रुझान बढ़ रहा है और जनता इस पद्धति को अब अपने लगी है। संस्था की ओर से डॉ अंशुमन गौड़ ,पुष्कर राम ,दीपा ,चरण सिंह ,करन आर्या ने सफल एक्यूप्रेशर चिकित्सा की। भारत विकास परिषद की ओर से श्री पी के अग्रवाल, सत्येंद्र दीक्षित ,अग्रवाल समिति मझोला मुरादाबाद की ओर से राजीव कुमार अग्रवाल, मनीष कुमार मित्तल, आशीष बंसल, ऋषि राज अग्रवाल, रामस्वरूप गाबा, तरुण गाबा का विशेष सहयोग रहा।

### वेदानुकूल आचरण करना ही धर्म है



**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग का आयोजन किया गया।इस अवसर पर वैदिक पुरोहित वीरेंद्र आर्य ने डा आलोक कुमार आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात गोविन्द राम व शिवम् आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किये। महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ करते हुए आर्य पुरोहित वीरेंद्र ने बताया कि सृष्टि के प्रारंभ ब्राह्म से लेकर महर्षि जैमिनी तक वेदानुकूल आचरण किया करतें रहे थे। जो वेद विरुद्ध आचरण करते हुए जड पूजा को बढ़ावा देते हैं वह अधर्म कहलाता है। पाषाणादि पूजा से परमेश्वर को कभी ध्यान में नहीं लाया जा सकता है,जड पूजा मोक्ष प्राप्ति की सीढ़ी नहीं है। जड पूजा करतें - करतें ज्ञानी कभी कोई नहीं होता अपितु अज्ञानी होकर व्यर्थ जीवन जीते हैं। लेकिन जहां वेदानुकूल आचरण होता है और जो ईश्वर को निराकार रुप मे मानकर साधना करते हैं वह मोक्ष प्राप्ति की ओर अग्रसर होते हैं। वेदो में जड पूजा का कोई स्थान नहीं है।इसलिए वेदानुकूल आचरण ही धर्म कहलाता है। इस अवसर पर डा राममुनि रमेश सिंह आर्य एडवोकेट, मयंक आर्य विजय कौशिक सुमित आर्य प्रज्ञांशु आर्य यशपाल आर्य, राकेश कुमार आर्य दिनेश दीक्षित, अरबिंद आर्यबंधु निर्मल आर्य, सूर्य प्रकाश द्विवेदी मथुरा प्रसाद आर्य, राजपाल सिंह नागर निहाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### बीएलओ द्वारा आत्महत्या करने पर शिक्षकों ने रखा दो मिनट का मौन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की रविवार को आयोजितआपात बैठक शिक्षक भवन में सम्पन्न हुई।बैठक में विकास क्षेत्र भगतपुर के कम्पोजिट विद्यालय जाहिदपुर में कार्यरत सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार के द्वारा बी एल ओ (ैप्) कार्य पूर्ण न होने के कारण आत्म हत्या करने पर मौन रखकर शोक प्रकट किया गया।बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा ने कहा की यह अत्यंत दु:खद घटना है। पूरा संगठन पीड़ित परिवार के साथ है।बैठक में संजय सिंह, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ कपिल सिरोही, अनिल गिल, कुलदीप शर्मा, पर्णब शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 1 दिसम्बर 2025

# सिर्फ औपचारिकता

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार (आज) से शुरू हो रहा है। जैसाकि एक परंपरा बन गई है, कोई भी सत्र शुरू होने से पूर्व सरकार सर्वदलीय बैठक बुलाती है। इसके पीछे उसका मकसद होता है कि जो भी विपक्ष के साथ उसके मतभेद हैं, उनको बैठकर पहले ही हल कर लिया जाए, जिससे संसद की कार्रवाई सुचारू रूप से चल सके। रविवार को भी सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। जैसाकि होता है संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजि.जू ने बैठक के बाद कहा भी कि सभी दलों के साथ बैठक अच्छी रही, उपयोगी रही और सबसे बड़ी बात सौहार्दपूर्ण रही, जिसमें विपक्ष के सभी नेताओं ने अपनी बात रखी। इसके लिए रिजिजू ने सभी का आभार भी व्यक्त किया। वहीं कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक को एक औपचारिकता बताया और उसके नेता जयराम रमेश ने कह भी दिया कि सरकार को अपनी आदत के अनुसार मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं। जाहिर है शीतकालीन सत्र ऐसे समय में हो रहा है, जब पूरे देश में एसआईआर का मुद्दा गर्माया हुआ है। विपक्ष पहले से ही इस पर सरकार को घेरता रहा है और अभी भी घेरने का इरादा जता रहा है। कांग्रेस के नेता गौरव गोगोई ने कहा भी कि कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक में दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा, दिल्ली में वायु प्रदूषण के संकट को रखा, लोकतंत्र की सुरक्षा का मामला उठाया और उनकी नजर में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण एक गंभीर मामला है और इस पर चर्चा होनी चाहिए। अब देखना होगा कि जब सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होगा, उसका नजारा कैसा होगा। जहां तक बात सर्वदलीय बैठक की है यह तो हर बैठक में होता है। सत्ता पक्ष व विपक्ष संसद को चलने देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात करते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर किस तरह का वातावरण रहता है इससे हम अच्छी तरह वाकिफ हैं, तमाम समय नारेबाजी और शोर शराबे में ही बीत जाता है। अब की बार यूं भी यह सत्र बेहद छोटे होने जा रहा है। सरकार ने केवल 19 दिनों के लिए ही इसे बुलाया है और इसमें सिर्फ 15 दिन चर्चा होनी है। शायद यह सबसे छोटा सत्र होगा। इतना छोटा सत्र बुलाने की क्या आवश्यकता होगी, जबकि देश के सामने इस समय कई बड़े और गंभीर मुद्दे मौजूद हैं और उन पर बेबाकी से देश चर्चा होते देखना चाहता है, लेकिन जिस तरह का अब तक का अनुभव रहा है, उससे कोई बहुत ज्यादा उम्मीद जगती दिखाई नहीं देती। सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जिस तरह तनाव की खाई बढ़ती जा रही है। यह हमारे लोकतंत्र के लिए जरा भी ठीक नहीं है, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अवसरवादिता पूरी तरह हावी हो चली है। विचारों की लड़ाई कहीं पीछे रह गई है। इसकी जगह आपसी रंजिश ने ले ली है।

## सर्वदलीय बैठक महज एक खानापूर्ति



शीतकालीन सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलाई सर्वदलीय बैठक को महज एक औपचारिकता रही, सरकार को मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं, कल से शरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के एजेंडे पर चर्चा के लिए मोदी सरकार की बुलाई गई सर्वदलीय बैठक महज एक खानापूर्ति है, यह सत्र 15 दिनों का है और यह संसदीय इतिहास का सबसे छोटा सत्र होगा, मोदी सरकार ने पारित होने के लिए 13 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं, इनमें से एक अध्यादेश का स्थान लेता है और दो लोकसभा की एक समिति के पास है, जो विधेयक पेश किए जाने हैं, उनमें दस विधेयकों की संबंधित स्थायी समिति द्वारा जांच नहीं की गई है।

**–जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव**

# सुरक्षा, जागरूकता और संवदेनशीलता ही है एड्स से बचाव की कुंजी






**योगेश कुमार गोयल**

न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में लोगों के लिए 'एड्स' आज भी एक भयावह शब्द है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एचआईवी संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2023 के अंत तक 3.95 करोड़ लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है, जो इस वर्ष व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन लाना विषय के साथ मनाया जा रहा है। वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है। दरअसल 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी सार्कोमा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी ग्रिड नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिए होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात् इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है। यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति एड्स कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिए 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिए बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है।

डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकांशत: लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच।आई।वी। परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है। इस दिशा में लोगों में जागरूकता पैदा करने के संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भले ही कितने भी दावे किए जाएं पर एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव के सामने आने वाले मामले विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की पोल खोलते नजर आते हैं। देशभर में ऐसे बहुत से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और उनके परिवार हैं, जिन्हें एचआईवी संक्रमण का खुलासा होने के बाद समाज और अपने ही लोग हिकारत भरी नजरों से देखते थे। वास्तविकता यही है कि लोगों में एड्स के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे, जिस स्तर पर होने चाहिएं। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपक.ाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रसारित-प्रकाशित कराने तक ही सीमित है और शायद यही कारण है कि 21वीं सदी में जी रहे भारत के बहुत से पिछड़े ग्रामीण अंचलों में खासतौर से महिलाओं ने तो एचआईवी संक्रमण जैसे शब्द के बारे में कभी सुना तक नहीं। तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं। तमाम दावों के बावजूद आज भी समाज में एड्स रोगियों को बहुत सी जगहों पर तिरस्कृत नजरों से ही देखा जाता है। एड्स पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरत है प्रत्येक गांव, शहर में इस संबंध में गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनियां इत्यादि के आयोजनों की ताकि लोगों को सरल एवं मनोरंजक तरीकों से ही इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके। एड्स जैसे विषयों पर सार्वजनिक चर्चा करने से बचने की प्रवृत्ति तथा एड्स पीड़ितों के प्रति बेरूखी व संवेदनहीनता की प्रवृत्ति अब हमें त्यागनी ही होगी। इसके अलावा प्रचार एवं प्रसार माध्यमों को भी इस दिशा में अहम भूमिका निभानी होगी। विश्व भर में एड्स की महामारी पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सुरक्षित सैक्स एवं अन्य आवश्यक सावधानियों के लिए भी प्रेरित करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# डांसिंग भालू: शोषण से संरक्षण तक की यात्रा

**भारतीय संदर्भ में यह उपलब्धि दिखाती है कि जब नागरिक समाज, राज्य और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं मिलकर काम करती हैं, तो अवैध शिकार, वन्यजीव तस्करी और मानवीय शोषण जैसी जटिल समस्याओं के भी स्थाई समाधान संभव हैं। फॉरेस्ट वॉच जैसी एंटी पोचिंग इकाइयां यह स्पष्ट करती हैं कि केवल भालू नचाने की प्रथा खत्म कर देना काफी नहीं, अवैध शिकार की अर्थव्यवस्था पर लगातार निगरानी और कार्रवाई भी उतनी ही जरूरी है। डांसिंग भालू प्रथा का अंत एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, पर इसे सफलता की अंतिम रेखा नहीं, बल्कि एक मॉडल के रूप में देखा जाना चाहिए जिसे अन्य वन्यजीवों और समुदायों पर भी लागू किया जा सकता है।**



**विनीत नारायण**

स्लॉथ भालुओं का लंबे समय तक चला डांसिंग भालू शोषण मॉडल आज लगभग समाप्त हो चुका है और इसके केंद्र में एक संगठित, मानवीय व वैज्ञानिक दृष्टि से समर्थ संरक्षण आंदोलन खड़ा है। यह बदलाव केवल एक प्रजाति को बचाने की कहानी नहीं, बल्कि कानून, करुणा और समुदाय-आधारित पुनर्वास के अनोखे संतुलन का उदाहरण भी है। सदियों तक स्लॉथ भालुओं को सड़कों पर नचाने, करतब दिखाने और मनोरंजन का साधन बनाने की परंपरा जारी रही, जिसे कलंदर समुदाय की रोजी-रोटी का आधार माना गया। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत यह प्रथा दंडनीय अपराध है, फिर भी सामाजिक आर्थिक निर्भरता और ढीले अमल के कारण यह व्यापार दशकों बाद तक जारी रहा। ऐसे माहौल में वाइल्डलाइफ एसओएस जैसी संस्था का हस्तक्षेप केवल रेस्क्यू ऑपरेशन भर नहीं था, बल्कि इसने राज्य, कानून और हाशिए पर खड़े समुदाय के बीच एक संवाद की नई भाषा गढ़ी। आगरा, बैंगलुरु, भोपाल और पुरुलिया में भालू संरक्षण केंद्रों की स्थापना ने दिखाया कि पशुध्कल्याण तभी टिकाऊ है जब उसके साथ मानवीय पुनर्वास की समांतर संरचना खड़ी की जाए। डांसिंग भालू प्रथा को समाप्त करने की सबसे बड़ी नैतिक चुनौती यह थी कि कलंदर समुदाय की आजीविका उसी शोषण पर टिकी थी, जिसे कानून रोकना चाहता था।

केवल दमनकारी कार्रवाई से भालू तो शायद छिटपुट रूप से बचाए जा सकते थे, पर समुदाय और कानून दोनों के बीच अविश्वास और बढ़ता। यहां वाइल्डलाइफ एसओएस का मॉडल उल्लेखनीय है, जिसने कलंदरों के लिए वैकल्पिक रोजगार, कौशलघ्विकास, सीड फंडिंग और विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर दिया। लगभग 5,000 से अधिक कलंदर परिवारों को व्यावसायिक प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता देकर वन्यजीव शोषण से अलग आजीविका की ओर मोड़ना सामाजिक न्याय और संरक्षण को एक साथ आगे बढ़ाने का उदाहरण है। डांसिंग भालू व्यापार के खात्मे के साथ-साथ सवाल यह भी था कि बचाए गए सैकड़ों भालुओं की जीवनभर देखभाल कैसे हो। इन भालुओं पर वर्षों के शारीरिक-मानसिक अत्याचार, दांत तोड़ने से लेकर नाक में छेद कर रस्सी डालने जैसी क्रूर प्रथाओं के गहरे घाव रहे हैं, जिनसे वे जंगली जीवन में लौट ही नहीं सकते। आगरा भालू संरक्षण केंद्र सहित देश भर के रेस्क्यू फैसिलिटीज में 90 दिन का क्वारंटाइन, टीकाकरण, पोषण प्रबंधन, दंत उपचार, सर्जरी, थर्मल इमेजिंग, डिजिटल एक्सघ्रे और वृद्ध भालुओं के लिए विशेष जेरियाट्रिक केयर जैसे प्रावधान दिखाते हैं कि आधुनिक पशुघ्चिकित्सा और एथोलॉजी को गंभीरता से अपनाया गया है। बड़े प्राकृतिक बाड़ों में भोजन खोजने, पेड़ों पर चढ़ने, मिट्टी खोदने और सामाजिक संपर्क जैसे व्यवहारों को प्रोत्साहित करना कैद नहीं, बल्कि पुनर्वास की वैज्ञानिक परिकल्पना को सामने लाता है। भारत में अंतिम डांसिंग भालू अदित का 2009 में बचाया जाना इस कुप्रथा के औपचारिक अंत का प्रतीक है, लेकिन इससे जुड़े नैतिक और नीतिगत प्रश्न यहीं समाप्त नहीं होते। क्या वन्यजीव संरक्षण केवल कानून की भाषा में सीमित रह सकता है, या उसे सामाजिक सुधार, गरीबी उन्मूलन और शिक्षा की नीतियों के साथ जोड़कर देखना अनिवार्य है? कलंदर समुदाय में बाल विवाह पर रोक, महिलाओं के लिए सिलाईघ्शिल्प केंद्र और बच्चों के लिए ट्यूशन सेंटरों से जुड़े प्रयास दिखाते हैं कि जब संरक्षण नीति समुदाय केंद्रित होती है, तब वह समानांतर रूप से मानवाधिकार, शिक्षा और लैंगिक न्याय के एजेंडा को भी आगे बढ़ा सकती है। 17,000 से अधिक बच्चों को शिक्षा सहायता और 4,000 से अधिक महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिलाना वन्यजीव नीति को सिर्फ जानवरों की नीति मानने की संकीर्ण दृष्टि को चुनौती देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यह है देश में चल रही स्पेशल रेलगाड़ियों के संचालन की सच्चाई



**तनवीर जाफरी**

गत दिनों अपने किसी निजी कार्यवश अचानक बिहार जाने का कार्यक्रम बन गया। प्राय: शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मेरा दरभंगा आना जाना होता है परन्तु इस बार चूंकि मात्र एक सप्ताह पूर्व ही दरभंगा जाने की तिथि निर्धारित हुई इसलिए शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस में आरक्षण न मिल पाने के चलते आने जाने हेतु अन्य विकल्प तलाश करने पड़े। ऐसे ही वैकल्पिक ट्रेन थी अमृतसर-जयनगर स्पेशल ट्रेन यानी 04652, इस ट्रेन के अमृतसर से अंबाला पहुंचने का निर्धारित समय दोपहर 2 बजकर 50 मिनट था और दरभंगा पहुंचने का निर्धारित समय अगले दिन शाम 5:30 बजे था अर्थात पूरी यात्रा लगभग 26 घंटे 30 में तय होनी थी परन्तु यह ट्रेन अगले दिन शाम 5:30 बजे दरभंगा पहुंचने के बजाए तीसरे दिन सुबह लगभग 8:30 बजे पहुंची। यानी यह स्पेशल ट्रेन 04652 लगभग 15 घंटे की देरी से दरभंगा पहुंची। इतना ही नहीं जहां दूसरी मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स का अंबाला-दरभंगा का ए सी थ्री का किराया लगभग 1500 रूपए है वहीं इस तथाकथित स्पेशल ट्रेन के नाम पर यात्रियों से किराया भी करीब 2000 रुपये वसूल किए गए।

इसी तरह वापसी के लिए भी जिस ट्रेन में ए सी थ्री श्रेणी में आरक्षण मिल सका वह भी दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन 02569 थी। इसका भी दरभंगा से छूटने का निर्धारित समय सुबह 6 बजकर 30 मिनट था परन्तु यह वहां से प्रात: 9 बजकर 40 मिनट पर यानी तीन घंटा दस मिंट के विलंब से रवाना हुई और अपने निर्धारित समय यानी अगले दिन सुबह 4 बजे नई दिल्ली पहुंचने वाली यह स्पेशल ट्रेन लगभग 1:30 बजे दोपहर अर्थात करीब दस घंटे की देरी से नई दिल्ली स्टेशन पहुंच सकी। इसका भी एसी थ्री श्रेणी का किराया 1900 रुपये था जबकि अन्य सामान्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में 1500 के आस पास होता है। इस लेट लतीफी के परिणाम स्वरूप कितने यात्रियों को किन किन परेशानियों का सामना करना पड़ा रेल विभाग को इससे कोई लेना देना नहीं। रास्ते में ट्रेन में खाने पीने व वाशरूम में जल आपूर्ति संबंधी कैसी कैसी परेशानियों का सामना यात्रियों ने किया रेल विभाग से इसका भी कोई वास्ता नहीं। रेल विभाग को तो यात्रियों की जेब से श्स्पेशल ट्रेनश के नाम पर ठगे गए फालतू किराए भर से ही मतलब है।

इस समय आपको देश के कई भाग से इसी तरह की अनेक ट्रेन स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलती दिखाई दे जाएंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें अधिकांश स्पेशल या क्लोन ट्रेन इसी तरह घंटों नहीं बल्कि दिन के हिसाब से लेट चल रही हैं। जानक.ारी जुटाने पर पता चला कि यह वही ट्रेन्स हैं जिन्हें पिछले दिनों त्योहारों के दौरान स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलाया गया था, परंतु चूंकि इसका किराया अन्य ट्रेन्स की तुलना में काफी अधिक है और यात्रियों की संख्या अधिक होने के चलते यह ट्रेन्स त्यौहार खत्म होने के बावजूद अभी भी यात्रियों की भारी भीड़ ढो रही हैं इसलिए रेल विभाग भी इसे अपनी कमाऊ योजना समझकर त्यौहार खत्म होने के बावजूद अभी भी चला रहा है।अब चूंकि इस तरह की स्पेशल या क्लोन रूपी ट्रेन्स सप्ताह में 3 या चार दिन ही चलती हैं इसलिए इनके एक या दो दिन लेट हो जाने पर भी रेल विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ता। हां यात्रियों को जो परेशानियां उठानी पड़ती है उसका रेल विभाग या सरकार से कोई वास्ता ही नहीं। किसी यात्री की अस्पताल में डॉक्टर से महीनों पहले ली गई अपॉइंटमेंट निरस्त हो जाती है जिससे उसकी जान व सेहत प्रभावित होती है। किसी की परीक्षा छूट जाती है किसी को नौकरी ज्वाइन करनी होती है किसी को शादी ब्याह में शामिल होना होता है। गोया लोगों की तरह तरह की व्यस्तताओं पर रेल विभसग की लेट लतीफी पानी फेर देती है। जब स्पेशल



या क्लोन ट्रेन के नाम पर संचालित रेलगाड़ियों की यह स्थिति है तो सामान्य ट्रेन्स की हालत का अंदाजा भी आसानी से लगाया जा सकता है। खासकर बिहार की ओर जाने वाली गाड़ियां तो लगभग हमेशा ही विलंब व अति विलंब से ही चलती हैं। सुबह की ट्रेन शाम व शाम को पहुंचने वाली ट्रेन का अगले दिन सुबह अपने गंतव्य तक पहुंचना तो गोया आम बात हो चुकी है।

सच तो यह है कि सरकार की प्राथमिकताओं में पहले से चल रही सामान्य एक्सप्रेस व मेल ट्रेन्स को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित करना नहीं बल्कि वंदे भारत ट्रेन्स की संख्या बढ़ाना है। वंदे भारत ट्रेन्स संचालित करने के पीछे भी यही कहानी है कि इसमें अन्य ट्रेन्स की तुलना में किराया काफी अधिक है जिसे साधारण व्यक्ति खासकर 5 किलो मुफ्त राशन पर जीने को मजबूर व 10 हजार रूपये लेकर वोट डालने वाली महिलाएं तो कम से कम सहन नहीं कर सकतीं। सरकार की दूसरी प्राथमिकता देश के चुनिंदा रेल स्टेशन को चमकाने व उनका रंग रोगन करने की है। भले ही इन स्टेशन पर भिखारी कुत्ते गाय सांड आदि क्यों न डेरा जमाए हों। देश के अधिकांश रेलवे स्टेशन दशकों से नशेड़ियों व अपराधियों की शरण स्थली बने हुए हैं। आज भी देश के अनेक स्टेशन पर लूट चोरी ,जेब कतरी,जहर खुरानी,अवैध यात्री, रिश्वत खोरी आदि अपराध धड़ल्ले से अंजाम दिए जाते हैं। शर्मनाक तो यह है कि देश के तमाम रेल स्टेशन पर बाकायदा रेल विभाग की ओर से लाउडस्पीकर से जेब कतरों से सावधान रहने, जहर खुरानी से बचने व अपने सामन की सुरक्षा करने जैसी घोषणाएं बार बार की जाती हैं परन्तु सरकार के पास यात्रियों को सुरक्षित व आरामदायक यात्रा मुहैया कराने की न तो कोई योजना है और शायद न ही यह उसकी भावी योजनाओं का हिस्सा प्रतीत होती है, बल्कि सरकार तो बुलेट ट्रेन चलाने की योजना पर काम कर रही है। शायद बिहार जैसे राज्यों से आने वाले ताजातरीन चुनाव परिणामों के बाद सरकार इस निष्कर्ष पर भी पहुंच चुकी है कि यू पी व बिहार जैसे घनी आबादी वाले राज्यों की जनता जब मुफ्त राशन व नकद पैसों के बदले वोट दे ही देती है तो उसे निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ट्रेन संचालन जैसे विषय से क्या लेना देना और जिस जागरूक व शिक्षित वर्ग के रेल यात्री ट्रेन्स की लेटलतीफी या ट्रेन संचालन की अन्य त्रुटियों से प्रभावित होते भी हैं या इसे महसूस करते हैं उनकी संख्या लाभार्थी मतदाताओं से तो आखिर कम ही है? जो भी हो परन्तु कुल मिलाकर यही है देश में चल रही श्स्पेशल रेल गाड़ियों के संच.ालन की सच्चाई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी ड्रोन हमले में अल-कायदा के दो आतंकवादी मारे गए

**सना।** यमन में मारिब प्रांत के पूर्व में अल वादी जिले के अल-हुसून इलाके में शनिवार को एक अमरीकी ड्रोन हमले में अल-कायदा के दो कथित आतंकवादी मारे गए। एक स्थानीय सरकारी सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने कहा कि दोनों युवक अल-वादी ज़िले के थे, लेकिन उन्होंने अपने नाम नहीं बताए। यह हमला यमन में चल रहे आतंकवाद निरोध अभियान के बीच हुआ, जहां अमरीकी ड्रोन ने समय-समय पर उन लोगों को निशाना बनाया है जिनके बारे में माना जाता है कि वे अल-कायदा समेत आतंकवादी समूह से जुड़े हैं।

### वेनेजुएला ने अमेरिकी धमकी की निंदा की

**काराकास।** वेनेजुएला ने शनिवार को अमेरिका के उसके हवाईक्षेत्र को बंद करने की धमकी को देश के लोगों के खिलाफ एक और फालतू, गैर-कानूनी और गलत हमला बताते हुए इसकी निंदा की है। एक आधिकारिक बयान में काराकस ने वेनेजुएला पर अलौकिक क्षेत्राधिकार लागू करने की अमेरिका की कोशिश को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इससे उसके देश की राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को खतरा है। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को पहले कहा था कि वेनेजुएला के ऊपर और आसपास के हवाईक्षेत्र को 'पूरी तरह से' बंद माना जाना चाहिए।

### मध्य मेक्सिको में गोलीबारी में छह की मौत, 10 घायल

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के हिडाल्गो राज्य के तुला शहर में अज्ञात लोगों के एक बार पर किए गए हमले में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम दस घायल हो गए। सरकारी टेलीविजन प्रसारक 'फॉर्मूला' ने यह जानकारी दी है। प्रसारक ने शनिवार देर रात बताया कि चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायलों को गंभीर हालत में तुला और पास के शहर टेपेजी के अस्पतालों में ले जाया गया जहां कुछ ही देर बाद उनकी भी मौत हो गई।

### इराक में गोलीबारी में एक सैनिक की मौत

**बगदाद।** दक्षिणी इराक के मायसन प्रांत में शनिवार को हुई गोलीबारी में एक सैनिक की मौत हो गई और एक घायल हो गया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि यह घटना अल-कहला इलाके में सुरक्षा बनाए रखने और वांछित लोगों को गिरफ्तार करने के लिए बनाई गई एक जांच चौकी पर आकस्मिक जांच के दौरान हुई। मंत्रालय ने कहा कि चार लोगों को ले जा रहा एक पिकअप ट्रक जांच चौकी पर रुका नहीं और उसने अचानक अपना रास्ता बदल लिया। जब सुरक्षा बलों ने गाड़ी का पीछा किया तो संदिग्धों ने सैनिकों पर गोलियां चला दीं।

# भारत-रूस में सैन्य रिश्ते होंगे और मजबूत

## राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस मंजूर करेगा एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौता



■ पुतिन भारत और रूस के बीच 23वें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए 4-5 दिसम्बर को भारत की यात्रा पर आने वाले हैं

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा से पहले रूसी संसद का निचला सदन भारत के साथ एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौते पर मुहर लगाने वाला है।

पुतिन भारत और रूस के बीच 23वें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए 4-5 दिसम्बर को भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत-रूस के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए 18 फरवरी, 2025 को रेसिप्रोकल एक्सचेंज आफ लाजिस्टिक एग्रीमेंट यानी रसद पारस्परिक आदान-प्रदान समझौता हुआ था। भारत की तरफ से इस पर मास्को में भारतीय राजदूत विनय कुमार व रूस की ओर से तत्कालीन उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन ने हस्ताक्षर किए थे। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, संसद के निचले सदन स्टेट डयूमा ने रूसी सरकार के नोट के साथ आरईएलओएस को अपने अनुमोदन वाले डाटाबेस में अपलोड किया है। साथ ही कहा है कि रूसी सरकार का मानना है कि दस्तावेज के अनुमोदन से सैन्य क्षेत्र में रूस और भारत के बीच सहयोग मजबूत होगा। इस समझौते का उद्देश्य संयुक्त सैन्य अभ्यास, आपदा राहत और अन्य कार्यों के लिए समन्वय को सुव्यवस्थित करना है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी के संपूर्ण क्षेत्र की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा, जिसमें राजनीति से लेकर विज्ञान और मानवीय सहयोग तक शामिल हैं। पुतिन और पीएम मोदी के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दे भी प्रमुखता से शामिल होंगे। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वार्ता के बाद दोनों पक्षों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य पारित किए जाने और विभिन्न अंतर्विभागीय एवं व्यापारिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। पीएम मोदी-राष्ट्रपति पुतिन के बीच होने वाली बातचीत में भारत का प्रयास रूस में निर्यात के लिए नया अवसर तलाशने पर होगा। गौरतलब है कि वर्तमान में भारत का रूस से आयात बहुत ज्यादा है, हालांकि इसकी तुलना में निर्यात आयात के महज दस फीसदी ही है। भारत इस स्थिति में बदलाव लाने के लिए रूस में निर्यात के लिए नए क्षेत्रों का चयन कर अपने सामानों की आपूर्ति की संभावना तलाशेगा।



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम उपचुनाव के दौरान मतदान केंद्र पर मतदाता तस्वीर के लिए पोज देते हुए।

## अप्रवासियों को पकड़वाओ, अनलिमिटेड फ्री-बीयर पाओ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इडाहो राज्य के एक फेमस बार 'ओल्ड स्टेट सैलून' ने एक चौंकाने वाला आफर दिया है। बार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि अगर कोई भी व्यक्ति अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) की मदद करके इडाहो में मौजूद किसी अवैध अप्रवासी (इमिग्रेंट) की पहचान करवाए और उसे अमेरिका से डिपोर्ट करवाने में सफल रहे, तो उसे पूरे एक महीने तक बार में अनलिमिटेड फ्री बीयर मिलेगी। कई यूजर्स ने इसे गेम जैसा बताया। वहीं, कुछ ने विनर घोषित करने और लीडर बोर्ड बनाने की सलाह दी। कुछ यूजर्स ने तो जिंदगीभर फ्री बीयर देने की मांग तक कर दी।

# नेतन्याहू ने की राष्ट्रपति से माफी की अपील

## भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी हैं, इजरायल के प्रधानमंत्री, नेतन्याहू पर केस को राजनीतिक साजिश बता चुके ट्रम्प



■ नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को अपना माफी का आवेदन भेज दिया है
■ बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ धोखाधड़ी भरोसे का उल्लंघन रिश्वत लेना शामिल हैं

**येरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने चल रहे भ्रष्टाचार मुकदमे के बीच देश के राष्ट्रपति से आधिकारिक रूप से माफी मांगी है। यह कदम इजरायल की राजनीति में बड़ा और असाधारण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी बयान में कहा गया कि नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को अपना माफी का आवेदन भेज दिया है।

वहीं राष्ट्रपति कार्यालय ने इस आवेदन को 'असाधारण और दूरगामी असर वाला कदम' बताया है। बेंजमिन नेतन्याहू इजरायल के इतिहास में पहले ऐसे मौजूदा प्रधानमंत्री हैं जिन पर भ्रष्टाचार का मुकदमा चल रहा है। उनके खिलाफ तीन बड़े मामलों में आरोप दर्ज हैं। इसमें धोखाधड़ी, भरोसे का उल्लंघन, रिश्वत लेना शामिल हैं। इन मामलों में आरोप है कि नेतन्याहू ने अमीर व्यापारियों और राजनीतिक समर्थकों से उपहार और फायदे लिए और बदले में उन्हें लाभ पहुंचाया। हालांकि, अब तक किसी भी मामले में उनकी दोष सिद्धि नहीं हुई है। वह लगातार सभी आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते रहे हैं। इजरायल के नागरिकों। मेरे खिलाफ जांच शुरू हुए लगभग दस साल हो गए हैं। इन मामलों में ट्रायल लगभग छह साल से चल रहा है और उम्मीद है कि यह कई और वर्षों तक चलेगा। जैसे-जैसे कोर्ट में मेरे खिलाफ झूठी दलीलों को पूरी तरह से गलत साबित करने वाले बयान और सबूत सामने आ रहे हैं, और जैसे-जैसे यह साफ हो रहा है कि मेरे खिलाफ सबूतों का ढांचा गंभीर अपराध करते हुए बनाया गया था, मेरा निजी हित रहा है और रहेगा कि इस प्रोसेस को आखिर तक जारी रखा जाए जब तक कि मैं सभी आरोपों से पूरी तरह बरी न हो जाऊं। लेकिन सुरक्षा और राजनीतिक हकीकत, देश के हित, कुछ और ही चाहते हैं। इजरायल देश बहुत बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है और उनके साथ-साथ खतरों को दूर करने के बहुत सारे मौके भी हैं।

इन मौकों को पाने के लिए देश की एकता जरूरी है। ट्रायल का जारी रहना हमें अंदर से तोड़ रहा है। फूट डालने की यह कोशिश फूट को और बढ़ाती है। मुझे यकीन है, देश के कई और लोगों की तरह, कि ट्रायल का तुरंत खत्म होना आग को कम करने और उस बड़े मेल-मिलाप को बढ़ावा देने में बहुत मदद करेगा जिसकी हमारे देश को बहुत जरूरत है। मैंने इस मामले पर लंबे समय से बहस की है, लेकिन हाल ही में जो हुआ है, उसने केस की सुनवाई कर रहे जजों के पैनल के फैसले की वजह से तराजू को झुका दिया है। मुझे हफ्ते में तीन बार गवाही देनी है। यह एक नामुमकिन मांग है जो इजरायल में किसी दूसरे नागरिक से नहीं की जाती। मैंने राष्ट्रपति ट्रम्प की हमारे राष्ट्रपति से बार-बार की गई अपील भी देखी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रायल को तुरंत खत्म करने की मांग की है ताकि मैं, उनके साथ मिलकर, इजरायल और अमेरिका के जरूरी हितों को ऐसे समय में और जोरदार तरीके से बढ़ावा दे सकूं जिसके वापस आने की उम्मीद कम है। इजरायल के प्यारे नागरिकों, बार-बार डेमोक्रेटिक चुनावों में मुझे चुना गया है और इजरायल के प्राइम मिनिस्टर के तौर पर सेवा करते रहने के लिए आपका भरोसा मिला है। सबसे पहले और सबसे जरूरी इन ऐतिहासिक लक्ष्यों को पूरा करना है। इन्हीं वजहों से, वकीलों ने आज राष्ट्रपति से दया की याचना की है। मुझे उम्मीद है कि देश के भले के लिए सोचने वाला हर कोई इस कदम का समर्थन करेगा। बेंजमिन नेतन्याहू का यह कदम ऐसे समय आया है जब देश में उनके खिलाफ चल रही सुनवाई समाज को राजनीतिक रूप से दो हिस्सों में बांट चुकी है। इसके अलावा, कुछ हफ्ते पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इजरायल सरकार को नेतन्याहू को माफी देने की सलाह दी थी।

### नेतन्याहू खिलाफ तीन अलग-अलग मामले दर्ज

**येरुशलम।** नेतन्याहू के खिलाफ यह मुकदमा मई 2020 में शुरू हुआ था। उन पर इजरायल में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के तीन अलग-अलग मामलों में मुकदमा चल रहा है।

**1 केस 1000 (गिफ्ट केस):**

नेतन्याहू पर हालीवुड प्रोड्यूसर अर्नोन मिलचन और आस्ट्रेलियाई अरबपति जेम्स पैकर से महंगे गिफ्ट लेने के आरोप हैं। इनमें 2 लाख डॉलर की कीमत के सिगार, शैम्पेन, ज्वेलरी आदि शामिल हैं। आरोप है कि इसके बदले नेतन्याहू ने उन्हें राजनीतिक लाभ दिया।

**2 केस 1000 (मीडिया डील केस):**

नेतन्याहू पर आरोप है कि उन्होंने येडियोट अहरोनोत अखबार के पब्लिशर से अपने लिए पाजिटिव कवरेज की डील की। इसके बदले उन्होंने प्रतिद्वंदी अखबार इजरायल हायोम को कमजोर करने वाला कानून पास करने की शर्त मंजूर की।

**3 केस 1000 (बीजेक टेलिकॉम केस):**

इस केस में नेतन्याहू पर आरोप है कि उन्होंने बीजेक नाम की टेलिकाम कंपनी को लाभ पहुंचाया और इसके बदले मालिक शाउल एलोविच के न्यूज पोर्टल वल्ला पर अपने पक्ष में खबरें छपवाईं। नेतन्याहू ने इन सभी आरोपों को झूठा और राजनीति से प्रेरित बताया है। फिलहाल इस मामले में कम से कम 2026 तक फैसला आने की उम्मीद नहीं है।

### अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में भी नेतन्याहू पर मुकदमा दर्ज

**येरुशलम।** घरेलू मुकदमों के अलावा हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने नेतन्याहू पर युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। आरोप है कि उन्होंने गाजा में आम नागरिकों को निशाना बनाया और भूख को एक रणनीति की तरह इस्तेमाल किया। हालांकि ये केस भ्रष्टाचार मामलों से अलग है, लेकिन इससे नेतन्याहू की छवि पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी असर पड़ा है।

### रूस के ऑयल टैंकर 'विराट' और 'कैरोस' पर ड्रोन अटैक

**कीव/मास्का।** रूस के दो आयल शिप (टैंकरों) पर शनिवार को ब्लैक सी में पानी के अंदर चलने वाले ड्रोन (सी बेबी) ने अटैक किया। यूक्रेन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। दोनों शिप रूस की 'शैडो फ्लीट' का हिस्सा माने जाते हैं। यह प्रतिबंधों से बचने के लिए अलग-अलग देशों के झंडे लगाकर रूसी तेल ढोते थे। पहले शिप 'विराट' पर शुक्रवार को धमाका हुआ था। शनिवार को उस पर फिर से हमला हुआ। तुर्की ने बताया कि जहाज को हल्का नुकसान हुआ है, लेकिन सभी लोग सुरक्षित हैं। जहाज तुर्की तट से लगभग 30 मील दूर था। दूसरे शिप का नाम 'कैरोस' है। हमले के बाद जहाज में आग लग गई थी।

इसमें मौजूद 25 लोग सुरक्षित निकाल लिए गए। दोनों जहाज गाम्बिया के झंडे लगाए हुए थे, लेकिन यह रूसी आयल ले जा रहे थे। हमले के समय विराट के चालक दल ने ओपन फ्रीक्वेंसी रेडियो पर मेडे काल किया था, जिसमें वे बार-बार बोल रहा था कि यह विराट है। मदद चाहिए! ड्रोन हमला! मेडे, मेडे, मेडे! यूक्रेन की सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक, यह आपरेशन एसबीयू और नौसेना ने मिलकर किया और दोनों जहाजों को इतना नुकसान हुआ है कि वे अब इस्तेमाल लायक नहीं बचे।

# हांगकांग अग्निकांड में मृतकों का आंकड़ा 146 पहुंचा

## अभी भी 150 लोग लापता, पांचवें दिन भी तलाशी, भयावह आग ने शहर को झकझोर कर रख दिया



■ यह घटना पिछले कई दशक में हांगकांग की सबसे बड़ी त्रासदी मानी जा रही है

**हांगकांग।** हांगकांग में बुधवार को लगी भयावह आग ने शहर को झकझोर कर रख दिया है। सात ऊंची आवासीय इमारतों में लगी इस आग में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 146 हो गई है। वहीं, अब भी 150 लोगों का कोई पता नहीं है और बचाव दल लगातार तलाश में जुटा हुआ है। यह घटना पिछले कई दशक में हांगकांग की सबसे बड़ी त्रासदी मानी जा रही है।

हांगकांग सरकार के सुरक्षा मंत्री क्रिस टैंग के मुताबिक, आग की शुरुआत इमारत के निचले हिस्से में लगी प्लास्टिक और फोम बोर्ड वाली जालीदार परत से हुई। हवा और ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैली और देखते ही देखते सातों इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज तापमान ने बांस से बनी निर्माण सामग्री और स्कैफोल्डिंग को भी जला दिया, जिससे जलते हुए बांस के टुकड़े गिरकर आसपास की इमारतों में आग फैलाते गए। घटना के बाद बचे हुए लोगों ने गंभीर आरोप लगाए। उनके अनुसार कई मंजिलों पर फायर अलार्म नहीं बजे, बाहर निकलने के रास्ते भी बंद थे, इमारतों में पुरानी और खराब आग सुरक्षा व्यवस्था थी। इन इमारतों में कुल 1984 फ्लैट और लगभग 4600 निवासी थे, इसलिए नुकसान काफी बड़ा है। इस हादसे में आग के तेजी से बढ़ने की वजहों की जांच चल रही है। अब तक मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है, इनमें एक महिला भी शामिल है, जो इमारतों के नवीनीकरण कार्य से जुड़ी थी। वहीं आरोप है कि निर्माण में नियमों के खिलाफ सस्ती और ज्वलनशील सामग्री का इस्तेमाल किया गया था।

इस घटना के बाद पूरे चीन में चिंता बढ़ गई है। इसी वजह से चीन सरकार ने ऊंची इमारतों, अस्पतालों, आफिसों, माल और सार्वजनिक स्थलों पर तुरंत फायर सेफ्टी जांच का आदेश दिया है। सरकार ने निर्देश दिया है कि निकासी रास्तों, पुरानी वायरिंग और ज्वलनशील निर्माण सामग्री की तुरंत जांच की जाए और खामियों को ठीक किया जाए। इस अग्निकांड में अब तक कुल 146 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 150 लोग लापता बताएं जा रहे हैं। इस हादसे में कुल सात इमारतें प्रभावित हुई हैं, जिनमें करीब 1984 फ्लैट थे।

### बांझपन पर डब्ल्यूएचओ ने वैश्विक दिशा-निर्देश जारी किए

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बांझपन के निंदान और उपचार के लिए अपने पहले वैश्विक दिशानिर्देशों में देशों से प्रजनन देखभाल को सभी के लिए सुरक्षित और अधिक किफायती बनाने का आह्वान किया है। अनुमान है कि औसतन 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में प्रजनन आयु के दौरान कभी न कभी बांझपन से प्रभावित होता है। इससे संबंधित सेवाओं की मांग दुनिया भर में बढ़ रही है लेकिन इसके उपचार तक फिलहाल बहुत ही कम लोगों की पहुंच है। बहुत से देशों में बांझपन की जांच और उपचार का खर्च लोगों को ज्यादातर अपनी जेब से वहन करने से प्रभावित व्यक्ति पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है।

# कैलिफोर्निया में बच्चे की बर्थडे पार्टी में गोलीबारी

■ चार लोगों की मौत, 10 घायल, लोग बोले: हमें लगा कि जश्न में पटाखे फूट रहे हैं

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के स्टाकटन शहर के ल्यूसिल एवेन्यू इलाके में शनिवार रात को एक बैंक्वेट हाल में अचानक गोलीबारी हो गई। इस हाल में बच्चे की बर्थडे पार्टी चल रही थी। घटना में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गोलीबारी की वजह और हमलावर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। अधिकारियों के अनुसार, कुल 14 लोगों को गोली लगी थी, जिनमें से 4 ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने कहा कि पहले हमें लगा कि बर्थडे पार्टी में पटाखे फूट रहे हैं। फिर पता चला कि गोलियां चल रही थीं। शहर के उप-मेयर जेसन ली ने फेसबुक पर लिखा कि आज मेरा दिल बहुत भारी है। एक बच्चे के जन्मदिन की पार्टी में हुई इस सामूहिक गोलीबारी से मैं दुखी और गुस्से में हूं। हमारी कम्युनिटी को सच जानने का हक है और पीड़ित परिवारों को न्याय और हर संभव मदद मिलनी चाहिए। उप-मेयर जेसन ली ने कहा कि जन्मदिन की पार्टी कभी भी ऐसी जगह नहीं होनी चाहिए जहां परिवारों को अपनी जान का डर हो। यह डरावना है। एक नेता के रूप में अपने लोगों को इससे गुजरते देखना मुझे अंदर तक झकझोर देता है।

# ब्रिटेन में भारतीय छात्र की चाकू मारकर हत्या

## झगड़े के बाद हमले का शक, विजय सरकारी नौकरी छोड़ पढ़ने गए थे



■ विजय कुमार को गंभीर चोटों के साथ सड़क पर पड़ा पाया गया था
■ अभी तक हत्या का सही मकसद साफ नहीं हो सका

**लंदन।** ब्रिटेन में 30 साल के भारतीय छात्र विजय कुमार की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। वह हरियाणा के चरखी दादरी जिले का रहने वाला था। परिवार ने भारत सरकार से तुरंत मदद, निष्पक्ष जांच और शव को जल्द से जल्द भारत लाने की गुहार लगाई है। यह दर्दनाक घटना 15 नवम्बर की रात वार्सेस्टर शहर के बारबार्न रोड पर हुई।

विजय कुमार को गंभीर चोटों के साथ सड़क पर पड़ा पाया गया था। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन कुछ देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। शुरुआती पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, हत्या से पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद उन पर चाकू से कई वार किए गए। हालांकि, अभी तक हत्या का सही मकसद साफ नहीं हो सका है और ब्रिटिश पुलिस ने इस घटना के बारे में कोई डिटेल जारी नहीं की है। चरखी दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने सोशल मीडिया पर इस घटना की जानकारी शेयर करते हुए केंद्र और राज्य सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने लिखा कि हम सरकार से अपील करते हैं कि छात्र के शव को जल्द से जल्द भारत लाया जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। परिवार का कहना है कि विजय बहुत होनहार और मेहनती छात्र था। विदेश में पढ़ाई का सपना पूरा करने गया उनका बेटा अब हमेशा के लिए खामोश हो गया। विजय ने 2025 की शुरुआत में सेंट्रल बोर्ड आफ एक्साइज एंड कस्टम्स की नौकरी से इस्तीफा दिया और ब्रिटेन में हायर एजुकेशन के लिए आवेदन किया था। वे ब्रिस्टल स्थित यूनिवर्सिटी आफ द वेस्ट आफ इंग्लैंड (यूडब्लयूई) में पढ़ाई कर रहे थे। वह कोच्चि में अपनी आखिरी पोस्टिंग पर तैनात थे, जब उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़ी थी। हरियाणा में विजय का परिवार आशंका जता रहा है कि इस अपराध में हरियाणा या पंजाब का कोई व्यक्ति शामिल हो सकता है।

# पाक सरकार गाजा में भेजेगी सैनिक

■ उप पीएम डार बोले: हमास से समर्पण करवाना हमारा काम नहीं पाकिस्तान का उद्देश्य किसी भी समूह से सरेंडर करवाना नहीं है

**इस्लामाबाद।** मध्य पूर्व में जारी गाजा संकट को लेकर पाकिस्तान ने बड़ा कदम उठाया है। उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने घोषणा की कि पाकिस्तान गाजा में इंटरनेशनल सिक्योरिटी फोर्स की सहायता के लिए सैनिक भेजेगा। डार ने यह भी स्पष्ट किया कि पाकिस्तान का उद्देश्य किसी भी समूह से समर्पण करवाना नहीं है, यह फलस्तीनी प्रशासन और अंतर्राष्ट्रीय कानून का विषय है।

डार ने कहा कि गाजा में किसी भी मिशन से पहले इस बात की जरूरत है कि सैनिकों की भूमिका, विनियमन, अधिकार और जिम्मेदारियां बिल्कुल स्पष्ट हों। आईएसएफ का मुख्य उद्देश्य युद्धोपरांत गाजा पट्टी में स्थिरता, सुरक्षा और मानवीय व्यवस्था को बहाल करना है। डार ने साफ कहा कि हमास से समर्पण करवाना पाकिस्तान का काम नहीं है। यह फलस्तीन के कानून और संबंधित अधिकारियों का दायित्व है, अन्य देशों को इसमें दखलंदाजी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान केवल शांति और स्थिरता बहाल करने वाले अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में योगदान देगा। डार ने यह भी दावा किया कि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान 4000 सैनिकों की मौत और 20000 से अधिक जवानों के घायल होने जैसी भारी कीमत चुका चुका है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता संभालने के बाद पाकिस्तान को सुरक्षा और आतंकवाद के मोर्चे पर गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) के लड़ाकों को सीमा इलाके में पनाह नहीं दी जानी चाहिए। डार ने दावा किया कि हाल में तालिबान सरकार ने उन्हें जानकारी दी कि सैकड़ों टीटीपी उग्रवादियों को हिरासत में लिया गया है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108